CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :$25^{\circ}C$
न्यूनतम: $24^{\circ}C$

हल्द्वानी, मंगलवार 2 सितम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 7 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 9 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



परिषदीय स्कूलों के विलय मामले में अगली सुनवाई 22 सितम्बर को पेज 2




महिला वनडे विश्वकप: पुरस्कार राशि में चार गुना वृद्धि खेल टाइम्स



जल प्रलय के संदेश सम्पादकीय



कृति सैनन बनीं यूएनएफपीए की मानद राजदूत पेज 12

# अफगानिस्तान में भूकंप से तबाही

## गांव के गांव बर्बाद, 800 लोगों की मौत, 2500 घायल

काबुल, वार्ता

**पूर्वी अफगानिस्तान** में आए एक शक्तिशाली भूकंप में लगभग 800 लोगों की मौत हो गई। अब तक 2,500 से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर है। रविवार देर रात 6.0 तीव्रता का भूकंप नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर के पास कुनार प्रांत के कई कस्बों में आया, जिससे भारी नुकसान हुआ।

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, रात 11:47 बजे आए भूकंप का केंद्र नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर से 27 किलोमीटर पूर्व-उत्तर-पूर्व में था। इसकी गहराई महज 8 किलोमीटर थी। कम तीव्रता वाले भूकंप ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। इसके बाद भी इलाके में कई झटके आए। सोशल मीडिया और समाचार चैनलों पर प्रसारित वीडियो फुटेज में बचावकर्मी घायल लोगों को ढही हुई इमारतों से स्ट्रेचर पर उठाकर हेलीकॉप्टरों में ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि कई लोग अपने हाथों से मलबा हटाने की कोशिश कर रहे हैं। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मृतकों की संख्या बढ़कर 800 हो गई है। 2,500 लोग घायल हुए हैं। ज्यादातर लोग कुनार प्रांत में हताहत हुए हैं। कुनार के सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में से एक नूरगल जिले के एक निवासी ने बताया कि लगभग पूरा गांव ही तबाह हो गया है। बच्चे मलबे के नीचे हैं। बुजुर्ग मलबे के नीचे हैं। युवा मलबे के नीचे हैं। हमें मदद की जरूरत है। हमें लोगों की जरूरत है, जो यहां आकर हमारी मदद करें। पूर्वी अफगानिस्तान पहाड़ी इलाका है। यह दूरदराज के इलाकों में फैला है। भूकंप के कारण संचार व्यवस्था बिगड़ गई है। एक जीवित बचे व्यक्ति ने बताया कि उसने अपनी आंखों के सामने घर ढहते और लोगों को मदद के लिए चीखते हुए देखा।



### मोदी ने जान-माल के नुकसान पर शोक किया व्यक्त

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अफगानिस्तान में रविवार रात आए विनाशकारी भूकंप में हुए जानमाल के नुकसान पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए भारत की तरफ से हरसंभव मानवीय सहायता प्रदान करने की पेशकश की है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट में सोमवार को कहा कि अफगानिस्तान में आए भूकंप में हुई जान-माल की हानि से अत्यंत दुखी हूं। इस कठिन घड़ी में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। भारत प्रभावित लोगों को हर संभव मानवीय सहायता और राहत प्रदान करने के लिए तत्पर है।

### भारत ने अफगानिस्तान में एक हजार तंबू और 15 टन खाद्य सामग्री भेजी

**नई दिल्ली।** भारत ने अफगानिस्तान में भूकंप से हुई भारी तबाही के बाद मदद का हाथ बढ़ाते हुए तत्काल सहायता के तौर पर वहां एक हजार तंबू तथा 15 टन खाद्य सामग्री भेजी है। विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मौलवी अमीर खान मुत्तक़ी से बात कर भूकंप के कारण हुई जान-माल की हानि पर संवेदना व्यक्त की और कहा कि इस कठिन समय में भारत अफगानिस्तान के साथ है। उन्होंने कहा कि भारत ने काबुल में एक हजार तंबू पहुंचाए हैं। काबुल स्थित भारतीय मिशन द्वारा कुनार तक 15 टन खाद्य सामग्री भी तुरंत पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत की ओर से कल और राहत सामग्री भेजी जाएगी। डा. जयशंकर ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि सोमवार को अफ़ग़ानिस्तान के विदेश मंत्री मौलवी अमीर खान मुत्तक़ी से बात की। भूकंप में हुई जान-माल की हानि पर अपनी संवेदना व्यक्त की। भारत ने आज काबुल में 1000 परिवारों के लिए तंबू पहुंचाए हैं। भारतीय मिशन द्वारा काबुल से कुनार तक 15 टन खाद्य सामग्री भी तुरंत पहुंचाई जा रही है। मंगलवार (आज) से भारत से और राहत सामग्री भेजी जाएगी। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। इस कठिन समय में भारत अफगानिस्तान के साथ है।

# उत्तराखंड: चारधाम यात्रा पांच सितम्बर तक स्थगित

## हिमाचल आपदा प्रभावित राज्य घोषित

शाह टाइम्स ब्यूरो

- हरियाणा में 2.50 लाख एकड़ में फसलों को नुकसान
- शिमला में लैंडस्लाइड, चार लोगों की मौत

**नई दिल्ली/देहरादून।** उत्तर भारत के हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश से हालात खराब हैं। हिमाचल में रविवार से तेज बारिश हो रही है। शिमला के कोटखाई, जुब्बल और जुन्गा में देर रात लैंडस्लाइड से 4 लोगों की मौत हो गई।

सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधानसभा में राज्य को आपदाग्रस्त प्रदेश घोषित किया है। चंडीगढ़-मनाली फोरलेन सहित 5 नेशनल हाईवे और करीब 800 सड़कें बंद पड़ी हैं। कुल्लू समेत 10 जिलों में सोमवार को स्कूल-कॉलेज बंद हैं। उत्तराखंड में केदारनाथ नेशनल हाईवे पर सोमवार को लैंडस्लाइड के बाद दो यात्रियों की मौत और छह लोग घायल हो गए। रेड और ऑरेंज अलर्ट के बाद चार धाम और हेमकुंड साहिब यात्रा 5 सितम्बर तक स्थगित कर दी गई है। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में लैंडस्लाइड के कारण 12 घर टूट गए। हरियाणा के 6 जिलों में भी बाढ़ जैसे हालात हैं। सिरसा में एक नहर टूटने से 50 एकड़ में खड़ी फसल पानी में डूब गई। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में अब तक 2.50 लाख एकड़ में फसलों को नुकसान हुआ है। करीब 40 हजार किसान प्रभावित हुए हैं। सोमवार सुबह हथिनीकुंड बैराज से 29,313 क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जिससे यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। दिल्ली सरकार ने बाढ़ का अलर्ट जारी किया है। पंजाब के 9 जिलों फाजिल्का, फिरोजपुर, कपूरथला, पठानकोट, तरनतारन, होशियारपुर, मोगा, गुरदासपुर और बरनाला में बाढ़ के हालात हैं। अब तक 1312 गांव बाढ़ से प्रभावित हो चुके हैं। भाखड़ा डैम में फ्लड गेट 4-4 फीट तक खोल दिए हैं। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में रविवार शाम को सड़क पर विशाल पेड़ गिर गया। वहां कई लोग और गाड़ियां खड़ी थीं। हालांकि, किसी को नुकसान नहीं पहुंचा। उत्तराखंड में सोनप्रयाग और गौरीकुंड के बीच मुनकटिया में लैंडस्लाइड हुई। इसके बाद वाहन फंसे हुए हैं। एसडीआरएफ टीम राहत कार्य में जुटी है।

### 42 दिन बाद उपराष्ट्रपति आवास से निकले धनखड़

**नई दिल्ली।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अब दक्षिणी दिल्ली के छतरपुर इलाके में स्थित अभय चौटाला के फॉर्महाउस में रहेंगे। सोमवार शाम 6 बजे उन्होंने इस्तीफे के 42 दिन बाद उपराष्ट्रपति आवास छोड़ा। इंडियन नेशनल लोकदल के प्रमुख अभय चौटाला ने बताया कि हमारे परिवार के घनखड़ जी से पुराने रिश्ते रहे हैं। हमने उनसे हमारे घर में रहने की अपील की, जो उन्होंने मान ली। धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए मानसून सत्र के पहले दिन 21 जुलाई को पद से इस्तीफा दे दिया था। तब वे सार्वजनिक कहीं नजर नहीं आए। इस दौरान विपक्ष ने हाउस अरेस्ट जैसे कई आरोप लगाए। हालांकि सरकार ने इनसे इन्कार किया। धनखड़ अब तक संसद भवन के पास उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में रह रहे थे। उनका कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था। धनखड़ अभय चौटाला के फॉर्महाउस में तब तक रहेंगे, जब तक उन्हें टाइप-8 सरकारी बंगला आवंटित नहीं कर दिया जाता, जिसके वे पूर्व उपराष्ट्रपति होने के नाते हकदार हैं।

### सकल GST राजस्व अगस्त में 6.5 % की वृद्धि के साथ 1,86,315 करोड़

**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की सकल वसूली अगस्त 2025 में सालाना आधार पर 6.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,86,315 करोड़ रुपये रही। पिछले साल अगस्त में सकल जीएसटी प्राप्ति 1,74,962 करोड़ रुपये थी। रिफंड के बाद जीएसटी से शुद्ध प्राप्ति अगस्त में 1,66,956 करोड़ रुपये रही जो पिछले साल के 1,50,791 करोड़ रुपये से 10.7 प्रतिशत अधिक है। वित्त मंत्रालय के जारी आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य माह में घरेलू बाजार के सौदों से जीएसटी की सकल वसूली 9.6 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,36,962 करोड़ रुपये रही। इसमें केंद्रीय जीएसटी का योगदान 34,076 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी का 42,854 करोड़ रुपये और आईजीएसटी का योगदान 48,639 करोड़ रुपये रहा।

### MBBS, BDS में दाखिला संबंधी तेलंगाना के नियम पर सुप्रीम मुहर

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने नौवीं से 12वीं कक्षा तक तेलंगाना में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को एमबीबीएस और बीडीएस में दाखिले से संबंधित राज्य सरकार के मूल निवास संबंधी आरक्षण का लाभ देने वाले राज्य सरकार के नियम को बरकरार रखा है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने सोमवार को तेलंगाना सरकार की अपील स्वीकार कर ली। अदालत ने उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की याचिका पर यह फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद पांच अगस्त को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। उच्च न्यायालय ने पिछले साल इस नियम को मनमाना करार दिया था। अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि मूल निवास संबंधी नियम कुछ वर्षों के लिए राज्य से बाहर गए स्थायी निवासियों के बच्चों को दाखिले से वंचित कर देगा।

# SCO ने की आतंकवाद के विरुद्ध कड़ी घोषणा

## भारत की पहल पर एससीओ देशों ने की पहलगाम हमले की निंदा

**तियांजिन / नई दिल्ली।** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों ने अप्रैल के पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है और इस हमले में शामिल लोगों, इसकी साजिश करने वालों और इसका प्रायोजन करने वालों को कानून के हवाले किए जाने पर बल दिया है।

एससीओ की तियांजिन में आयोजित 25वीं शिखर बैठक में अनुमोदित प्रस्तावों में आतंकवाद को लेकर एक कड़ा प्रस्ताव पारित किया गया। एससीओ के सदस्यों ने आतंकवाद की, उसके हर रूप और हर तरीके की कड़ी निंदा की है। संगठन ने इस विषय में भारत की पहल को स्वीकार करते हुए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से आतंकवाद का मुकाबला करने का आह्वान किया है, जिसमें सीमापार से आतंकवादियों की घुसपैठ के खिलाफ कार्रवाई का आह्वान भी शामिल है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सम्मेलन के पूर्ण अधिवेशन में कहा था कि आतंकवाद कहीं भी हो, किसी भी रूप में हो, उसका कड़ाई से मुकाबला -**शेष पृष्ठ दो पर**



### पुतिन ने यूक्रेन संकट समाधान में भारत के प्रयासों को सराहा

**तियांजिन।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन संकट में मध्यस्थता के लिए भारत और चीन के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनकी पहल ने चल रही शांति वार्ताओं को और मूल्यवान बनाया है। श्री पुतिन ने यह बात कही।

### आतंकवाद साझा चुनौती, इस पर दोहरा मापदंड मंजूर नहीं : मोदी

**तियांजिन/नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद को विकास की राह में बड़ी बाधा करार देते हुए कहा कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सभी सदस्य देशों को इस मुद्दे पर दोहरा मापदंड छोड़कर मानवता के खिलाफ इस साझा चुनौती का एकजुट होकर विरोध करने के अपने दायित्व को निभाना होगा। श्री मोदी ने सोमवार को यहां शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्र प्रमुखों के 25 वें शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए आतंकवाद के मुद्दे पर पूरी मजबूती के साथ भारत का पक्ष रखते हुए कहा कि सुरक्षा, शांति और स्थिरता किसी भी देश के विकास का आधार होते हैं लेकिन आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद इस राह में बड़ी चुनौतियां हैं।

# एटम बम से बड़ा हाइड्रोजन बम ला रहे, मोदी जी मुंह नहीं दिखा सकेंगे: राहुल

पटना, वार्ता

**राहुल गांधी** ने कहा कि महाराष्ट्र में हमसे चुनाव चोरी किया गया था। तकरीबन एक करोड़ नए वोटर लोकसभा चुनाव के बाद जोड़े जाते हैं। जितना हमें लोकसभा में मिला, उतना विधानसभा में गया। नए सारे वोट भाजपा के खाते में चले गए। क्योंकि, चुनाव आयोग और भाजपा ने मिलकर वोट चोरी की।

हमने साफ दिखाया कि एक क्षेत्र में एक लाख से ज्यादा फर्जी वोटर थे। हमने डाटा के साथ दिखाया। चुनाव आयोग हमें वोटर लिस्ट नहीं देती। सीसीटीवी नहीं दिखाती। चार महीने, 16-17 घंटे काम कर हमने देश के सामने सबूत रखा। बिहार के युवाओं को मैं कहना चाहता हूं, वोट चोरी का मतलब अधिकार की चोरी, आरक्षण की चोरी, रोजगार की चोरी, शिक्षा की चोरी, लोकतंत्र की चोरी, युवाओं के भविष्य की चोरी। यह आपकी जमीन, आपका राशन कार्ड लेकर अडानी- अंबानी को दे देंगे। महात्मा गांधी की हत्या करने वाली शक्ति संविधान की हत्या करने की कोशिश कर रहे हैं। हम इन्हें संविधान की हत्या नहीं करने देंगे। हमने बिहार की यात्रा की। बिहार के सारे के सारे युवा खड़े हो गए।



चुनाव आयोग और भाजपा ने मिलकर वोट चोरी की

# अल्पसंख्यक स्कूलों को RTE छूट वाले फैसले पर SC संशय में

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 2014 के प्रमति एजुकेशनल एंड कल्चरल ट्रस्ट मामले के उस फैसले पर गंभीर सवाल उठाए हैं, जिसमें कहा गया था कि अल्पसंख्यक स्कूलों को बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा देने वाले कानून (आरटीई एक्ट, 2009) से छूट है।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस आगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि उन्हें इस फैसले की सही होने पर संदेह है और उन्होंने यह मुद्दा मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई के पास भेज दिया है। आरटीई एक्ट के तहत छह से 14 वर्ष तक के बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार दिया गया है। कानून में प्रावधान है कि निजी स्कूलों को 25 प्रतिशत सीटें कमजोर वर्गो और वंचित तबकों के बच्चों के लिए सुरक्षित रखनी होंगी। लेकिन 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने प्रमति केस में यह कहा था कि अल्पसंख्यक स्कूलों को इस प्रावधान से छूट दी जाएगी। मौजूदा पीठ ने सवाल उठाया कि क्या यह छूट सही है और क्या इसे दोबारा विचार की जरूरत है। पीठ ने कहा कि अगर आरटीई एक्ट अल्पसंख्यकों के अधिकारों (अनुच्छेद 30) का उल्लंघन करता है, तो प्रमाटी फैसले में यह विचार करना चाहिए था कि धारा 12(1)(ब) को उस समुदाय के कमजोर तबके के बच्चों तक सीमित कर पढ़ा जा सकता था। अदालत ने कहा कि पूरी तरह छूट देना सही नहीं था।



- सीजेआई के पास भेजा मामला

### इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल विवाद: सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिना इथेनॉल वाले पेट्रोल का विकल्प दिए 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की बिक्री को उपभोक्ता अधिकारों के खिलाफ होने का दावा करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने याचिकाकर्ता अक्षय मल्होत्रा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शादान फरासत की गुहार ठुकरा दी। पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता फरासत ने नीति आयोग की 2021 की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि उस रिपोर्ट में इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल मानकों का पालन न करने वाले पुराने वाहनों के प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त की गई है। अधिवक्ता मल्होत्रा की इस याचिका में दावा किया गया था कि यह उन लाखों वाहन मालिकों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है, जिनके वाहन इथेनॉल मिश्रण के अनुकूल नहीं हैं। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता ने केवल प्रसिद्धि पाने के लिए इस मामले में शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि इस याचिका के पीछे एक बड़ा गुट काम रहा है।

# सम्भल मस्जिद विवाद में यथास्थिति बढ़ी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सुप्रीम कोर्ट ने दो हफ्ते के लिए बढ़ाई समयसीमा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के सम्भल मस्जिद विवाद में यथास्थिति बनाए रखने के अपने आदेश को दो हफ्ते के लिए बढ़ा दिया।

न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक राधे की पीठ ने कहा कि इस मामले में जामा मस्जिद सम्भल की प्रबंधन समिति की ओर से दो अपीलें दायर की गई थीं, जिनका प्रतिनिधित्व इसके सचिव (पहली याचिका) और उपाध्यक्ष (दूसरी याचिका) कर रहे थे। इसके बाद शीर्ष अदालत ने अपनी रजिस्ट्री को मामले की जांच करने और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। मुकदमे में हिंदू पक्षकारों की ओर से पेश हुए अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने यथास्थिति बढ़ाने का विरोध किया। हालांकि, मस्जिद प्रबंधन का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने रिपोर्ट प्रस्तुत होने तक अवधि बढ़ाने की मांग की। शीर्ष अदालत इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक आदेश के खिलाफ मस्जिद समिति की ओर से दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी।

## संक्षिप्त समाचार

### परिषदीय स्कूलों के विलय मामले में अब सुनवाई 22 को

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने उत्तर प्रदेश के परिषदीय स्कूलों के विलय मामले में अगली सुनवाई की तारीख 22 सितंबर को नियत की है। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ल की खंडपीठ ने सोमवार को यह आदेश मामले में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध विशेष अपीलों पर दिया हैं। बीती 24 जुलाई को उच्च न्यायालय ने विलय प्रक्रिया में उजागर हुई स्पष्ट अनियमित. ताओं के मद्देनजर सीतापुर के स्कूलों के विलय पर यथास्थिति बरकरार रखने का आदेश दिया था।

### नन्ही मायरा बोली प्रवेश करा दीजिए डाक्टर बनना है

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दर्शन कार्यक्रम में अपनी मां के साथ आई कानपुर की नन्हीं बच्ची ने कहा कि स्कूल में एडमिशन करा दीजिए, वह डाक्टर बनना चाहती है। योगी ने पास खड़े अधिकारियों से बच्ची के एडमिशन तुरंत कराने के निर्देश दिए। अपने सरकारी आवास में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 50 से अधिक फरियादियों की समस्याएं जानी।

### टीसीए कल्याणी ने महालेखा नियंत्रक का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी टीसीए कल्याणी ने सोमवार को वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग में महालेखा नियंत्रक (सीजीए) का पदभार संभाला। मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुए कहा कि आईसीएएस की 1991 बैच की अधिकारी श्रीमती कल्याणी इस प्रतिष्ठित पद पर आसीन होने वाली 29वीं अधिकारी हैं।

# उत्तर प्रदेश में आज भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में रुक रुककर बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक कई जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर प्रदेश में सितंबर में सामान्य से अधिक बारिश होगी।

मौसम विभाग ने 15 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 2 सितंबर तक भारी बारिश की आशंका है। लखनऊ सहित कई जिलों में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है इसलिए सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मानसूनी रेखा उत्तर की ओर खिसकी है। इस कारण दो सितंबर तक कहीं भारी तो कहीं अत्यधिक भारी बारिश होगी।



■ मुजफ्फरनगर समेत 15 जिलों में ऑरेंज अलर्ट

लखीमपुर खीरी, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं व आसपास के इलाकों में भारी बारिश की संभावना है। चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मीरजापुर, भदोही, बहराइच, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बारा. बंकी, रायबरेली, अमेठी, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, एटा, मैनपुरी व आसपास के इलाकों में भी अधिक बारिश के आसार हैं।

# जेलों में गंभीर बीमार बंदियों की समयपूर्व रिहाई के नियम सरल किए जाएंः सीएम योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंभीर बीमारियों से ग्रसित बंदियों की समयपूर्व रिहाई से संबंधित नियमों को और अधिक सरल, स्पष्ट तथा मानवीय दृष्टिकोण से परिभाषित किए जाने की आवश्यकता जताई।

सोमवार को कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाओं की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का अनुपालन करते हुए प्रदेश की नीति को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि पात्र बंदियों की रिहाई स्वत: विचाराधीन होनी चाहिए और इसके लिए उन्हें अलग से आवेदन न करना पड़े। उन्होंने निर्देश दिए कि प्राणघातक रोग से पीड़ित होने की आशंका वाले सिद्धदोष बंदी, जिसे मुक्त करने पर उसके स्वस्थ होने की उपयुक्त संभावना है तथा वृद्धावस्था, अशक्तता या बीमारी के कारण भविष्य में ऐसा अपराध करने में स्थाई रूप से असमर्थ बंदी, जिसके लिए वह दोषी ठहराया गया हो



■ कारागार प्रशासन व सुधार सेवाओं की समीक्षा बैठक में बोले सीएम

के साथ-साथ घातक बीमारी या किसी प्रकार की अशक्तता से पीड़ित सिद्धदोष बंदी जिसकी मृत्यु निकट भविष्य में होने की संभावना हो, के संबंध में प्रदेश के सभी कारागारों में सर्वेक्षण कर वास्तविक संख्या का आकलन किया जाए।

इनमें महिलाओं, बुजुर्गों को प्राथमिकता के आधार पर रिहा करने की व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री ने कैदियों को कृषि, गोसेवा आदि कार्यों से जोड़कर उनकी जेल अवधि के सदुपयोग करने के लिए व्यवस्था बनाने की भी आवश्यकता बताई।

### पारदर्शिता बढ़ाने को शीघ्र लागू होगा नया सोसाइटी पंजीकरण एक्ट: योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के स्थान पर उत्तर प्रदेश में नया कानून लागू किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि सोसाइटी के रूप में पंजीकृत संस्थाओं के पंजीकरण, नवीनीकरण तथा उनकी संपत्तियों के पारदर्शी प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए युगानुकूल और व्यावहारिक प्रावधान किए जाने चाहिए। वर्तमान अधि. नियम में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने, निष्क्रिय अथवा संदिग्ध संस्थाओं के निरस्तीकरण/ विघटन और संपत्ति के सुरक्षित प्रबंधन, तथा सदस्यता, प्रबंधन और चुनाव संबंधी विवादों के समयबद्ध निस्तारण के स्पष्ट प्रावधानों का अभाव है। इसी प्रकार, वित्तीय अनुशासन के लिए ऑडिट, निधियों के दुरुपयोग पर नियंत्रण और संपत्ति प्रबंधन से संबंधित नियम भी पर्याप्त नहीं हैं।

## चीन को भारत की तरह आतंकवाद से पीड़ित देश बताना गलत : कांग्रेस

# पीएम का बयान चीन के सामने झुकने वाला

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने कहा है कि चीन ने हमेशा पाक के आतंकवादियों का समर्थन किया है और इसे देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का चीन को भारत की तरह आतंकवाद से पीड़ित देश बताने वाला बयान अनुचित है।

कांग्रेस ने कहा कि मोदी ने रविवार को तियानजिन में राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ मुलाकात में चीन को भारत की तरह आतंकवाद से पीड़ित देश बताया है, यह एक तरह से चीन के सामने झुकने वाला बयान है। पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को यहां एक बयान में कहा कि भारत लंबे समय से चीन पर आतंकवाद के मुद्दे पर 'दोहरे मानदंड' और 'दोहरी भाषा' बोलने का आरोप लगाता रहा है, लेकिन अब प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग से कहा है कि भारत और चीन, दोनों आतंकवाद के शिकार हैं। उन्होंने इसे चीन के सामने झुकने वाला बयान बताया और कहा कि अगर यह तथाकथित हाथी का तथाकथित ड्रैगन के आगे झुकना नहीं है, तो फिर क्या है।



■ भारत लंबे समय से चीन पर आतंक के मुद्दे पर 'दोहरे मानदंड' और 'दोहरी भाषा' बोलने का आरोप लगाता रहा

इससे भी ज्यादा राष्ट्र-विरा.ेधी बात यह है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन और पाकिस्तान की जुगलबंदी के बारे में प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत में एक शब्द तक नहीं कहा। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री पर हमला करते हुए कहा कि स्वघोषित 56 इंच सीने वाले नेता अब पूरी तरह से बेनकाब हो चुके हैं। उन्होंने 19 जून, 2020 को चीन को क्लीन चिट देकर राष्ट्रहित के साथ विश्वासघात किया। अब, 31 अगस्त, 2025 भी तियानजिन में उनके बयान को बदनामी के दिन के रूप में याद किया जाएगा।

### जीडीपी के आंकड़े मजबूत होने के बावजूद अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी की दर का आंकड़ा भले ही मजबूत हो, लेकिन विनिर्माण सहित कई क्षेत्रों में वृद्धि घट रही है जिससे साफ है कि मजबूत जीडीपी के बावजूद आर्थिक विकास की रफ्तार धीमी है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को जीडीपी के आंकड़ों पर कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी आंकड़ों को लेकर उत्साह अतार्किक है। जीडीपी के अप्रैल-जून के आंकड़ों में कुछ स्पष्ट विरोधाभास भी हैं, जिन पर एक जाने माने बैंक की रिपोर्ट ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण शहरी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि शहरी खपत अब भी काफी कमजोर बनी हुई है, जबकि ग्रामीण खपत संरचनात्मक बाधाओं से जूझ रही है। जीडीपी की मामूली वृद्धि दर अब भी धीमी है और जनवरी-मार्च 2025 की तुलना में स्पष्ट रूप से कम है। लाभ वृद्धि के विपरीत, विनिर्माण क्षेत्र में बिक्री की वृद्धि लगातार धीमी हो रही है। सामान्यत: उपभोग, निवेश और व्यापार जीडीपी वृद्धि के मुख्य निर्धारक हैं लेकिन आश्चर्यजनक रूप से, तिमाही वृद्धि दर का पूरा 1.8 प्रतिशत अंक इन तीनों निर्धारकों से नहीं समझाया जा सकता।

# अखिलेश ने ईसी को बताया जुगाड़ आयोग

लखनऊ, वार्ता

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग को 'जुगाड़ आयोग' कहकर निशाना साधा और 17,986 हलफनामों पर कार्रवाई न होने पर सवाल उठाए। यादव ने आरोप लगाया कि एआई से बड़े घोटाले पकड़ने वाला आयोग, सपा के हलकनामों को अनदेखा कर रहा है।

अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि पार्टी की तरफ से पेश किए गए 17,986 हलफनामे पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के इस्तेमाल से 1.25 करोड़ रुपये से अधिक के घोटाले का पता लगाने में सक्षम चुनाव आयोग, सपा के हलफनामे पर ध्यान नहीं दे रहा है। यादव ने सोमवार को चुनाव आयोग को जुगाड़ आयोग करार दिया और सवाल किया कि उसने उनकी पार्टी की तरफ से जमा किए गए 17,986 हलफनामों का जवाब क्यों नहीं दिया? उन्होंने एक वीडियो भी शेयर किया, जिसमें दावा किया गया था कि पंचायत चुनावों के सिलसिले में 1.25 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं और गांवों में नकली मतदाताओं की पहचान के लिए एआई का इस्तेमाल किया जा रहा है।



■ 18 हजार हलफनामों में सिर्फ 14 का मिला जवाब

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 8036449
निफ्टी 24625.05

सोना रु. 104493
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 122800
प्रति किलो



# सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त के साथ बंद

मुंबई, वार्ता

चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में उम्मीद से ज्यादा वृद्धि के बाद सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में निवेशकों में उत्साह रहा और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक करीब 555 अंक की बढ़त से साथ बंद हुआ।

बाजार में सुबह से ही तेजी रही। सेंसेक्स 19.34 अंक की मजबूती के साथ 79,828.99 अंक पर खुला और अंत में 554.84 अंक (0.70 प्रतिशत) ऊपर 80,364.49 अंक पर बंद हुआ। इसका दिन का निचला स्तर 79,818. 38 अंक और उच्चतम स्तर 80,406. 84 अंक रहा। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 5.85 अंक ऊपर 24,4342.70 अंक पर खुला और पूरे दिन हरे निशान में रहने के बाद 198.20 अंक यानी 0.81 प्रतिशत चढ़कर 24,625.05 अंक पर पहुंच गया। पहली तिमाही के जीडीपी के आंकड़े में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जारी किया गया है। इससे बाजार में निवेशकों का विश्वास बढ़ा है। फार्मा को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों की कंपनियों में लिवाली का जोर रहा।



बिक्री के मजबूत आंकड़े आने से ऑटो क्षेत्र की कंपनियों में जमकर लिवाली हुई। एनएसई में महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर 3.52 प्रतिशत, बजाज ऑटो से 4.01 प्रतिशत, हीरो मोटोकॉर्प के 3.18, टाटा मोटर्स से 3.09, हीरो मोटोकॉर्प के 3.18 प्रतिशत चढ़े। इसके अलावा, आईटी, रियलिटी, बैंकिंग, धातु, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और तेल एवं गैस क्षेत्र में निवेशकों ने खूब पैसा लगाया। एनएसई में 3,156 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 2,133 के शेयरों में तेजी और 935 में गिरावट रही। वहीं 88 कंपनियों के शेयरों के भाव अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 से 23 कंपनियों से शेयर हरे निशान में रहे। महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर 3.65 प्रतिशत चढ़े। टाटा मोटर्स में 3.17 फीसदी, ट्रेंट में 2.71, इटरनल में 2.23, एशियन पेंट्स में 2.13 और इंफोसिस में 2.04 फीसदी की तेजी देखी गई। टेक महिंद्रा का शेयर 1.71 प्रतिशत, अडानी पोर्ट्स का 1.68, पावर ग्रिड का 1.63 और एक्सिस बैंक का 1.52 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, बीईएल, अल्ट्राटेक, टाटा स्टील और एनटीपीसी के शेयर भी एक प्रतिशत से अधिक चढ़े। सनफार्मा में सबसे अधिक 1.87 प्रतिशत की गिरावट रही। आईटीसी का शेयर भी 0.99 प्रतिशत टूटा। हिंदुस्तान यूनीलिवर, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए।

### सोना 1.04 लाख के ऑलटाइम हाई पर

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम सोमवार को अपने ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार आज सोना 2,105 रुपए बढ़कर 1,04,493 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोना 1,02,388 रुपए पर था। चांदी की कीमत भी 5,228 रुपए बढ़कर 1,22,800 रुपए प्रति किलो हो गई है। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,030 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,200 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,05,8800 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,050 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,05,880 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,050 रही, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,05,880 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,050 रही, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,05,910 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,100 रही। सोना केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अमे. रिका के टैरिफ के चलते जियो पॉलिटिकल टेंशन बनी हुई है। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है और इसकी डिमांड भी बढ़ रही है।

### चावल-चीनी महंगी, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घटबढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल की कीमत में उछाल देखा गया, जबकि गेहूं में नरमी रही। दालों के दाम बढ़ गए। चीनी भी मजबूत हुई, जबकि खाद्य तेलों में घट.बढ़ रही।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 118 रुपए बढ़कर 3,848.88 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं तीन रुपए फिसलकर 2,849.43 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी छह रुपए सस्ता हुआ और 3,300.30 रुपए प्रति क्विंटल बोला गया। सरसों तेल औसतन 101 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। पाम ऑयल में 40 रुपए और सोया तेल में 68 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। सूरजमुखी तेल की कीमत करीब 41 रुपए और मूंगफली तेल की 20 रुपए बढ़ गई। वनस्पति 83 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में तेजी का रुख रहा। तुअर दाल की औसत कीमत 208 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 134 रुपए और मूंग दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल की कीमत में 146 रुपए और उड़द दाल में 40 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़त दर्ज की गई। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में गुड़ की औसत कीमत करीब 75 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ी। चीनी भी करीब 22 रुपए महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे : दाल-दलहन : दाल चना 7980.86 रुपए, मसूर काली 8153.63 रुपए, मूंग दाल 10105.84 रुपए, उड़द दाल 10446.71 रुपए, अरहर दाल 10759.71 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2849.43 रुपए और चावल 3848.88 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4307.56 रुपए और गुड़ 4965.90 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17822.06 रुपए, मूंगफली तेल 17788.83 रुपए, सूरजमुखी तेल 15410.63 रुपए, सोया रिफाइंड 13815.05 रुपए, पाम ऑयल 12356.08 रुपए और वनस्पति 14506.34 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

### अपने बयानों से विपक्ष के नेता पद की गरिमा गिरा रहेः भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रवि शंकर प्रसाद ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा को विफल बताते हुए कहा है कि वह अपने बयानों से लोकसभा में विपक्ष के नेता के पद की गरिमा गिरा रहे हैं।

प्रसाद ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में श्री गांधी के एटम बम और हाइड्रोजन बम वाले बयान पर कहा कि कर्नाटक में मतदाता सूची का उनका एटम बम फुस्स हो गया, तो वह अब जनता को भ्रमित करने के लिए हाइड्रोजन बम फोड़ने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अपने बयान से अपने वजूद को क्यों हल्का बना रहे हैं, आप लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं। कम से कम इसकी गरिमा का ख्याल रखिए। प्रसाद ने कहा कि सभी लोगों को पता है कि पहले जब बिहार में चुनाव होते थे, तब कितनी बूथ कैप्चरिंग होती थी, बूथ तक लूट लिया जाता था। लेकिन अब ईवीएम के चलते बूथ कैप्चरिंग खत्म हो गई है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**एससीओ ने की...**

किया जाना चाहिए। एससीओ के देशों ने पहलगाम हमले में मारे गए और घायल लोगों के परिजनों के प्रति गहन संवेदना और शोक व्यक्त किया है। एससीओ की तियानजिन घोषणा में कहा गया है कि संगठन के सदस्य देश पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 के आतंकवादी हमले की कठोर भर्त्सना करते हैं। इसमें आगे कहा गया है कि ऐसे हमले करने वालों, इसकी साजिश रचने वालों और इसके प्रायोजकों को निश्चित रूप से कानून के हवाले किया जाना चाहिए। एससीओ के सदस्य देशों ने आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए अपनी ठोस प्रतिबद्धता को दोहराया है। घोषणा पत्र में स्वीकार किया गया है कि आतंकवादियों, पृथकतावादियों और अतिवादियों के गिरोहों को भाड़े के टट्टू की तरह इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। एससीओ ने कहा है कि आतंकवादी और अतिवादी तत्वों के खतरों के विरुद्ध कार्रवाई करने में देशों की सरकारों और उनकी एजेंसियों की अग्रणी भूमिका को मान्यता दी है। संयुक्त घोषणा पत्र में आतंकवाद पर सबका साथ आना और उसकी निंदा करना भारत के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। इसकी वजह यह है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दो महीने पहले एससीओ के संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर नहीं किए थे। इस बयान में पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र नहीं होने के कारण उन्होंने इस पर दस्तखत करने से इंकार कर दिया था, लेकिन अब इस संगठन ने भारत के रुख को स्वीकार कर लिया है। यह आतंकवाद के मुद्दे पर भारत की बड़ी जीत है। पाकिस्तान और चीन के रहते आतंकवाद को संयुक्त घोषणा पत्र में जिक्र होना और सभी देशों का साथ आना भारत की कूटनीतिक जीत को दिखाता है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना



# सीएम ने खटीमा गोलीकांड के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

## पृथक राज्य आंदोलन के शहीदों की कुर्बानी को याद कर किया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलन के दौरान शहीद हुए आन्दोलनकारियों की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सीएम धामी ने प्रतिभाग किया। उन्होंने शहीद राज्य आन्दोलन कारियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये और उनके परिजन नानक सिंह, नरेंद्र चंद्र, जगत सिंह, अनिल भट्ट, शरीफ अहमद को अंगवस्त्र व उपहार देकर सम्मानित किया। मुख्यमत्री ने कहा कि खटीमा गोलीकांड में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर बलिदा. नियों भगवान सिंह सिरौला, प्रताप सिंह, रामपाल, सलीम अहमद, गोपीचंद, धर्मानन्द भट्ट और परमजीत सिंह को स्मरण करने का



दिन है, हर नागरिक इन सभी वीर सपूतों का सदैव ऋणी रहेगा।

उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर उनके सपनों के उत्तराखंड का निर्माण करें, यही उनके लिए हमारी सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी। सरकार राज्य आंदोलनकारियों के आदर्शों और उनके सपनों को साकार करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। राज्य आंदोलनकारियों और उनके आश्रितों के लिए राज्य सरकार की नौकरियों में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण लागू किया है। शहीद आंदोलनकारियों के परिवारों के लिए 3 हजार रुपये मासिक पेंशन की सुविधा भी शुरू की है, साथ ही घायल और जेल गए आंदोलनका. रियों को 6000 रुपये और सक्रिय आंदोलनकारियों को 4500 रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जा रही है। नए कानून के अंतर्गत चिह्नित आंदोलनकारियों की परित्यक्ता, विधवा और तलाकशुदा पुत्रियों को भी इस आरक्षण का लाभ मिल सकेगा।

चिन्हित राज्य आंदोलनकारियों को पहचान पत्र जारी करने के साथ ही 93 आंदोलनकारियों को राजकीय सेवा में सेवायोजित भी किया है। आंदोलनकारियों को सरकारी बसों में नि:शुल्क यात्रा की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। राज्य निर्माण में मातृशक्ति की भूमिका को देखते हुए ही राज्य सरकार ने राज्य की महिलाओं के लिए सरकारी नौकरी में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण लागू किया गया है। राज्य के समग्र विकास के साथ ही प्रदेश के हित में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं।

इस दौरान सांसद अजय भट्ट व विधायक भुवन कापड़ी ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, विधायक नानकमत्ता गोपाल सिंह राणा, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद जोशी, दर्जा राज्य मंत्री डॉ. अनिल कपूर डब्बू, सुभाष बर्थवाल, फरजाना बेगम, ब्लॉक प्रमुख सरिता राणा, दान सिंह रावत, नंदन सिंह खड़ायत, जीवन सिंह धामी, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण जय किशन, डीएफओ हिमांशु बागरी व एडीएम पंकज उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## चारधाम व हेमकुंड साहिब यात्रा पांच सितंबर तक स्थगित

**देहरादून।** उत्तराखंड में लगातार जारी बारिश को देखते हुए सरकार ने चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा पांच सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी है। गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय ने बताया कि भारी बारिश से प्रदेश में कई जगह भूस्खलन या मलबा आने से मार्ग बाधित हो रहे हैं। जिन्हें सरकार प्राथमिकता पर खोल रही है, मगर यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को देखते हुए, फिलहाल चारधाम व हेमकुंड साहिब यात्रा को 5 सितम्बर 2025 तक स्थगित किए जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने यात्रियों से अपील की है कि वे प्रतिकूल मौसम की स्थिति को देखते हुए फिलहाल यात्रा मार्गों पर प्रस्थान न करें तथा प्रशासन की और से जारी परामर्श का पालन करें। मौसम सामान्य होने एवं मार्ग पूरी तरह सुरक्षित पाए जाने के उपरांत यात्राओं को पुन: प्रारम्भ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार व स्थानीय प्रशासन की और से सड़क मार्गों की निगरानी, सफाई तथा यात्रियों की सुरक्षा को सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि धैर्य एवं संयम बनाए रखें तथा यात्रा संबंधी अद्यतन जानकारी के लिए प्रशासनिक नियंत्रण कक्ष से सम्पर्क करते रहें।

# खिलाड़ियों को 400 रुपए मिलेगा भोजन भत्ता : रेखा



- भोजन भत्ते की दर बढ़ाने का आदेश जारी
- अभी तक मिलते थे प्रतिदिन ढाई सौ रुपए

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए सोमवार को एक अच्छी खबर आई। राष्ट्रीय व इससे उच्च स्तर की खेल प्रतियोगिताओं से पहले आयोजित होने वाले प्रशिक्षण शि. विरों के दौरान खिलाड़ियों को मिलने वाला दैनिक भोजन भत्ता 250 से बढ़ाकर 400 कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त खेल छात्रावास और स्पोर्ट्स कॉलेज के खिलाड़ियों को भी बढ़ी हुई नई दर से भोजन भत्ता मिलेगा।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने पिछले दिनों विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान इस बारे में अधिकारियों को निर्देश जारी किया था। उनका कहना था कि खिलाड़ियों के लिए 250 दैनिक भोजन भत्ता पर्याप्त नहीं है, इसलिए इसे साई जैसी संस्थाओं द्वारा वर्तमान में दिए जा रहे भत्ते के समकक्ष करना जरूरी है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि इस प्रस्ताव को राज्यपाल की मंजूरी मिल गई है और इसे तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि इसके तहत प्रदेश के सभी खेल छात्रावासों और स्पोर्ट्स कॉलेज के खिलाड़ियों को दैनिक भोजन भत्ता अब 250 रुपए प्रतिदिन के बजाय 400 प्रतिदिन मिलेगा। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर व इससे उच्च स्तर की खेल प्रतियोगिताओं से पहले आयोजित होने वाले खेल प्रशिक्षण शिविरों में भी खिलाड़ियों को नई बढ़ी हुई दर से भोजन भत्ता दिया जाएगा। प्रशिक्षण शिविरों के दौरान खिलाड़ियों के अलावा कोच और अन्य सहयोगी स्टाफ को भी बढ़ी हुई दर से भोजन भत्ता मिलेगा। खेल मंत्री ने कहा कि भोजन भत्ता बढ़ने से अब खिलाड़ियों को ज्यादा पौष्टिक आहार उपलब्ध हो सकेगा और इससे उनके प्रदर्शन में गुणात्मक सुधार आएगा। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और उनके प्रदर्शन में सुधार लाने के लिए सभी प्रयास कर रही है।

# अग्निवीर आरक्षण नियमावली जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने एक और वायदे को पूरा करते हुए सेवामुक्त होने वाले अग्निवीरों को विभिन्न विभागों की वर्दीधारी सेवाओं में दस प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण प्रदान कर दिया है। सोमवार को कार्मिक एवं सतर्कता विभाग की ओर से विधिवत तौर पर उत्तराखंड राज्याधीन सेवाओं में समूह ग के सीधी भर्ती के वर्दीधारी पदों पर सेवायोजन के लिये सेवामुक्त अग्निवीरों को क्षैतिज आरक्षण नियमावली-2025 जारी कर दी है। सैन्य बहुल प्रदेश होने के कारण उत्तराखंड सरकार के इस निर्णय को मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा है। इसी नियमावली के जरिए अब सेवामुक्त हुए अग्निवीरों को विभिन्न विभागों के वर्दीधारी पदों पर 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण प्रदान किया जाएगा। इसमें पुलिस आरक्षी (नागरिक/पीएसी), उप निरीक्षक, प्लाटून कमांडर पीएसी, अग्निशामक, अग्निशमन द्वितीय अधिकारी, बंदी रक्षक, उप कारापाल, वन आरक्षी, वन दरोगा, आबकारी सिपाही, प्रवर्तन सिपाही और सचिवालय रक्षक जैसे महत्वपूर्ण वर्दीधारी पद शामिल हैं।



देश की सेवा कर लौटे पूर्व अग्निवीर प्रदेश का गौरव हैं। उन्हें सम्मान और रोजगार का अवसर देना हमारी जिम्मेदारी है। यह निर्णय सेवामुक्त हुए अग्निवीरों के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक ठोस कदम है। हमारी सरकार पूर्व सैनिकों और अग्निवीरों को हर तरह से सेवायोजन का प्रयास कर रही है...**पुष्कर सिंह धामी मुख्यमंत्री उत्तराखंड।**

## पिथौरागढ़, चंपावत, चमोली, रुद्रप्रयाग व उत्तरकाशी में आज भी स्कूल रहेंगे बंद




**देहरादून (शाह टाइम्स)।** उत्तराखंड में लगातार आफत बनकर बरस रही भारी बारिश से अभी कुछ दिनों तक राहत मिलती नजर नहीं आ रही है, बारिश से सबसे ज्यादा पर्वतीय जिले प्रभावित हैं, कई जिलों में बारिश से नदी-नाले उफान पर पहुंच चुके हैं, जबकि भूस्खलन की घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल बन गया है। वहीं मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए कुछ जिलों में बारिश का रेड अलर्ट और कुछ जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जिसको देखते हुए कुछ जिलों में 2 सितंबर मंगलवार को स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में छुट्टी के आदेश दिए गए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने प्रदेश के देहरादून, टिहरी गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल, हरिद्वार, बागेश्वर, चंपावत, नैनीताल, उधम सिंह नगर जिलों में कहीं-कहीं अत्यंत भारी बारिश होने के साथ कुछ स्थानों में भारी से भारी बारिश व गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने की संभावना जताई है, जबकि उत्तरकाशी जिले के कुछ स्थानों में भारी से बहुत भारी बारिश गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने की संभावना जताई है। शेष जिलों में कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी बारिश और गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने की संभावना जताई गई है। बारिश की संभावना के चलते पिथौरागढ़, चंपावत, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी और चमोली जिला प्रशासन ने कक्षा 1 से 12 तक सरकारी, गैर सरकारी, निजी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों को 2 सितंबर मंगलवार को बंद रखने के आदेश दिए हैं।

## खस्ताहाल सड़कों के डामरीकरण को वित्तीय मंजूरी की दरकार

**देहरादून( शाह टाइम्स )।** आपदा की मार झेल रही उत्तराखण्ड की खस्ताहाल सड़कों के 'मेक-अप' को वित्तीय मंजूरी न मिलने के कारण डामरीकरण और और पुनर्निर्माण कार्य अधर में लटक गये है। भारी बारिश और सड़कों में जगह-जगह मलबा आने और कुछ स्थानों पर भूधंसाव होने से सड़को की हालत नाजुक हो चुकी है। बरसात में सड़कों पर बने गड्ढे भी हादसों को निमंत्रण दे रहे हैं, ऐसे में राज्य में पांच किलोमीटर से अधिक की सड़कों का न तो डामरीकरण हो पा रहा है और न ही पुनर्निर्माण। प्रदेश के पांच किलोमीटर से अधिक की लंबाई की सड़कों को दूसरे चरण के पुनर्निर्माण की अनुमति नहीं मिल रही है। इससे सैकड़ों सड़कों का काम लटका हुआ है। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता राजेश शर्मा के मुताबिक विभाग के पास सड़कों के पुनर्निर्माण के लिए सीमित बजट है। यही वजह है कि मार्गों के पुनर्निर्माण के लिए दूसरे चरण की मंजूरी नहीं दी जा रही है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि राज्य के सीमित वित्तीय संसाधनों को देखते हुए पांच किलोमीटर से अधिक के मोटर मार्गों को दूसरे चरण की स्वीकृति के लिए प्रस्तावित न करने की व्यवस्था है।

## पार्टी फोरम पर ही अपनी बात रखें विधायक-नेता: भट्ट

**देहरादून( शाह टाइम्स )।** भाजपा नेतृत्व ने विधायकों एवं नेताओं के अनावश्यक बयानों को गंभीरता से लेते हुए, पार्टी फोरम में ही बात रखने के निर्देश दिए हैं। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने असंयमित बयानबा. जी को अनुशासनहीनता के दायरे मे लेने की चेतावनी देते हुए कहा कि वह भविष्य मे ऐसे आचरण से बचे और पार्टी फोरम मे ही अपनी बात को रखे। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने जानकारी दी कि कुछ दिनों में पार्टी के विधायकों एवं नेताओं के विभिन्न मुद्दों पर अनावश्यक बयान सामने आए थे। जिन्हें प्रदेश नेतृत्व ने गंभीरता से लिया है और इस सम्बन्ध में विचार विमर्श किया गया है। प्रदेशाध्यक्ष भट्ट सभी से मुलाकात कर अपने हालिया बयानबाजी को लेकर उनका पक्ष सुनेंगे। वहीं प्रदेशाध्यक्ष ने स्पष्ट किया है कि कोई भी जनता, पार्टी या व्यक्तिगत विषय हो, उसे उचित फोरम पर रखा जाए। यदि सरकार से संबंधित विषय है तो मुख्यमंत्री, मंत्रियों के पास और संगठन से संबंधित हो तो प्रदेश नेतृत्व के समक्ष रखा जाए। ऐसे तमाम अन्य प्रकरणों को लेकर उनके द्वारा निर्देश दिए गए हैं।






# युवक की गोली मारकर हत्या

## पुरानी रंजिश का खूनी अंजाम: बर्थडे पार्टी के बहाने बुलाकर गोली मार दी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक को बर्थडे पार्टी के बहाने बुलाकर उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। ग्राम रम्पुरा शांति नगर निवासी 42 वर्षीय जसवीर सिंह उर्फ टोनी पुत्र कुलदीप सिंह एक पेपर मिल में ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था। रविवार की रात करीब साढ़े दस बजे वह ड्यूटी करके घर आया। इसके बाद एक युवक बाइक से उसके घर आया और अपने जन्मदिन की पार्टी की बात कहकर जसवीर को अपने साथ कुमाऊं कॉलोनी शिव मंदिर के पास यूकेलिप्टिस के बाग में ले गया। बताया जा रहा है वहां पर पहले से 3-4 युवक मौजूद थे। इस दौरान उसकी किसी बात को लेकर



कहासुनी हुई और जसवीर सिंह के माथे पर गोली मार कर मौके से युवक भाग गए। वहीं कुमाऊं कॉलोनी में मंदिर के पास गणेशोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। वहां मौजूद किसी युवक ने जसवीर को यूकेलिप्टिस के बाग में गंभीरावस्था में देखा। तब अन्य युवक उसे बाइक से सरकारी अस्पताल लेकर आए और उसके परिजनों को घटना की



सूचना दी। जसवीर के पिता कुलदीप सिंह ने बताया सरकारी अस्पताल के डॉक्टर ने घायल की गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। वह जसवीर को मुरादाबाद ले जा रहे थे कि उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। उधर, जानकारी होते पुलिस सरकारी अस्पताल पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी कर आरो. पियों की तलाश में जुट गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया युवक को गोली किसी पुराने विवाद के चलते मारने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

# अरविन्द कुमार को दिव्य गंगा सेवा सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** दिव्य गंगा सेवा मिशन हरिद्वार और उत्तराखंड आयुष विश्व. विद्यालय, गुरुकुल कांगड़ी परिसर हरिद्वार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दिव्य गंगा महोत्सव हरिद्वार में कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल के हिन्दी विभाग के शोधार्थी एवं राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर अरविन्द कुमार को दिव्य गंगा सेवा सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। प्रयागराज जनपद के संगम नगरी गंगा के किनारे जन्मे अरविन्द कुमार बचपन से ही गंगा की स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रमों से जुड़े हुए हैं। राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में अपनी सेवाकाल के दौरान वे साहित्यिक और सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। इससे पूर्व भी अरविन्द कुमार को विभिन्न संस्थानों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। इस सम्मान से हिन्दी विभाग के सभी आचार्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की। राजकीय महाविद्यालय शाहपुर के प्राचार्य डा. हरीश कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर आदित्य कुमार, डा. संतरेश रानी, आशु प्रजापति, कार्यालय प्रभारी अनुज कुमार और सह कार्यालय प्रभारी नितिन कुमार ने उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।



## एक नजर

### श्रीकृष्ण रासलीला में उमड़ रही भीड़

**काशीपुर।** श्री गंगे बाबा मंदिर उदासीन आश्रम पर विगत वर्ष की भांति इस बार भी श्रीकृष्ण रासलीला का मंचन किया जा रहा है। रासलीला के दौरान श्री राधारानी जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। वृंदावन से आये कलाकारों ने रासलीला के पांचवें दिन रविवार को मीरा की भक्ति का मंचन किया जिससे दर्शक भावभिवोर हो गये। छठे दिवस सोमवार को श्रीकृष्ण रासल. ीला में काली दह लीला का मंचन किया गया। साथ ही सुंदर-सुंदर झांकियां वृंदावन से आये रासलीला के कलाकारों द्वारा दिखाई जा रही हैं जैसे कि कृष्ण ने काले नाग को नाथकर गंगा से गेंद लेने गए उस समय गंगा घाट किनारे श्री कृष्ण के साथी रोते बिलखते रह गए और जब श्री कृष्णा काले नाग को नाथकर वापस लौटे तो सभी अचरज में पड़ गए। श्री गंगे बाबा मंदिर उदासीन आश्रम के महंत श्री श्री 108 बाबा लखनदास जी महाराज ने बताया कि आश्रम पर विगत वर्ष की भांति श्रीकृष्ण रासलीला का मंचन चल रहा है और भारी संख्या में दर्शकों की भीड़ उमड़ रही है। इस दौरान पुजारी केवलानंद जोशी, पत्रकार राजेश शर्मा, सौरभ सक्सेना, डॉ. विकास गहलोत, विपिन गहलोत, वीरभान बाठला, राजकुमार यादव, अमित कुमार शर्मा, शालिनी शर्मा, विनय गुप्ता, डा राजीव गुप्ता, पड़ा विकास अग्निहोत्री समेत सैकड़ों महिला व बच्चे मौजूद रहे।

### 225 लोगों ने कराया हैल्थ चैकअप

**काशीपुर।** कृष्णा हॉस्पिटल एवं इनर व्हील क्लब ऑफ काशीपुर के संयुक्त तत्वावधान में मेडिकल हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें गैस्ट्रोएंट्रोलोजिस्ट डॉ. मेजर संदीप नाथ एवं न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. राहुल सिंघल द्वारा मरीज़ों का नि:शुल्क चेकअप किया गया। क्लब की सक्रिय सदस्य एवं कृष्णा हॉस्पिटल की स्वामी डॉ. मौलश्री अग्रवाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कैम्प में लगभग 225 मरीज़ों का नि:शुल्क चेकअप किया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय, सचिव डॉ. निमिषा अग्रवाल, मीना अरोरा, डॉ. मौलश्री अग्रवाल, सोनी सेठ, स्वाति अग्रवाल आदि सदस्य एवं अस्पताल स्टाफ उपस्थित रहा।

### समर स्टडी के छात्र ने किया नाम रोशन

**काशीपुर।** पर्वतीय सांस्कृतिक समिति नैनीताल के तत्वावधान में 24 व 25 अगस्त को आयोजित दो दिवसीय 12वीं इंटर स्कूल शतरंज प्रतियोगिता में समर स्टडी हॉल के छात्र प्रखर सक्सैना ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। समस्त विद्यालय परिवार ने प्रखर को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### नंदा देवी मेला: सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

**अल्मोड़ा।** सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में ऐतिहासिक नंदा देवी मेला चरम पर है। मां नंदा सुनंदा के दर्शन को सुबह से नंदा देवी परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। वहीं, देर रात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मची रही। सोमवार को मेला समिति की ओर से भी विभिन्न प्रतियोगिताएं समेत रंगा. रंग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जबकि बीते रविवार देर रात तक कलाकार कुमाऊंनी गीतों से दर्शकों को झूमने में मजबूर कर दिया। कलाकारों ने माता नंदा गौरी तू दैंण हैजा भजन पर भी दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। हर रोज देर शाम को लग रही माता की चौकी में भजनों की धूम से पूरा वातारण भक्तिमय हो रहा है। यहां मेला समिति अध्यक्ष मनोज वर्मा, सचिव मनोज सनवाल, मुख्य सांस्कृतिक संयोजक तारा जोशी, मुख्य संयोजक अर्जुन बिष्ट चीमा, जगत तिवारी, आशीष बिष्ट, दया कृष्ण परगाई, नमन बिष्ट, पंकज परगाई, आदित्य बिष्ट, गोविन्द मेहरा, पूनम पालीवाल, रवि कन्नौजिया आदि मौजूद रहे।

### वेतन: रोडवेज कर्मचारी मुखर

**अल्मोड़ा।** दो माह से वेतन का भुगतान नहीं होने से रोडवेज कर्मचारियों ने मोर्चा खोल दिया हैं। सोमवार को नाराज कर्मचारियों ने बाह में कालाीता बांध विरोध जताया। जल्द वेतन का भुगतान नहीं होने पर कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी।रोडवेज कर्मचारियों ने सोमवार को सांकेतिक प्रदर्शन किया। कहा कि दो माह से कर्मचारियों को वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। निर्धारित समय पर वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। यहां प्रदर्शन में रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के शाखा अध्यक्ष प्रदीप टम्टा, शाखा मंत्री, राजकुमार टम्टा, ममता, कृष्ण कुमार गुप्ता, सुभाष आर्य, पवन जोशी, राहुल किरौला आदि रहे।

### एसएसजे कर्मचारियों का कार्यबहिष्कार

**अल्मोड़ा।** लंबित समस्याओं के समाधान को सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने मोर्चा खोल दिया है। समस्याओं के समाधान को विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारी दो घंटे कार्य बहिष्कार पर रहे। मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।मौके पर कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से कर्मचारियों की डीसीपी पर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं जा रहा है। कई बार विभिन्न माध्यमों से विवि प्रशासन से समस्याओं के समाधान की मांग कर चुके हैं। लेकिन अब तक कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है। कर्मचारियों की मांगों को विवि प्रशासन अनदेखा कर रहा है। इससे कर्मचारियों में आक्रोश है। कहा कि अब मजबूरन कर्मचारियों को हड़ताल की राह पकड़नी पड़ रही है। सोमवार को कर्मचारी पूर्वाह्न 11 बजे से दो घंटे तक कार्य बहिष्कार पर रहे। यहां डीएस धामी, राजेश कुमार, जयबीर, हीरा सिंह, गणेश तिवारी, मनीष तिवारी, सागर, ललित पोखरिया, पूरन चंद्र समेत कई कर्मचारी शामिल रहे।

# चेक बाउंस का आरोपी अदालत से दोषमुक्त

**काशीपुर।** अपर मुख्य न्यायिक अधिकारी/सिविल जज सीनियर डिवीज़न की अदालत ने 7 लाख रुपये के चेक बाउंस के आरोपी गौरव कुमार भल्ला को बाइज्जत बरी कर दिया। परिवादी सुरेश कुमार झोराड़ पुत्र महावीर प्रसाद झोराड़ निवासी 1059, गली नंबर 1, बिहाइंड कलश मंडप काशीपुर ने काशीपुर की अदालत में अपने अधिवक्ता के माध्यम से अभियुक्त गौरव कुमार भल्ला पुत्र स्वर्गीय विजय कुमार भल्ला निवासी बसंत विहार जसपुर खुर्द बांसियोवाला मंदिर के पास थाना आईटीआई के विरुद्ध 138 एनआई एक्ट का परिवाद दायर कर बताया कि उसने गौरव कुमार भल्ला को 7 लाख रुपये उधार दे दिए। रकम वापस मांगने पर गौरव कुमार भल्ला ने एक चेक 7 लाख रुपये का उसे दिया जिसे बैंक में लगाने पर चैक पेमेंट स्टॉप्ड बाय ड्रावर की टिप्पणी के साथ अनाद्रित होकर उसे वापस प्राप्त हो गया। इसके बाद उसने अधिवक्ता के माध्यम से अभियुक्त को नोटिस भेजने के बाद अदालत में मुकदमा दायर किया। उक्त मुकदमे में अभियुक्त गौरव कुमार भल्ला ने अपने अधिवक्ता सूरज कुमार के माध्यम से अपनी जमानत कराई तथा संपूर्ण विचारण पूर्ण किया। इसके पश्चात दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं ने बहस की तथा अपने-अपने तर्क प्रस्तुत किये, जिसके बाद काशीपुर अदालत ने अभियुक्त के अधिवक्ता सूरज कुमार की बहस से संतुष्ट हुई।

# अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यों ने ली शपथ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिला पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित 12 सदस्यों ने सोमवार को विकास भवन साभार में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। नव निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या व उपाध्यक्ष विशाखा खेतवाल को जिलाधिकारी आशीष भटगाई ने शपथ दिलाई। जबकि अन्य सदस्यों को जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या ने शपथ दिलाई। बचे हुए अन्य सदस्यों को बोर्ड की पहली बैठक में शपथ दिलाई जाएगी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से लेकर शपथ ग्रहण समारोह तक लगातार मौसम के बदले रुख ने शासन द्वारा तय कार्यक्रमों को कई बार उलटफेर करना पड़ा। पूर्व में निर्धारित एक सितंबर को शपथ ग्रहण समारोह को एक बार फिर शासन द्वारा आपदा काल को देखते हुए स्थगित किया गया। लेकिन फिर तय समय पर शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम आयोजित करने के आदेश मिलने के बाद सोमवार को आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में 7 जिला पंचायत सदस्य नहीं पहुंच पाए। जबकि शपथ लेने वालों में अध्यक्ष शोभा आर्या, उपाध्यक्ष विशाखा खेतवाल, पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान सदस्य बसंती देव, जनार्दन लोहमी, नवीन परिहार, नीमा देवी, कुंदन राम, भास्कर बोरा, दीपक खुल्बे, हेमलता देव, ज्योति राठौर, शारदा देवी ने शपथ ली। जबकि बचे हुए सदस्यों में गोपा धापोला, विजया कोरंगा, सुंदर सिंह, बलवंत राम, सरोज आर्या, बलवंत नेगी, राजेंद्र सिंह शपथ ग्रहण समारोह में नहीं पहुंचे। बताया जा रहा है कि अन्य सदस्यों को आगामी जिला पंचायत बोर्ड बैठक की पहले बैठक दिवस पर शपथ दिलाई जाएगी। इस अवसर पर राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने जिला पंचायत की पूरी टीम को एक जुट होकर अपने अपने क्षेत्र व जिले के विकास करने की बात कही। इसी क्रम में विधायक कपकोट सुरेश गढ़िया ने कहा कि जिला पंचायत जिले की सबसे बड़ी पंचायत है। यहां से जिले के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए जाते है। सभी को एक जुट होकर पांच सालों तक मिलजुल कर चलाने की अपील की गई। शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया, नगर पालि. का चेयरमैन सुरेश खेतवाल, पूर्व विधायक शेर सिंह गढ़िया, पूर्व अध्यक्ष विक्रम शाही, दीपा आर्या, संजय परिहार, सहित दर्जनों कार्यकर्ता एवं अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत इं अनिल जोशी द्वारा किया गया।



# बागेश्वर में युद्ध स्तर पर आपदा राहत कार्य

## प्रभावित परिवारों को तात्कालिक राहत वितरित, विधायक व डीएम लगातार पीड़ितों के बीच

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** विधायक कपकोट सुरेश गढ़िया एवं जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने आपदा राहत शिविर बैसानी में आपदा प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर स्थिति का जायज़ा लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि आपदा की विपरीत परिस्थितियों में शासन-प्रशासन पूरी तरह से प्रभावितों के साथ खड़ा है। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू करने हेतु युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। विस्थापन की कार्यवाही नियमानुसार शीघ्र शुरू की जाएगी। जिसके लिए नजदीक



अथवा अन्यत्र भूमि चिन्हित की जा रही है। तब तक गांव में सभी आवश्यक सेवाओं को सुचारू रूप से उपलब्ध कराया जाएगा। राहत शिवि. रों में रहने व भोजन की व्यवस्था की गई है तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच एवं उपचार के लिए विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। प्रभावित परिवारों को राशन किट भी वितरित किए जा रहे हैं। विधायक सुरेश गढ़िया ने कहा कि आपदा से क्षेत्र में भारी क्षति हुई है, जो एक बड़ी चुनौती है। सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए तेजी से कार्यवाही की जा रही है। विस्थापन की प्रक्रिया समयबद्ध एवं सकारात्मक ढंग से पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं राहत एवं बचाव कार्यों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। सरकार द्वारा आपदा प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत राशि उपलब्ध कराई जा रही है। मकान क्षति एवं पशुधन क्षति के लिए अतिरिक्त मुआवज़ा भी वितरित किया गया है। इस दौरान पौसानी के गणेश जोशी पुत्र रमेश जोशी को 10 लाख 8 हज़ार, महेश जोशी पुत्र बचूली देवी को 6 लाख 8 हजार को मृतक आश्रित, मकान क्षति, गोशाला व अहेतुक राशि के चेक दिए गए। गो. विंद राम, बहादुर राम, पूरन सिंह, मंगला देवी आदि को तत्काल आंगन क्षति के 6500 के चेक दिए गए हैं। ग्राम प्रधानों ने जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि जिला. धिकारी और विधायक आपदा की इस घड़ी में कंधे से कंधा मिलाकर प्रभावितों के साथ खड़े हैं। राहत कैंप में पुलिस अधीक्षक चंद्र शेखर घोड़के, उप जिलाधिकारी अनिल रावत सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### सरयू, गोमती उफान पर

**बागेश्वर।** जिले में पिछले 36 घंटों से अनवरत बारिश जारी है। लगातार हो रही बारिश से एक बार फिर हाई अलर्ट के चलते सोमवार को जिले के समस्त विद्यालय आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहे। लगातार हो रही बारिश के कारण बाजारों से रौनक गायब रही। किसानों की फसल पूरी तरह से बर्बादी की कगार पर आ चुकी है। गांव में हो रही बारिश से सरयू गोमती नदी उफान पर है।

# खटीमा गोलीकांड के शहीदों को दी श्रद्धांजलि, धरना दिया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों ने 1 सितंबर 1994 को खटीमा में शहीद राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने 25 वर्ष बाद भी शहीदों के सपनों के अनुरूप राज्य का विकास नहीं होने पर सरकार को चेताया। सोमवार को गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में राज्य आंदोलनकारियों ने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। वक्ताओं ने कहा राज्य के विकास की बात तो दूर 25 वर्ष में राज्य की स्थाई राजधानी तक तय नहीं हो पाई है। सत्ता में बैठे



लोग विकास के धन की बंदरबांट तो कर ही रहे थे। उत्तराखंड परिर्वतन पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा कि उत्तराखंड के समुचित विकास के लिए राज्य का निर्माण किया गया था। राज्य निर्माण के लिए कई लोगों ने अपनी शहादत दी और प्रताणना झेली। लेकिन आज राज्य निर्माण की अवधारणा खत्म हो गई है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में खनन, भू-माफियाओं का बोल बाला है। वहीं, सरकार पर राज्य के संसाधनों को लूटने का आरोप लगाया। नारायण राम, ममता जोशी, भावना पांडे, चिंतामणि भट्ट, आनंदी वर्मा, मोहम्मद वसीम, नीमा आर्या, गोपाल सिंह गैड़ा, विनोद तिवारी, किरन आर्या, राकेश बाराकोटी, दीपांशु पांडे, ममता बिष्ट, पूजा, केएन भट्ट, प्रेम चंद्र, राजू गिरी, बसंत सिंह खनी, चंदन सिंह, हेमा, डा. जेसी दुर्गापाल, भारती पांडे समेत कई लोग मौजूद रहे।

### बर्बाद हुआ खड़िया उद्योग, लोग बेरोजगार

**बागेश्वर।** जिले के सर्वाधिक रोज़गार एवं राजस्व देने वाला व्यवसाय बरबादी की कगार पर पहुंचा। व्यवसाय से जुड़े लोग गाड़ियां, मशीन, घोड़े- खच्चर, दुक. ानें बेचने की कगार पर पहुंचे। बता दें कि जिले का एकमात्र रोजगार परक उद्योग खड़िया उद्योग बर्बादी की कगार पर पहुंच चुकी है। लगभग सात आठ माह से बंद पड़ी खड़िया माइंस से अब क्षेत्रों में तबाही मचानी शुरू कर दी है। खुले खड़िया के गड्ढे डैम का रूप लेते जा रहे है। जो टूटकर खेत खलिहानों को बहा रही है। वही दूसरी ओर खड़िया खनन से जुड़े ट्रक, डंपर, जेसीपी मशीन के व्यापारी उन्हें बेचने के कगार पर खड़े है। एक ओर पिछले लंबे समय से वाहन खड़े हैं, तो दूसरी बैंक से लगातार वाहनों की किस्त भरने के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

# खटीमा गोलीकांड राज्य आंदोलन का काला अध्याय

## शहीद राज्य आंदोलनकारियों ने दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड राज्य आंदोलन के इतिहास में 1 सितंबर 1994 को हुए खटीमा गोलीकांड को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस दिन राज्य आंदोलनकारियों पर की गई पुलिस फायरिंग में आठ आंदोलनका. रियों ने शहादत दी थी। इन्हीं वीर शहीदों की याद में सोमवार को देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय गुरुनानक मार्केट में एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान राज्य आंदोलनकारी हुकुम सिंह कुंवर ने कहा कि खटीमा गोलीकांड राज्य आंदोलन का काला अध्याय था, लेकिन शहीदों की कुर्बानी ही राज्य निर्माण की नींव बनी। उन्होंने कहा कि आज जो उत्तराखंड राज्य अस्तित्व में है, वह इन्हीं वीरों के बलिदान का परिणाम है, और राज्य की जनता कभी उनके योगदान को नहीं भुला सकती। राज्य आंदोलनक. ारी पंकज सुयाल, डा. केदार पलड़िया और बृजमोहन सिजवाली ने संयुक्त रूप से कहा कि खटीमा गोलीकांड में आठ आंदोलनकारी शहीद हुए थे, जिनकी याद में हर वर्ष यह दिन हमें बलिदान और संकल्प की प्रेरणा देता है। इस मौके पर गोपाल भट्ट, दीपक रौतेला, चंद्रशेखर तिवारी, माधो सिंह देवपा, उमेश चंद्र बेलवाल, रजत पंत, संतोष गौड़, प्रेम सिंह परिहार मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति द्वारा तिकोनिया गेस्ट हाउस में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने शहीदों के बलिदान को याद करते हुए वर्तमान हालात पर गहरी नाराज़गी व्यक्त की। जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा





कि जिन शहीदों ने अपनी जान देकर उत्तराखंड राज्य बनवाया, आज उनके सपनों की राजधानी गैरसैंण को भी राजधानी का दर्जा नहीं दिया गया। आंदोलनकारी राजेंद्र खनवाल और डा. बालम बिष्ट ने कहा कि आज राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। इस मौके पर कैलाश शाह, मोहनी रावत, अयोध्या प्रसाद केसरवानी, ब्रजमोहन सिंह सिजवाली, धर्मानंद पलाड़िया, आनंद बोरा, उमेश सहित कई आंदोलनकारी मौजूद रहे।

### दोषियों को सज़ा न मिलने पर जताई नाराज़गी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड राज्य आंदोलन के शहीदों की स्मृति में 1 सितंबर 1994 को खटीमा और 2 सितंबर 1994 को मसूरी में हुए गोलीकांड की बरसी पर जन मिलन केंद्र गुजरौड़ा फतेहपुर में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। बैठक में आंदोलनकारियों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में वक्ताओं ने खटीमा और मसूरी गोलीकांड को उत्तराखंड राज्य निर्माण के इतिहास का काला अध्याय बताते हुए कहा कि आज भी इन घटनाओं के ज़िम्मेदारों को न्यायिक सज़ा न मिलना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। आंदोलनकारियों ने विशेष रूप से मुजफ्फरनगर कांड के दोषियों को अब तक सज़ा न मिलने पर गहरा आक्रोश जताया। इस अवसर पर राज्य आंदोलनकारी लाखन चिलवाल, चंद्रशेखर तिवारी, राजेंद्र बोरा, कृष्णानंद जोशी, ललित कांडपाल, पूरन परिहार, पान सिंह बोरा, किशोर सिंह, भुवन तिवारी, भोपाल सिंह, थान सिंह बिष्ट समेत कई अन्य वरिष्ठ आंदोलनकारी मौजूद रहे।

# सय्यद काशिफ ज़ाफरी माइनॉरिटी फोरम के उत्तराखण्ड संयोजक नियुक्त

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** समाजसेवा और अल्पसंख्यक अधिकारों की लड़ाई में सक्रिय भूमिका निभाने वाले सय्यद काशिफ जाफरी को ऑल इंडिया माइनॉरिटी फोरम फॉर डेमोक्रेसी का उत्तराखंड राज्य संयोजक नियुक्त किया गया है। संगठन के अध्यक्ष अम्मार रिज़वी ने कहा कि सय्यद काशिफ ज़ाफरी लंबे समय से अल्पसंख्यकों की आवाज़ को लो. कतांत्रिक मंचों तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। हमें विश्वास है कि उनके नेतृत्व में संगठन राज्य स्तर पर और भी मजबूत होगा। पूर्व में पत्रकारिता के क्षेत्र से रहे सय्यद काशिफ ज़ाफरी उत्तराखंड उच्च न्यायालय नैनीताल में 2010 से अधिवक्ता हैं। उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में समाज के वंचित वर्गों की आवाज़ को प्रमुखता से उठाया है और



अनेक सामाजिक मुद्दों पर निष्पक्ष रिपोर्टिंग के माध्यम से जनजागरण का कार्य किया है। विधि क्षेत्र में भी उन्होंने न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सिद्ध किया है। अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री जाफरी ने कहा यह मेरे लिए गर्व और जिम्मेदारी का क्षण है। मैं संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने, सामाजिक समरसता को मजबूत करने और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा हेतु पूरी निष्ठा से कार्य करूंगा। श्री जाफरी की नियुक्त पर उनके शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है। गौरतलब है कि ऑल इंडिया माइनॉरिटी फोरम फॉर डेमोक्रेसी एक राष्ट्रव्यापी संगठन है, जो लगभग 35 वर्षों से लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों के लिए प्रयासरत है।

# किताबें नहीं मिलने से नाराज छात्र-छात्राओं ने का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** किताबें लेने लाइब्रेरी लेने पहुंचे छात्र-छात्राओं का आक्रोश तब फूट पड़ा, जब वहां तैनात कर्मचारी किताबें दिए बिना कार्यबहिष्कार पर चले गए। नाराज छात्र किताबें नहीं मिलने पर आर्यन छात्र संगठन की अगुआई में लाइब्रेरी के बाहर ही धरने पर बैठे गए।

विवि प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी की। छात्र-छात्राओं ने कहा कि सोमवार को बीएससी प्रथम सेमेस्टर के छात्र छात्राओं को किताबें वितरण करने का दिन था। विद्यार्थी भारी बरसात के बीच भी किताबें लेने लाइब्रेरी पहुंचे। जिसके बाद किताबें लेने के लिए फार्म भरे, लेकिन थोड़ी देर में लाइब्रेरी में तैनात सभी कर्मचारी पुस्तकालय को बंद कर वहां से चले गए। छात्रों ने कहा कि कर्मचारियों ने कारण पुछा तो कर्मचारियों ने बताया कि दो घंटे तक कार्यबहिष्कार है, दो बजे लाइब्रेरी खुलेगी। जिसके बाद ही किताबें मिलेगी। इससे छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा। छात्र धरने पर बैठ गए। हड़ताल है अब 2 बजे लाइब्रेरी खुलेगी।

छात्रों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि ऐसा था तो सुबह ही बता देते हम काफी दूर से आए है जिसके बाद आर्यन छात्र संगठन के साथ सभी छात्र धरने में बैठ गए और जमकर नारेबाजी शुरू करदी,उसके बाद प्रसाशन आया और फिर बच्चो को किताबे मिली। छात्रों का गुस्सा देख विवि प्रशासन के अधिकारी वहां पहुंचे, तब जाकर छात्र शांत हुए।यहां गौरव भंडारी, निशांत पांडेय, भास्कर गोस्वमी, विशाल बिष्ट, पंकज कनवाल, उज्जवल नेगी, राहुल फुलारा, गोविंद प्रसाद, रंजना, हिमांशी, नेहा राठौर, कामिनी आर्या, अमित फर्त्याल, हर्षित जीना, पारस रौतेला आदि छात्र मौजूद रहे।

# गौला का जलस्तर खतरे के निशान के करीब

## नदी–नालों के पास बसे लोगों को किया सतर्क रहने की अपील, पुलिस–प्रशासन अलर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक रेड अलर्ट जारी किया गया है. पहाड़ों पर लगातार बारिश हो रही है, जिसके चलते गौला नदी का लगातार जलस्तर बढ़ रहा है. रविवार रात से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश सोमवार को भी जारी है। वहीं भारी बरसात के चलते गौला नदी का जलस्तर भी 55 हजार क्यूसेक तक पहुंच गया। गौला नदी अपने खतरे निशान पर बह रही है। गौला नदी के उफान पर आने से एनएचएआई के बनाए गए चेक डेम क्षतिग्रस्त हो गए। नदी का प्रवाह भी बदलकर पीडब्लूडी और रेलवे फाटक से पुल के मध्य मार्ग की ओर हो गया है जिससे खतरे बढ़ गया है। हालांकि पुल किनारे बनी सुरक्षा दीवार फिलहाल सुरक्षित है। प्रशासन ने सभी विभागों को अलर्ट मोड पर रखा है और आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए हैं। इधर रकसिया और कलसिया नाले के उफान पर आने से लोगों में दहशत का माहौल है। वहीं चोरगलिया–हल्द्वानी मार्ग पर स्थित शेर नाला और सूर्या नाला उफान पर आने से मोटर मार्ग को कुछ समय के लिए अस्थायी रूप बंद करना पड़ा। लोगों को बारिश से अभी जल्द राहत नहीं मिलने वाली है। राज्य मौसम विभाग के अनुसार सात सितम्बर तक मौसम इसी तरह बना रहेगा। बता दें कि रविवार की रात से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश एक बार फिर से लोगों के लिए आफत बन गयी है। बीती रात्रि से जारी भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक सोमवार शाम चार बजे तक हल्द्वानी (काठगोदाम) में 35.0 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गयी है, जबकि जिले में औसतन 26.6 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई है। सबसे अधिक खनस्यू (ओखलकांडा) में 82.0 एमएम और मक्तेश्वर में 75.6 एमएम बारिश दर्ज की गयी। भारी बारिश के चलते 1 राष्ट्रीय राजमार्ग, 3 राज्य मार्ग, एक प्रमुख जिला मार्ग और 11 ग्रामीण मार्ग बाधित हो गए है। वही चोरगलिया–हल्द्वानी मार्ग पर स्थित शेर नाला और सूर्या नाला भी उफान पर आ गया जिसके चलते मोटर मार्ग बंद कर दिया गया और यातायात को डायवर्ट कर भेजा गया। इधर, मूसलाधार बारिश के चलते शहर की सड़कों ने तालाब का रूप ले लिया। शहर के विभिन्न इलाकों में जलभराव होने से लोगों को खासा परेशानी का सामना करना पड़ा। सिटी मजिस्ट्रेट ने काठगोदाम क्षेत्र में रकसिया नाला, कलसिया नाला, हाइडिल गेट, देवखड़ी नाला, काठगोदाम ठोकर बस्ती, एसबीआई चौराहा, सहित जलभराव वाले इलाकों का स्थलीय निरीक्षण किया और कई स्थानों पर मौके पर जेसीबी लगाकर जल निकासी की मॉनिटरिंग की और अधिकारियों को मौके पर डटे रहने के निर्देश दिए। भारी बारिश के चलते जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, एसडीएम राहुल साह व सीओ नितिन लोहनी प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं और पुलिस बल को सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दे रहे हैं साथ ही लाउडस्पीकर और मुनादी के माध्यम से नागरिकों को सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की जा रही है।









जिले के कई जगह सड़क धंसने, मलवा व बोल्डर आदि आने के मामले सामने आ रहे हैं, जिन पर तत्काल कार्य कराया जा रहा है। इसके अलावा पर्वतीय इलाकों में भूस्खलन से बंद सड़कों को खोलने के लिए कंट्रोल रूम से लगातार मॉनिटरिंग भी की जा रही है, साथ ही सरकारी मशीनरी मौके पर मौजूद है। मानसून के मद्देनजर सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग और जिला प्रशासन सहित सभी विभागों को 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं।

**वंदना सिंह (डीएम)**

## सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारी बारिश के चलते देवखड़ी हाइडिल, कलसिया गौला बैराज, रकसिया नाला एवं दमुवाढूंगा क्षेत्र में पानी का बहाव काफी तेज हो गया है। एहतियातन सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी ने क्षेत्र का भ्रमण कर पुलिस कर्मियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए। नदी व नालों के आसपास रह रहे लोगों को पुलिस की और से लगातार अनाउंसमेंट कर सतर्क रहने व सुरक्षित स्थान पर जाने की अपील की जा रही है। साथ ही नाले–खाल उफान पर आने की स्थिति में जनता को खतरे की संभावना देखते हुए समय रहते सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए जागरूक किया। वही पुलिस कर्मियों को बैरियर लगाने एवं संवेदनशील स्थानों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी ने बताया कि जिला पुलिस लगातार निगरानी व भ्रमण पर है। आमजन से अपील है कि अफवाहों पर ध्यान न दें एवं सुरक्षा के लिए पुलिस की सलाह का पालन करें।



### पुलिस टीमें मुस्तैद, हरसंभव मदद मिलेगी

भारी बारिश के कारण मार्ग पर पहाड़ी से लगातार मलबा और पत्थर गिर रहे हैं, जिससे सड़क मार्ग अवरुद्ध हो गया है। प्रशासन द्वारा जेसीबी मशीन की मदद से रास्ता खुलवाने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर विश्वास करें। किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में तुरंत पुलिस या संबंधित विभाग से संपर्क करने की अपील की गई है। पुलिस की टीमें सभी प्रभावित क्षेत्रों में मौजूद हैं और यात्रियों को हर संभव मदद समय पर उपलब्ध कराने के लिए तैनात हैं।

### बेलबाबा के पास सड़क पर गिरा पेड़

रुद्रपुर रोड स्थित बेलबाबा के पास सोमवार सुबह एक बड़ा पेड़ अचानक सड़क पर गिर गया, जिससे मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया और यातायात प्रभावित हो गया। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन एवं आपात सेवा केंद्र, हल्द्वानी की रेस्क्यू टीम तुरंत हरकत में आई और मौके पर पहुंचकर राहत व बचाव कार्य शुरू किया। फायर स्टेशन हल्द्वानी से पहुंची टीम ने वुडन कटर (लकड़ी काटने की मशीन) की सहायता से पेड़ को छोटे–छोटे टुकड़ों में काटकर हटाया। इसके पश्चात मार्ग को यातायात के लिए पूरी तरह खोल दिया गया, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिली। अग्निशमन विभाग की तत्परता और कुशल कार्यप्रणाली की स्थानीय नागरिकों ने सराहना की। गनीमत रही कि घटना के समय कोई वाहन या राहगीर पेड़ के नीचे नहीं आया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।



### नालों के उफान पर रोके रास्ते

**हल्द्वानी।** भारी बारिश में संवेदनशील इलाकों में निगरानी के लिए एसडीएम राहुल शाह, तहसीलदार मनीषा बिष्ट और सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट समेत नगर निगम की पूरी टीम के साथ तमाम स्थानों में नालों के किनारे का निरीक्षण किया। कर रही है। टीम ने आसपास रहने वाले लोगों से अपील की कि वे सतर्क रहे और अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें। एसडीएम राहुल शाह ने बताया कि बरसात से कई जगहों पर जलभराव हुआ है। देवखड़ी के पास पानी बढ़ने के कारण यातायात रोकना पड़ा। शेर नाला और सूर्या नाले की ओर भी पानी आया जिससे कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ। इसके अलावा गौला बैराज का जल स्तर भी बढ़ गया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, जिसके मद्देनजर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को चौबीसों घंटे अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# एक चरस तस्कर, दो वारंटी चढ़े हत्थे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मादक पदार्थों की तस्करी और फरार अभियुक्तों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। काठगोदाम पुलिस ने चरस की तस्करी कर रहे एक तस्कर को गिरफ्तार किया, जबकि बनभूलपुरा पुलिस ने न्यायालय से प्राप्त वारंट के आधार पर दो वांछित आरोपियों को दबोचा। जानकारी के अनुसार बीते रविवार की रात्रि थानाध्यक्ष काठगोदाम विमल मिश्रा मय टीम के साथ अलग–अलग स्थानों पर चैकिंग कर रहे थे तभी टीम ने थाना मुख्य गेट से लगभग 50–60 मीटर दूर नरीमन की ओर से एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। जिसकी जामातलाशी के दौरान उसके पास से 200.4 ग्राम अवैध चरस बरामद की गई। आरोपी की पहचान प्रकाश चंद्र भट्ट पुत्र स्व. लोकमणि निवासी देवलामल्ला, गोलापार के रूप में हुई। टीम में एसआई अरुण राणा, कांस्टेबल अशोक रावत, कांस्टेबल भानु प्रताप शामिल रहे। वहीं दूसरी ओर, बनभूलपुरा प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने न्यायालय से प्राप्त वारंट की तामील करते हुए दो वारंटियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में मो. अजीम उर्फ राजा, पुत्र जलील अहमद, निवासी बड़ी रोड, थाना बनभूलपुरा और अशोक कुमार उर्फ जोजो पुत्र सोहन लाल निवासी स्वामी विहार गौजाजाली उत्तर शामिल हैं। तीनों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

**शराब के साथ दो गिरफ्तार**

हल्द्वानी। अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखानी व काठगोदाम थाना क्षेत्रों में दो अलग–अलग मामलों में अवैध शराब की तस्करी करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष मुखानी दिनेश जोशी के नेतृत्व में गोसाईपुर तिराहे के ऊपर गीतांजलि ढाबा के पास छापेमारी कर अमोल दास पुत्र सूरज दास निवासी गीतांजलि ढाबा, गोसाईपुर मुखानी निवासी गांव चितरंजनपुर, थाना दिनेशपुर, जिला उधमसिंह नगर को 34 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं काठगोदाम थाना पुलिस ने राहुल आर्य पुत्र जगदीश चंद्र आर्य, निवासी हाइडिल गेट के पास दमुवाढूंगा, काठगोदाम को 79 टेट्रा पैक संतरा मसालेदार देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# डा. पंकज मेडिकल कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य नियुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के प्राचार्य डा. अरुण जोशी के सेवानिवृत्त होने के बाद हड्डी रोग विभाग के एचओडी डा. पंकज सिंह राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य बनाए गए हैं। सोमवार को निवर्तमान प्राचार्य डा. अरुण जोशी ने उनको कार्यभार सौंप दिया। बता दें कि डा. अरुण जोशी का 30 अगस्त को अंतिम कार्यदिवस था। उन्होंने कार्यभार सौंपने की सारी औपचारिकताएं निभा दी थी लेकिन शासन से नए प्राचार्य का नाम तय नहीं हो पाने के चलते वह कार्यभार नहीं सौंप पा रहे थे। शासन की ओर से कॉलेज में सबसे सीनियर फैकल्टी हड्डी रोग के एचओडी डा. पंकज सिंह को चार्ज सौंपने के आदेश के तहत उन्होंने औपचारिक तौर पर प्राचार्य कार्यालय में उन्हें कार्यभार सौंप दिया। इधर कार्यभार ग्रहण करने के बाद प्रभारी प्राचार्य डा. पंकज सिंह ने कहा कि मरीजों को बेहतर और विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी। आपातकालीन विभाग को और सशक्त बनाने तथा रोगियों को त्वरित उपचार दिलाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।



## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 7 सितम्बर को

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा सदगुरुदेव सतपाल जी महाराज के पावन जन्मोत्सव पर 7 सितंबर को मानव धर्म आश्रम कुसुमखेड़ा हल्द्वानी में निशुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए आश्रम की प्रभारी प्रचारिका बाई ने बताया कि पटेल क्लिनिक हल्द्वानी के डाक्टर एचपी पटेल एवं उनकी टीम के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में ईसीजी कोलेस्ट्रॉल शुगर गठिया एवं आंखों की जांच निशुल्क रूप से की जाएगी। उन्होंने बताया कि शिविर का आयोजन सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। इस अवसर पर सद्भावना सत्संग समारोह का भी आयोजन किया जाएगा।

# मानवाधिकार आयोग ने पुलिस अधिकारियों को भेजा नोटिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आरटीआई कार्यकर्ता भुवन पोखरिया और उनके परिवार पर हुए हमले का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। पिछले साल दिसंबर में चोरगलिया थाना क्षेत्र में हुई इस गंभीर घटना को पुलिस ने चंद दिनों में बंद कर दिया था, लेकिन अब मानवाधिकार आयोग ने इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए आईजी कुमाऊं को नोटिस जारी किया है और पांच दिन के भीतर जवाब मांगा है। बता दें कि उम्मेदपुर, चोरगलिया निवासी भुवन पोखरिया ने बताया कि 12 दिसंबर 2024 को वे अपने परिवार के साथ हल्द्वानी से लौट रहे थे। जैसे ही वे दानीबंगर से चोरगलिया की ओर जंगल के पास पहुंचे, उन पर अज्ञात हमलावरों ने जानलेवा हमला किया। उन्होंने तत्काल चोरगलिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने मात्र पांच दिन में जांच पूरी कर कोर्ट में यह रिपोर्ट सौंप दी कि कोई हमला हुआ ही नहीं। भुवन के अनुसार, जब उन्होंने इस कार्रवाई के खिलाफ एसएसपी कार्यालय में शिकायत दर्ज करानी चाही, तो उल्टा उन्हें ही जेल भेज दिया गया। घटना और पुलिस की भूमिका से क्षुब्ध होकर भुवन पोखरिया ने मानवाधिकार आयोग का दरवाजा खटखटाया। अब आयोग ने इस पूरे मामले में गंभीर रुख अपनाते हुए आईजी कुमाऊं को नोटिस भेजा है और सभी संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है। आयोग ने इस मामले में एसएसपी नैनीताल पीएन मीणा, एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ सिटी नितिन लोहनी, चोरगलिया थानाध्यक्ष राजेश जोशी और एलआईयू अधिकारी जितेंद्र उप्रेती को पक्षकार बनाया है।

# खटीमा गोलीकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** मंडल मुख्यालय नैनीताल में सोमवार को उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारी क्रांतिकारी मोर्चा नगर इकाई द्वारा खटीमा- मंसूरी गोली कांड की 31वीं बरसीं में सोमवार को शहीद प्रताप सिंह स्मारक (जू रोड) में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित करके राज्य प्राप्ति के लिए शहीद हुए राज्य आंदोलनकारियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत श्रद्धांजलि कार्यक्रम हर वर्ष के भांति तल्लीताल स्थित गांधीजी की प्रतिमा के समीप होना था पर भारी वर्षा के कारण उक्त कार्यक्रम शहीद राज्य आंदोलनकारी प्रताप सिंह की प्रतिमा के सामने संपन्न किया गया। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी क्रांतिकारी मोर्चा ने खटीमा गोलीकांड में शहीद हुए राज्य आंदोलनकारी भगवान सिंह, प्रताप सिंह, धर्मानन्द भट्ट, सलीम, गोपी चंद, परमजीत सिंह तथा रामपाल को श्रद्धासुमन अर्पित किये तथा उनके द्वारा दिए गए बलिदान को याद किया गया। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी क्रांतिकारी मोर्चा के इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि जिस बर्बरता पूर्वक 1 सितंबर 1994 को पुलिस द्वारा खटीमा नगर क्षेत्र में हजारों लोग जब शांतिपूर्ण रूप से जलूस निकालकर पृथक राज्य की मांग कर रहे थे तभी खटीमा मुख्य चौराहे पर तत्कालीन थानाध्यक्ष डीके जैन की आंदोलनकारियों से हुई तीखी झड़प ने शांतिपूर्ण हजारों लोगों के ऊपर बर्बरता पूर्वक गोलीबारी कर दी जिसमें इतने राज्य आंदोलनकारी शहीद हो गये। कहा कि राज्य आंदोलनकारियों ने कहा कि राज्य गठन के 25 वर्षो के बाद भी आज शहीदों के सपने साकार नहीं हुए हैं। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में राज्य आंदोलनकारी कंचन चंदोला, शाकिर अली, पान सिहं सिजवाली, दिनेश उपाध्याय, मनमोहन चिलवाल, गिरीश चन्द्र जोशी, मनमोहन सिंह कनवाल, लीला बोरा, इंदर सिंह नेगी, मुकुल कांडपाल, गणेश बिष्ट, वीरेंद्र जोशी, पान सिंह रौतेला, महेश जोशी, मुनीर आलम सिद्दीकी, लक्ष्मी नारायण लोहनी तथा हरेन्द्र बिष्ट आदि दर्जनों राज्य आंदोलनकारी उपस्थित थे।



### मार्ग ठीक कराने की मांग

**कालाढूंगी।** बौर नदी में बने श्मशान घाट में टीनशेड व क्षतिग्रस्त मार्ग को ठीक कराने के लिए वार्ड मेंबरों ने विधायक भगत व डीएफओ रामनगर को ज्ञापन दिया है। सोमवार को भाजपा महामंत्री हरीश मेहरा, वार्ड नं सात के मेंबर के नेतृत्व में वार्ड मेंबरों ने विधायक बंशीधर भगत व डीएफओ रामनगर ध्रुव मर्तोलिया को ज्ञापन देत हुए बताया कि श्मशान घाट का रास्ता खराब होने की वजह से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बरसात में बारिश की वजह से ग्रामीणों को अत्यधिक परेशानियां हो रही हैं। विधायक भगत व डीएफओ ध्रुव मर्तोलिया ने मार्ग ठीक कराने के साथ टीनशेड डालने का आश्वासन दिया है। इस दौरान वार्ड मेंबर 1 रोहित बुढलाकोटी, वार्ड मेंबर सुमुन के पति मनोज अधिकारी व वार्ड नं सात की चंद्रा टम्टा के पति राजेश टम्टा थे।

# शहीदों का अपमान कर रही सरकार

## पहाड़ी आर्मी ने खटीमा गोलीकांड की बरसी को काला दिवस के रूप में मनाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पहाड़ी आर्मी संगठन ने खटीमा गोलीकांड की बरसी को काला दिवस के रूप में मनाते हुए आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान संगठन ने नैनीताल रोड स्थित अपने कार्यालय में सरकार पर शहीदों के अपमान का गंभीर आरोप लगाया और जोरदार नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

संगठन के अध्यक्ष हरीश रावत ने कहा कि 1 सितंबर को राज्य आंदोलनकारियों के त्याग और बलिदान को याद करने का दिन है। उत्तराखंड राज्य निर्माण के इस आंदोलन में सैकड़ों लोग घायल हुए और कई ने अपनी जान गंवाई। रावत ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के सम्मान के दिन धामी सरकार जिला पंचायत के शपथ समारोह का आयोजन कर जश्न मना रही है, जो शहीदों के बलिदान का अपमान है। उन्होंने कहा राज्य आंदोलनकारियों का यह तिरस्कार देवभूमि के हर व्यक्ति का अपमान है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मोहन कांडपाल, नगर अध्यक्ष भुवन फौजी, राजेंद्र कांडपाल, कविता जीना, गीता बिष्ट, अंजू पांडे, भगवत सिंह राणा, दीपक गोस्वामी, विनोद नेगी, हरेंद्र राणा आदि मौजूद रहे।



# वेतन: रोडवेज कर्मचारियों का प्रदर्शन

## काली पट्टी बांधकर जताया विरोध, बेमियादी हड़ताल की चेतावनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विगत दो माह से रोडवेज कर्मचारियों का भुगतान ना होने पर रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद कर्मचारियों ने हल्द्वानी रोडवेज स्टेशन में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया, और शीघ्र ही भुगतान ना होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। सोमवार को हल्द्वानी रोडवेज स्टेशन में रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद कर्मचारियों संगठन के बैनर तले दर्जनों कर्मचारी एकत्र हुए और दो माह से कर्मचारियों को भुगतान ना किए जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए अपने बाहों में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। जिसे बाद उन्होंने सहायक महाप्रबंध परिवहन निगम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कर्मचारियों ने एक स्वर में कहा कि उत्तराखंड परिवहन निगम के कर्मचारियों को विगत दो माह (जुलाई–अगस्त) का वेतल भुगतान नहीं हुआ है। वेतन ना मिलने पर कमचारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने कहा कि वेतन भुगतान ना होने पर कर्मचारी आज से 7 अगस्त तक काला फीता बांधकर विरोध करेंगे, और उसके बावजूद भी मांग पूरी नहीं हुई तो कर्मचारी मजबूरन होने आठ अगस्त से मंडलीय प्रबंधक के कुमाऊं क्षेत्र कार्यालय में अनिश्चितकालीन धरने को मजबूर होगा। प्रदर्शन करने वालों में क्षेत्रीय मंत्री राजेन्द्र सिंह नेगी, शाखा अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह रावत, शाखा मंत्री तारा देवी, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष आन सिंह जीना, उमेश जोशी, श्याम सिंह शाही, कौशल जोशी, राजीव भट्ट, भाष्कर चन्द्र, दिनेश भंडारी, सुरेन्द्र सिंह वाणी, पवन जोशी, नरेश उपाध्याय, उमेश चन्द्र तिवारी, सागर रौतेला, जितेन्द्र सिंह बिष्ट, आनंदी शुक्ला, भाष्कर मिश्रा, भुवन सिंह जीना आदि मौजूद रहे।



# बारिश में डटे रहे ग्रामीण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बेहद खराब मौसम और मूसलाधार बारिश के बावजूद बागजाला गांव में भूमि के मालिकाना अधिकार समेत आठ सूत्रीय मांगों पर ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन 15वें दिन भी जारी रहा। भारी बारिश होने के बाद भी बागजाला के ग्रामीण अपनी मांगों के लिए डटे रहे। धरने की शुरुआत उत्तराखण्ड, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर समेत देश के विभिन्न क्षेत्रों में अतिवृष्टि के चलते आ रही आपदा में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि स्वरूप दो मिनट के मौन के साथ हुई। धरने के माध्यम से मांग की गई कि आपदा पीड़ितों को केंद्र और राज्य सरकार समुचित राहत और बचाव प्रदान करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य करे। धरने में आनन्द सिंह नेगी, उर्मिला रैक्वाल, विमला देवी, वेद प्रकाश, हेमा देवी, दौलत सिंह कुंजवाल, प्रेम सिंह नयाल, वेद प्रकाश, दीवान सिंह बर्गली, मीना भट्ट, हरक सिंह बिष्ट, डा कैलाश पाण्डेय, गोपाल सिंह बिष्ट, चन्दन सिंह मटियाली, मीना, पूजा, हर्षिता टम्टा, ऋषि मटियाली आदि मौजूद रहे।

## नाबालिग किशोरी लापता, गुमशुदगी दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** संदिग्ध परिस्थितियों के चलते एक नागालिग किशोरी लापता हो गई। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करते हुए नाबालिग किशोरी की तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा थानाक्षेत्र में रहने वाली लापता नाबालिग की मां ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उनकी 15 वर्षीय बेटी 30 अगस्त की दोपहर घर से निकली थी। तहरीर में मां ने कहा कि उसने बताया कि वो भाई को लेने स्कूल जा रही है, लेकिन इसके बाद से वो वापस नहीं लौटी। किशोरी की काफी खोजबीन की लेकिन उसका कोई पता नहीं लगा। इधर बनभूलपुरा थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि मां की तहरीर के आधार पर किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही नाबालिग को सकुशल बरामद कर लिया जायेगा।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कार व बाइक की आमने सामने भिड़ंत, बाइक सवार की मौत

■ मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक सवार के शव व दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लिया

शाह टाइम्स संवाददाता

नानकमत्ता। बाइक तथा कार की भिड़ंत में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। घटनाकर कार चालक वाहन छोड़ मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक सवार के शव तथा क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है।

सोमवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार देर शाम थाना क्षेत्र के ग्राम पचपेड़ा भट्ट मोड हाईवे पर कार संख्या UK03 TA 6664 को मोटरसाइकिल संख्या UK06 BH2940 से आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गई। घटना में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना कर कार चालक वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची 112 पुलिस द्वारा मृतक के शव व मौके पर पड़े क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लिया गया है। मृतक बाइक सवार के पास से पुलिस को एक आधार कार्ड बरामद हुआ है, जिसमें रामनक्षत्र पुत्र चुन्नीलाल निवासी प्रतापपुर नंबर 4 जोगीठे नगला,नौसर लिखा है, जिससे मृतक की पहचान रामनक्षत्र से लगाई जा रही है। पुलिस ने बताया कि मृतक के परिजनों से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। मृतक का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।



# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

रामनगर। नेशनल हाईवे 309 रामनगर काशीपुर मार्ग चिलकिया के पास एक बाइक खड़े डंपर वाहन में जा घुसी, जिसमे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है।



घटना के संबंध में जानकारी देते हुए संयुक्त चिकित्सालय की डॉक्टर दीपा ने बताया कि रविवार की रात ग्राम शक्तिनगर निवासी 25 वर्षीय लईक अहमद पुत्र रईस बाइक पर सवार होकर ग्राम चिलकिया टांडा की तरफ जा रहा था। इसी बीच चिलकिया के समीप उसकी बाइक खड़े डंपर से जा टकराई, जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे 108 की मदद से उपचार के लिए रामनगर अस्पताल लाया गया था। जहां उसकी मौत हो गई।

घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने बताया कि सोमवार की सुबह पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि युवक लकड़ी का काम करता था।

## एक नजर

# ग्राम ढिकुली गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गई बस

**हादसे में छह लोग घायल, दो की हालत गंभीर**

शाह टाइम्स संवाददाता

रामनगर। रामनगर के ग्राम ढिकुली में सोमवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया। ग्राम ढिकुली गांव के पास कुमाऊं गढ़वाल मोटर यूनियन की एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई,बस में एक दर्जन से ज्यादा यात्री सवार थे। हादसे में छह लोग घायल हो गई।जिनमें दो की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों व यात्रियों के अनुसार सोमवार की सुबह एक बस रामनगर से चौखुटिया-जौरासी के लिए रवाना हुई थी।जैसे ही बस ढिकुली के पास पहुंची।सामने से तेज रफ्तार में एक जिप्सी और एक टेंपो आ गया,बस चालक प्रताप सिंह ने दोनों वाहनों को बचाने के लिए बस को साइड में किया,इसी दौरान बस का अगला पहिया सड़क किनारे कच्चे हिस्से में धंस गया और बस अनियंत्रित होकर पलट गई।बस के पलटते ही यात्रियों में अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई।हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे,उन्होंने तुरंत बस की खिड़कियां तोड़ीं और अंदर फंसे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।ग्रामीणों ने एम्बुलेंस और पुलिस प्रशासन को घटना की सूचना दी।ग्रामीणों ने यात्रियों को बाहर निकाला और घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में घायल हुए लखनपुर निवासीगण राकेश सिंह,महेंद्र सिंह,ग्राम पूछड़ी निवासीगण रितिक,नरेश पाल,बस चालक लखनपुर निवासी प्रताप सिंह और मोहल्ला पम्पापुरी निवासी मीनाक्षी को 108 एम्बुलेंस की मदद से रामनगर संयुक्त चिकित्सालय लाया गया।इनमें से दो की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया और जबकि चार को चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद रामनगर के सयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कर लिया गया है।अस्पताल की चिकित्सक डॉ. दीपा ने बताया कि दो गंभीर घायलों को हाथ-पांव में फ्रैक्चर की चोटें आई हैं,फिलहाल सभी घायलों का इलाज किया जा रहा है।मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी रामनगर प्रमोद कुमार ने कहा कि हादसे के समय बस में एक दर्जन से ज्यादा यात्री सवार थे,ड्राइवर के अनुसार सामने से आ रही तेज रफ्तार जिप्सी और टेंपो को बचाने के चक्कर में बस सड़क किनारे पलट गई,सभी घायलों को सुरक्षित अस्पताल पहुंचा दिया गया है और गंभीर घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

एसडीएम ने बताया कि हादसे की जांच कराई जा रही है,साथ ही यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और ओवरस्पीड वाहनों पर कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए हैं।कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।जांच के बाद आगे की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से फसलों में बड़े नुकसान की आहट



शाह टाइम्स संवाददाता

जसपुर। पहाड़ी इलाकों में हो रही लगातार मूसलाधार बारिश से मैदानी क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है इसी कड़ी में जसपुर क्षेत्र में भी फीका नदी में जलस्तर बढ़ने से क्षेत्र वासियों और नदी के किनारे रहने वाली लोगों में चिंता बढ़ गई है।

पिछले कुछ समय से लगातार हो रही बारिश से एक और किसान फसल के लिए अच्छे संकेत माना रहे थे।वहीं अब लगातार पड़ती बारिश ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें ला दी है क्योंकि लगातार बारिश से जमीन में पानी का जलस्तर अत्यधिक बढ़ जाने और चलने वाली हवा से किसानों की खड़ी फसलें गिर रही हैं जिससे कृषि क्षेत्र में बड़े नुकसान होने की संभावनाएं बढ़ गई हैं क्षेत्र में किसानों से की गई वार्ता के क्रम में उन्होंने बताया कि मौसम विभाग/ वैज्ञानिकों द्वारा लगातार बारिश के लिए बताया जा रहा है यदि आगे भी इस तरह की बारिश लगातार पड़ती रही तो भविष्य में उनकी फसलें चौपट होने की कगार पर आ जाएंगी जिससे कृषकों को बड़ी हानि होगी।

# छात्राओं ने प्राप्त किए रजत व कांस्य पदक

■ सीबीएसई द्वारा क्लस्टर एथलेटिक्स 19 गर्ल्स मैनपुरी उत्तर प्रदेश में आयोजित हुई थी प्रतियोगिता

शाह टाइम्स संवाददाता

खटीमा। डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म की छात्राओं ने सीबीएसई द्वारा क्लस्टर एथलेटिक्स 19 गर्ल्स मैनपुरी उत्तर प्रदेश में आयोजित प्रतियोगिता में दो रजत व तीन कांस्य पदक जीतकर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उपरोक्त प्रतियोगिता सीबीएसई क्लस्टर 2025 जो पैराडाइज पब्लिक स्कूल मैनपुरी के तत्वाधान में सैफई के मेजर ध्यानचंद इंटरनेशनल स्टेडियम में संपन्न हुई विद्यालय की दो छात्राओं का चयन वाराणसी में आयोजित आगामी सीबीएसई राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु हुआ है।

विद्यालय की ओर से उत्कृष्ट प्रसन्न करते हुए विद्यालय की छात्राओं अंशिका ओझा ने अंडर-19 डिस्कस थ्रो में रजत पदक, दिव्या कापड़ी ने अंडर- 17 ऊंची कूद में रजत पदक, कनक चंद ने अंडर- 19 -3000 मीटर दौड़ में कांस्य पदक, मनीषा उपाध्याय ने अंडर- 17- 3000 मीटर दौड़ में कांस्य पदक व दिया ने अंडर- 14 ऊंची कूद में कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय को क्षेत्र को गौरवान्वित किया।



प्रतियोगिता में अनेक विद्यालयों द्वारा प्रतिभाग किया गया था, हमारे विद्यालय डायनेस्टी गुरुकुल की छात्राओं ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया।आयोजक मंडल द्वारा छात्राओं को मेडल प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट ने प्रतिभाग कर रही समस्त छात्राओं व खेल प्रशिक्षक भरत बिष्ट को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि क्लस्टर प्रतियोगिता में सभी छात्राओं ने अद्भुत प्रदर्शन किया, यह हम सभी के लिए गौरव का क्षण है। छात्राओं व प्रशिक्षकों की मेहनत, टीम वर्क और खेल भावना से ही यह गौरव का पल प्राप्त हुआ है।

उन्होंने बताया कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के भीतर छिपी अन्य अनेक प्रतिभाओं को भी निखारने हेतु प्रयासरत है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से निरंतर मेहनत करने के लिए कहा इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन, हरीश भट्ट, दिगंबर भट्ट, सुरेश ओली, अशोक जोशी, सुरेंद्र रावत, मनीष ठाकुर, विजय रावत, गोविंद सिंह, परविंदर खाती, मनीष कुंवर,कमल इकराल, कल्पना चंद, ऊषा भट्ट, ऊषा चौसाली, हेमलता बोरा, शिल्पा सक्सेना, लिसी त्यागी, दीपा भट्ट, दीपा डसीला, सचिन तिवारी, रमेश जोशी, गिरीश जोशी, ललित मोहन कापड़ी, माया जोशी, मंजू चंद, नरसिंह कुंवर, चामू दानू व विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# जोशियान श्मशान घाट में हुआ सफाई कार्य

शाह टाइम्स संवाददाता

जसपुर। नवनियुक्त जोशीयान श्मशानघाट जीणोद्धार समिति के नेतृत्व में ठाकुरद्वारा बस स्टैंड के पास जोशीयान श्मशान घाट में सफाई अभियान चलाया गया। अरुण जोशी के नेतृत्व में समिति द्वारा चलाएं गए सफाई अभियान में समिति के पदाधिकारियों सहित समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान श्मशान परिसर में लगे झाड़ी झांकड़ हटाए गए। साथ ही कचरा एकत्र कर नष्ट किया गया। जिससे वहां आने जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। यहां समिति के अध्यक्ष मनोज जोशी, उपाध्यक्ष भीम जोशी, महामंत्री पीयूष जोशी, कोषाध्यक्ष हिमांशु ,शिवम, अरुण जोशी, धर्मवीर जोशी, विजय जोशी, महेंद्र शर्मा, नरेंद्र जोशी ,सुभाष शर्मा, अनिल जोशी, बृजेश जोशी, नितिन, सत्यम,काले, बट्टू, आदि मौजूद रहे।

# नदी-नाले उफनाए, विद्युत व्यवस्था चौपट

■ मार्ग अवरुद्ध, घरों में कैद हुए लोग

शाह टाइम्स संवाददाता

खटीमा। मानसूनी बारिश से ग्रामीण इलाकों में नदी नाले उफनाए हुए हैं। घर खेत खलियान पूरी तरह जलमग्न हो गया है। ग्रामीण घरों में कैद हैं। जनजीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त हो गया है तथा विद्युत व्यवस्था भी चौपट हो गई है।

लगातार हो रही बारिश से ग्रामीण काफी चिंतित और परेशान हैं।आपको बता दें कि विगत तीन दिनों से हो रही भारी बारिश से ग्रामीण इलाकों के लिंक मार्गों पर अधिक पानी आने से मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं। वहीं नाले नालियां चोक होने से ग्राम मझोला, कंचनपुरी, पचपेड़ा, भगचुरी व हल्दी घेरा आदि जगहों पर ग्रामीणों का काफी नुकसान हुआ है। वहीं किसानों की फसलें भी पूरी तरह जलमग्न हो गई है, जिससे उनका भारी नुकसान होने की आशंका है। हल्दी घेरा पावर स्टेशन के अंतर्गत देर रात सुरई रेंज में 33 केवी लाइन पर पेड़ गिरने से विद्युत व्यवस्था चौपट हो गई है। विद्युत विभाग की टीम बिजली सुचारु करने में जुटी हुई है।

वहीं सीमांत की देवहा नदी व परवीन नदी भी उफान पर है और भयावह रूप ले लिया है जिससे नौसर भगचुरी जादोपुर मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं। देवहा नदी का जल स्तर बढ़ने से दाह ढाकी के हालात खराब होने की आशंका है। वहीं यूपी सिंचाई विभाग द्वारा डियूनी डैम के सारे फाटक खोल दिए गए हैं। वहीं मोहम्मदपुर भूड़िया तथा जंगल जोगी ठेर प्रतापपुर में भी बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। पीड़ित ग्रामीणों ने शकील मोहम्मद अली, समसुल, हसन अहमद, रजा, यूनुस, नसरीन, इलियास, कमरूल्य, आजम, नेहा, राजपूत, युसूफ आदि ने सरकार से मुआवजा की मांग की।



# युवा हार्टफुलनेस रुद्रपुर केंद्र का युवा सम्मेलन का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

रुद्रपुर। युवा हार्टफुलनेस रुद्रपुर केंद्र द्वारा युवा सम्मेलन "राइज एंड शाइन" का आयोजन होटल बीनस में किया गया। हार्टफुलनेस राज्य युवा समन्वयक शौर्य अरोड़ा एवं रुद्रपुर युवा केंद्र समन्वयक विवेक त्रिपाठी के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें हार्टफुलनेस युवा टीम द्वारा युवाओं को आमंत्रित किया गया। जिसका उद्देश्य युवाओं को ये बताना रहा कि आजकल की भागदौड़ भरी प्रोफेशनल जीवनशैली में मानसिक संतुलन बनाए रखते हुए ध्यान के माध्यम से किस प्रकार हम तनावमुक्त, एकाग्रचित्त और सकारात्मक जीवन जीते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

इस आयोजन में लगभग 150 युवाओं ने प्रतिभाग किया। विवेक त्रिपाठी एवं रिया त्रिपाठी द्वारा स्वास्थ्य, आनंद, सफलता और नेतृत्व और मानसिक स्वास्थ्य जैसे जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला गया तथा ये भी बताया गया कि हार्टफुलनेस हमें किस तरह अपने भीतर से स्वयं को जानने में मदद करता है।



तत्पश्चात युवाओं की ओर से कुछ प्रश्न किए गए जिनका समाधान दंत चिकित्सक डा. आलोक टंडन द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि युवावस्था में ही ध्यान की शुरुआत करना अति लाभदायक एवं आवश्यक है जिससे हमें जीवन में आने वाली समस्याओं का समाधान करने व उचित निर्णय लेने में भी सहायता मिलती है। इसके कार्यक्रम में विभिन्न शैक्षिक संस्थानों के प्राचार्य, शिक्षक, विद्यार्थी, चार्टेड अकाउंटेंट्स, वकील, उद्यमी, डॉक्टर्स एवं एचआर हेड्स उपस्थित रहे। हार्टफुलनेस प्रशिक्षक अरविन्द गंगवार व निखिल द्वारा रिलेक्सेशन व ध्यान सत्र आयोजित कराया गया। विधायक रुद्रपुर शिव अरोरा द्वारा संदेश दिया गया कि आज संपूर्ण विश्व को शांति की अति आवश्यकता है और हार्टफुलनेस ध्यान द्वारा हम व्यक्तिगत शांति से विश्व शांति की ओर बढ़ते हैं। इस दौरान कार्यक्रम में हार्टफुलनेस ध्यान केंद्र हैदराबाद से नलिनी सिस्टर भी उपस्थित रहीं, जिनका मार्गदर्शन सभी को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विजय, अनंत, सृष्टि, प्रेरणा, दिव्यांशु, मनीत, तरुण, अश्विनी,मानसी सहित अनेक हार्टफुलनेस युवा अभ्यासी, प्रशिक्षक एवं वॉलेंटियर उपस्थित रहे।

# कुमाउंनी त्रैमासिक पत्रिका दुदबोली के नवीनतम अंक का विमोचन किया

शाह टाइम्स संवाददाता

रामनगर। कुमाउंनी भाषा दिवस पर सोमवार को कुमाउंनी त्रैमासिक पत्रिका दुदबोली के नवीनतम अंक का विमोचन किया गया। पर्वतीय सभा लखनपुर में हुए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पत्रिका संपादक मंडल के सदस्य नवेंदु मठपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि दुदबोली पत्रिका जो कुमाऊंनी के वरिष्ठ साहित्यकार मथुरादत्त मठपाल द्वारा निकाली जाती थी अब चारु तिवारी के संपादक में दिल्ली से प्रकाशित हो रही है,इसका नवीनतम अंक कुमाउंनी के वरिष्ठ कवि गोपाल दत्त भट्ट पर केंद्रित है। इस अंक में मो. हनचंद्र जोशी,जगदीश जोशी, डा कृष्ण चंद्र मिश्रा द्वारा विस्तार से गोपाल भट्ट के साहित्य पर जानकारी दी गई है। अंक में देवकी मेहरा के साहित्य पर चर्चा होने के साथ साथ डॉ हरिसुमन बिष्ट, डॉ कुसुम नैथानी,महावीर रवल्टा की कुमाउंनी,गढ़वाली कहानियां भी प्रकाशित हैं। प्रो. गिरीश चंद्र पंत ने कहा गोपाल दत्त भट्ट हिमालय के प्रतिनिधि कवि हैं। उनकी कविताओं में पहाड़ का सौंदर्य है तो संघर्ष भी,महिलाओं के जीवन की कठिनता भी। निखिलेश उपाध्याय ने कहा गोपाल भट्ट की कविताओं का रचना संसार बहुत विस्तृत है। इस मौके पर भुवन पपने, बी एस डंगवाल, खीमसिंह रजवार,प्रकाश फुलोरिया,नवेंदु जोशी,देवेंद्र बिष्ट,निर्मल तिवारी,विक्रम मावड़ी,योगेश सती,इंद्र मनराल आदि मौजूद रहे।



# ओमेक्स में दो पक्षों के बीच मारपीट, गाड़ियों में की तोड़फोड़

शाह टाइम्स संवाददाता

रुद्रपुर। सिडकुल थाना क्षेत्र अंतर्गत ओमैक्स रिवेरा कालोनी में देर रात दो पक्षों के बीच विवाद मारपीट और तोड़फोड़ तक पहुंच गया। मामले में एक पक्ष की ओर से दो लोगों के खिलाफ मारपीट, अभद्रता और तोड़ फोड के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई गयी है।

ओमेक्स निवासी पृथ्वी पाल सिंह ने थाना सिडकुल में तहरीर देकर ऋषभ जंडवानी और करण जंडवानी पर घर में जबरन घुसकर जान से मारने की धमकी देने, पत्नी से अभद्रता करने, गाड़ियों में तोड़फोड़ करने और रास्ते में हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाने का आरोप लगाया है। तहरीर के अनुसार घटना उस समय हुई जब पृथ्वी पाल सिंह अपनी पत्नी के साथ घर से बाहर गया हुआ था। तभी घर पर काम करने वाली महिला ने फोन कर सूचना दी कि ऋषभ जंडवानी डंडा लेकर घर में जबरन घुस आया है और धमकियां देने के साथ ही घर के बाहर खड़ी टाटा सफारी का शीशा तोड़ दिया। आरोप है कि जब पीड़ित और उसकी पत्नी मौके पर पहुंचे तो दोनों आरोपी भाइयों ने वहां भी झगड़ा किया और लाठी से हमला कर दिया।

पीड़ित ने बताया कि घटना की सूचना 112 नंबर पर दी गई और जब वह सिडकुल थाने की ओर जा रहा था तो आरोपियों ने काले रंग की वरना कार से पीछा कर उसकी जिम्नी गाड़ी को टक्कर मार दी, जिससे वाहन असंतुलित होकर पटरी पर चढ़ गया और बड़ा हादसा होने से बचा। इस दौरान आरोपियों ने लाठी और ईंट से हमला कर उसे गंभीर चोटें पहुंचाई। पीड़ित के अनुसार जब आसपास लोग इकट्ठा हुए तो आरोपी धमकी देते हुए मौके से भाग गए। पीड़ित का कहना है कि दोनों आरोपी खुलेआम जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं और उसके व उसके परिवार की जान को खतरा बना हुआ है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गांजे के साथ एक युवक को पकड़ा



शाह टाइम्स संवाददाता

रामनगर। कोतवाली पुलिस ने एक युवक को गांजे के साथ गिरफ्तार किया है।

कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि एसआई सादिक हुसैन,पुलिस कर्मियों के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे।इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर आरोपी आसिफ काली बस्ती चिल्किया को श्याम प्लाईवुड फैक्ट्री के पास कुल 4.128 किलो अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया।उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया है।कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है। इस दौरान पुलिस टीम में एसआई सादिक हुसैन, हेड कांस्टेबल तालिब हुसैन, कांस्टेबल संजय कुमार, कांस्टेबल महबूब आलम शामिल रहे।

# वेतन नहीं मिलने से रोडवेज काली पट्टी बांधकर जताया रोश

शाह टाइम्स संवाददाता

रामनगर। रोडवेज बस कर्मचारियों ने दो महीने का वेतन नहीं मिलने से काली पट्टी बांधकर रामनगर बस अड्डे पर विरोध प्रदर्शन करते हुए सरकार से वेतन देने की मांग की है।

सोमवार को रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के बैनर तले गुस्साए निगम कर्मचारियों ने रामनगर बस स्टेशन परिसर पर दो माह का वेतन न मिलने पर विरोध जताया है। रोडवेज स्टेशन पर कर्मचारियों द्वारा बाहों में काली पट्टी बांधकर अपना विरोध जताया है।कर्मचारियों को दो माह का वेतन न मिलने से काफी आक्रोश है। क्षेत्रीय प्रबंध समिति के आदेशानुसार यह कार्यक्रम सात अगस्त तक चलेगा और आठ अगस्त से सभी कर्मचारियों द्वारा मंडलीय प्रबंधक संचालन के कार्यालय के बाहर धरना एवं आक्रोश व्यक्त किया जाएगा। इस दौरान विरोध प्रदर्शन करने वालों में शाखा मंत्री त्रिभुवन चंद्र, नरेंद्र रावत, राहुल गौतम, भास्कर जोशी, पान सिंह आदि मौजूद रहे।

# इंडो-नेपाल स्थित शारदा नदी ने लिया विकराल रूप, ग्रामीण इलाके जलमग्न

■ किसानों की सैकड़ों एकड़ फसलें शारदा नदी की चपेट में

शाह टाइम्स संवाददाता

खटीमा। विगत तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश के चलते जनजीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त हो गया है। क्षेत्र के सभी नदी नाले उफान पर हैं। शहर से लेकर गांव तक बारिश का कहर देखने को मिल रहा है। लगातार भारी बारिश के चलते लोग घरों में कैद हैं। घर खेत खलियान पूरी तरह से जलमग्न हैं। किसानों की हजारों एकड़



फसलें जलमग्न हो गई है और भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। इधर इंडो नेपाल सीमा स्थित



शारदा नदी ने भी विकराल रूप ले लिया है।

शारदा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है जिसके चलते आसपास के ग्रामीण इलाकों, बन महोलिया, सिसैया व मेलाघाट आदि गांवों में पानी घुस गया है। ग्रामीणों की सैकड़ों एकड़ फैसलें शारदा नदी की चपेट में आ गई है। ग्रामीण काफी चिंतित और परेशान हैं तथा सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने के लिए प्रयास में जुटे हुए हैं। वहीं बाढ़ पीड़ितों ने शासन प्रशासन से बाढ़ से हुए नुकसान का मुआवजा देने की मांग की है। इधर स्थानीय प्रशासन भी लगातार बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में अपनी नजर बनाए हुए हैं। उप जिलाधिकारी तुषार सैनी तथा तहसीलदार वीरेंद्र सजवाण ने अपनी टीम के साथ इंडो नेपाल सीमा स्थित मेलाघाट क्षेत्र में बाढ़ प्रभावितों तथा शारदा नदी के बढ़ते हुए जल स्तर का स्थलीय निरीक्षण किया तथा बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया। वहीं खटीमा विधायक तथा उप नेता प्रतिपक्ष भुवन चंद्र कापड़ी ने भी मेलाघाट के बाढ़ क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया तथा बाढ़ प्रभावितों से मिलकर उनको हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। वहीं उन्होंने शारदा नदी में पीचिंग और तटबंध बनाने हेतु सिंचाई विभाग तथा उत्तराखंड सरकार को अवगत कराने की बात कही।

# सीएम ने दिए आपदा की आंशका से हर सम्भव निपटने के निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

नानकमत्ता। प्रदेश के मुख्यमंत्री धामी ने नानकसागर डाम के जल स्तर का निरीक्षण किया, उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये है।



बीते रविवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिला अधिकारी नितिन भदौरया एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा एवं अन्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ नानकमत्ता के नानक सगर डाम पर पहुंचकर लगातार हो रही बारिस से जलाशय की स्थित का जायजा लिया , इसके साथ ही मुख्यमंत्री धामी ने नानकसागर डाम के अधिकारी कक्ष में लगे पानी के स्टोर एवं निकासी के चार्ट का भी अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर मौजूद जिला अधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा को आने वाली हर आपदा की आंशका से हर सम्भव निपटने तथा लोगों की सुरक्षा को निर्देशित किया, बता दे कि सीएम धामी नानकमत्ता के ग्राम सरौजा स्थित भाजपा के पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राना के निवास पर पहुंचे यहां उन्होंने पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राना के पिता स्व: फिर सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया तथा दुखी परिवार को ढाढस बधाया। यहां उमेश अग्रवाल, अल्पसंख्यक मंडल अध्यक्ष याशीन सलमानी, जिला पंचायत सदस्य भास्कर संभल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर 72 घंटे से आवाजाही रही बंद

■ स्वाला डेंजर जोन में मौसम ने एनएच के प्रयासों में फेरा पानी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सुबह से ही जिले के सभी अधिकारी राहत व बचाव कार्य में लगे हुए हैं। पिछले 72 घंटे से स्वाला डेंजर जोन में बनाई गई लीक मलवे के साथ ही नीचे आ गई। जिससे वहां काम कर रहे मजदूर बाल बाल बच गए।

यहां राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों द्वारा किए जा रहे हैं सभी प्रयासों को मौसम असफल कर दे रहा है। जिलाधिकारी मनीष कुमार तड़के ही मैदानी क्षेत्र को जोड़ने वाले वैकल्पिक मार्ग पुनावे, सिप्टी, लफड़ा, सिमली पाली एवं अमोडी क्षेत्र में मोर्चा संभाले हुए हैं। यहां कोइराला गाड़ को पार करते समय एक महिला बहने लगी, जिसे बमुश्किल बचा लिया गया। जिलाधिकारी ने स्वयं मौके में जाकर घायल महिला को अपने वाहन में बैठाकर उसे उपचार के लिए चंपावत जिला चित्सालय लाया जा रहा है। इसी बीच सड़क मार्ग में कई स्थानों में मलवा आने से सड़क खोलने व बंद होने का सिलसिला जारी है। जिलाधिकारी पूरे समय इन सड़को को खोलने में लगे हुए हैं । स्वाला डेंजर जोन में राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिशासी अभियंता दीपक जोशी अपनी टीम के साथ यहां मोर्चा संभाले हुए हैं।

इधर तल्ला बापरू में स्लाइडिंग रोकने के लिए जो प्रयास किए गए थे, वह सब धराशाई हो गए हैं। जिससे सड़क मार्ग अवरुद्ध हो गया है।

मंगोली गांव में आपदा से प्रभावित अनुसूचित जातियों के लोगों को उन्हीं की सहमति से सुरक्षा की दृष्टि से उन्हें इसी गांव के अन्य लोग लोगों के यहां शरण दी हुई है। तहसीलदार जगदीश सिंह नेगी द्वारा तीन परिवारों को 2.5 लाख तथा दो परिवारों को 1.5 लाख रुपये की राहत सहायता के चेक वितरित किए गए हैं। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने सड़क मार्गों की संवेदनशील स्थिति को देखते हुए लोगों से अपील की है कि वह अनावश्यक यात्रा करने से बचे। सड़क मार्गों के ऊपर से कहीं भी किसी भी समय मालवा, बोल्डर पत्थर आ सकते हैं।

## रुद्रपुर में जगह-जगह जलभराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर में लगातार दो दिन से हो रही बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। शहर की अधिकांश सड़कों और मोहल्लों में जलभराव हो गया है, जिससे लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। वहीं कल्याणी नदी का जलस्तर भी तेजी से बढ़ रहा है, जिससे बाढ़ जैसे हालात बनने की आशंका जताई जा रही है। जाफरपुर बाजार में जलभराव से व्यापारियों में आक्रोश फैल गया। डीडी चौक पर भी हमेशा की तरह पानी भर गया। मौसम विभाग ने जिले में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। रविवार रात से हो रही भारी बारिश के कारण स्कूल बंद रहे और दफ्तर या काम पर जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य सहित सदस्यों ने ली शपथ





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिला पंचायत सभागार में आज नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य सहित सभी नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। सर्वप्रथम मुख्य विकास अधिकारी सीडीओ दिवेश साशनी द्वारा नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य को शपथ ग्रहण करायी गई। जिसके पश्चात अध्यक्ष अजय मौर्य ने नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को शपथ ग्रहण करवायी जिनमें हीरा देवी, रीता कफलिया, संगीता राना, अमनदीप कौर, सागर सिंह धामी, अनिमा सिंह, शिल्पी सिंह, मधु राना, आशा देवी, सूरज नारायण, सदफ मलिक, भास्कर सम्भल, सुनीता सिंह, गुरदास कालडा, प्रेम प्रकाश, रेनु गंगवार, दीपा, भावना कोरंगा, सिल्की खेड़ा, रेखा रानी, सुषमा हाल्दार, मोहम्मद फुरकान, जितेन्द्र शर्मा, सीमा कौर, योगेन्द्र सिंह डोबाल, कैलाश रानी शर्मा, बीनू, रूकमणी, सुरेन्द्र कौर, रजनी, नईम अहमद, कामिनी सिंह, मो. हसन, चरनजीत सिंह शामिल हैं।

रुद्रपुर में भारी बारिश के बीच जिला पंचायत अध्यक्ष और सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह शुरू हुआ। निर्वाचित अध्यक्ष अजय मौर्या, मेयर विकास शर्मा, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, मनोज पाल और अन्य नेताओं ने दीप जलाकर किया कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सीडीओ देवेश शासनी ने जिला पंचायत अध्यक्ष को शपथ दिलाई। अपर मुख्य अधिकारी जीके भट्ट ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का संदेश पढ़ा। इसके बाद अध्यक्ष ने सदस्यों को शपथ दिलाई। भारी बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। इससे पूर्व आयोजन स्थल पर पहुंचने पर जिला पंचायत के अधिकारियों द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य सहित उपस्थित जिला पंचायत सदस्यों का बुकें देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर अपर जिला अधिकारी पंकज उपाध्याय, विधायक शिव अरोरा, किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़, जसपुर विधायक आदेश चौहान, काशीपुर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख किच्छा रीना गौतम, दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता, मेयर विकास शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, मनोज पाल, शैलेन्द्र मोहन सिंघल, पूर्व मेयर रामपाल सिंह, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, अमित नारंग, प्रीत ग्रोवर, रश्मि रस्तोगी, सीमा, गौरव खुराना, सुरेश कोली, हरीश मुंजाल, ब्लॉक प्रमुख सीमा गौतम, जितेन्द्र गौतम सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### चोरी के माल के साथ दो चोर दबोचे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कोतवाली पुलिस ने दो चोरों को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार किया है।

कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि गौरव नैनवाल ने बीते दिनों पुलिस को दी तहरीर में बताया कि था कि अज्ञात चोरो द्वारा उसके घर का ताला तोड़कर घर से 50000 रुपये नकद, 3 जोड़ी चांदी की पायल, 2 जोड़ी चांदी के बिछुए, 01 चांदी का मंगल सूत्र, 3 चांदी की अंगूठी, थता अन्य सामान चोरी कर ले गए थे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम का गठन किया गया।वहीं दूसरी ओर कमला देवी द्वारा 27 जुलाई को चोरी की तहरीर दी।बताया कि अज्ञात चोरो द्वारा उसके घर का ताला तोड़कर घर से 20000 रुपये नकद, दो जोड़ी चांदी की पायल, टेबल फैन, आदि सामान चोरी कर लिया था। पुलिस टीम का गठन किया गया जिनके द्वारा शहर मे अलग अलग सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया। आरोपी नन्हे उर्फ सलीम पुत्र साबिर निवासी फौजी कालोनी थाना रामगर और जावेद पुत्र रिसाल अहमद निवासी चिल्किया रामनगर को 01 अदद प्रेशर कूकर, दो अदद परात, 25 अदद नहाने के साबुन, 12 अदद कपड़े धोने के साबुन, 10 अदद बर्तन धोने के साबुन, 4 किलो वाशिंग पाउडर, 10 लीटर सरसो का तेल , 01 चांदी का मंगलसूत्र, 01 जोड़ी चाँदी की पायल, 02 जोड़ी चांदी के बिछुये, 02 अदद चांदी की पायल, 03 अदद चांदी की अंगूठी, 01 जोड़ी चांदी की कान के कुण्डल, 1 अदद परात ,02 अदद पीली धातु गिलास, 01 अदद टेबिल फैन, 01 अदद कलश पीली धातु डिजाईनदार, 02 अदद प्लेट कापर धातु व 01 अदद सेविंग पासबुक 02 अदद चांदी की और कुल 6000 रुपये के साथ मुखबिर की सूचना पर कुमाउं प्लाइवुड फैक्ट्री के पास से निर्माणाधीन मकान से गिरफ्तार किया गया।

इस दौरान पुलिस टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक मौ. यूनुस,पीरुमदारा पुलिस चौकी प्रभारी सुनील धानिक,एसआई जोगा सिंह,हेड कांस्टेबल कुंवर पाल, कांस्टेबल संजय दोसाद, कांस्टेबल विनीत चौहान शामिल रहे।

### जिला पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्यों को सीडीओ ने दिलाई शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जिला पंचायत के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों के शपथ ग्रहण के बाद आज से जिला पंचायत का बोर्ड अस्तित्व में आ गया है। जिलाधिकारी मनीष कुमार के आपदा ग्रस्त क्षेत्रों में होने के कारण उनके प्रतिनिधि के रूप में सीडीओ डा. जीएस खाती ने नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद अधिकारी, उपाध्यक्ष पुष्पा विश्वकर्मा को शपथ दिलाई जबकि बाद में स्वयं अध्यक्ष द्वारा नौ महिलाओं सहित चार पुरुष जिला पंचायत सदस्यों योगेश जोशी, मनीषा कालाकोटी, अशोक मेहरा,आशा अधिकारी, सोनू बोहरा,निर्मला महाराना,सरस्वती चंद्र, कृष्णानंद जोशी, शैलेश जोशी, पुष्कर राम, सुनीता जोशी एवं अनीता प्रथोली को शपथ दिलाई गई।

जिला पंचायत बोर्ड में कुल 15 सदस्य हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद सामंत की अध्यक्षता, जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी कमलेश बिष्ट एवं मोहित पाठक के संचालन में हुए समारोह में मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे ने सभी को बधाई देते हुए कहा मुख्यमंत्री के मॉडल जिले में जनप्रतिनिधियों द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए समर्पित होकर कार्य करना होगा। यहां भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद सामंत, एडवोकेट शंकर दत्त पांडे,सतीश चंद्र पांडे तथा नगर पालिका की चेयरमैन प्रेमा पांडे, भागीरथी देवी, दिलीप सिंह अधिकारी, अंचला बोहरा, सीमा विश्वकर्मा, महेंद्र सिंह ढेक, सचिन जोशी, सुरेश जोशी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी विजय उप्रेती एवं एकाउंटेंट विनोद जोशी आदि थे।

# खटीमा में लगातार भारी बारिश का कहर

■ प्रभावितों को पहुंचाया गया सुरक्षित स्थान पर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** लगातार दो दिन से हो रही मूसलाधार बारिश से जन जीवन अस्त-व्यस्त सा बन चुका है। क्षेत्र के गहरे स्थानों पर जलस्तर काफी बढ़ चुका है। नगर सहित क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में जल भराव से कई ग्रामों के ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर व्यवस्थित कर दिया गया है।

बीती रात से ही जलभराव की समस्या को देखते हुए चकरपुर ग्राम प्रधान आशा बिष्ट व बीडीसी लक्ष्मी चंद द्वारा वनरावत बस्ती, शिव मंदिर बस्ती, सनिया नाले किनारे बसे लोगों और शारदा नहर किनारे बसे 250 परिवारों को जल भराव से निजात के लिए चकरपुर स्थित शिव मंदिर में पहुंचाया गया। जहां मौके पर पहुंच के खाने-पीने संबंधी सामग्री खाद्यपूर्ति निरक्षक धर्मेन्द्र सिंह धामी ने मुहैया करायी। साथ ही सभी लोगों के लिए जलभराव की समस्या समाप्त होने तक भोजन की उचित व्यवस्था की जा रही है। वहां प्रभावित लोगों की मदद करने वालो मै एडवोकेट राकेश बिष्ट, किशन चंद (कुक्कू), मनोहर बिष्ट, बद्री भंडारी, संदीप राणा, खिलानंद भट्ट, नरी चंद, कुंवर बिष्ट, गोप्पू चौहान, जीवन सिंह पोखरिया, बॉबी सामंत आदि मौजूद थे।

इधर खेतलसंडा खाम के प्रभावित परिवारों को प्राथमिक विद्यालय में शिफ्ट किया गया है। तहसीलदार विरेन्द्र सिंह सजवाण ने बताया कि फिलहाल स्थिति सामान्य व नियंत्रण में है। ग्राम सिसैया के पूर्व प्रधान संतलाल आदि ने पीड़ित परिवारों को को सुरक्षित स्थान पर भेजने की स्थानीय प्रसाद से मांग की । तहसीलदार सजवाण ने 63 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट कर उनके भोजन संबंधी व्यवस्था कर दी गयी है।

इसके अतिरिक्त गांगी, दियां, चांदा, भूरडिघ्या, सनतना, ऊंची महूवट आदि क्षेत्रों में नगर के ऐठा, खकरा, मुकरान नालों का पानी भरने लगा है।

# जिला डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन कार्यकारिणी की बैठक, कई मुद्दों पर मंथन

■ बैठक में फार्मेसी काउंसिल का गठन करने की भी पुरजोर मांग उठी

■ 21 सितंबर को जिला अधिवेशन की तिथि निर्धारित हुई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन जनपद शाखा की एक आम बैठक जिलाध्यक्ष बीएन बेलवाल की अध्यक्षता व केसी विश्वकर्मा के संचालन में जिला चिकित्सालय के सभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक में निर्धारित एजेंडा पर विस्तार से चर्चा हुई। सभी सदस्यों की सहमति से जनपदीय अधिवेशन व नयी कार्यकारिणी के लिए आगामी 21 सितम्बर दिन रविवार निर्धारित किया गया। बैठक में प्रांत द्वारा संविधान संशोधन हेतु जो भी सुझाव दिये गये। उस पर भी जनपद के सदस्यों ने अपनी राय व्यक्त की।

बैठक में जिला फार्मेसी अधिकारी आरएस अधिकारी ने सभी फार्मेसी अधिकारियों से एक जुट होकर संघ को मजबूत बनाने का आहवान किया। प्रदेश व जनपदीय सलाहकार डीके जोशी ने भी विस्तार से अपनी बात सदन में रखी। बैठक में अधिकतर वक्ताओं ने फार्मेसी अधिकारियों की एसीआर समय से पूर्ण करने, जीपीएफ व सर्विस बुक आदि का रख रखाव, सही रखने, 10-16-26 वर्क पर एसीपी का लाभ दिए जाने वर्ष 2009 में नियुक्त सर्वग के अधिकारियों का 5400 रुपये ग्रेड पे का लाभ दिए जाने, सेवानिवृत होने वाले या हो चुके सदस्यों के देयकों का समय से भुगतान किए जाने, समय से डीपीसी किए जाने, फार्मेसी काउंसिल का गठन किए जाने आदि कई मांगे उठी। मंडलीय सचिव प्रेम शंकर सिंह ने संघ के सदस्यों से एकजुट रहकर समस्याओं के प्रति जागरुक रहने का आहवान किया।

सभा में वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप रावत, प्रान्तीय उपाध्यक्ष पीएस राणा, मुख्य फार्मेसी अधिकारी विनोद भट्ट, हरीश सती, एपी आर्य, जेपी उप्रेती, एनपी आर्य,पूर्व अध्यक्ष, डा- जेके पंत, प्रवक्ता हरिप्रसाद, संगठन मंत्री, केएन गोस्वामी, आरडी कांडपाल, नसीम अख्तर, दलजीत गौराया, मुख्य फार्मेसी अधिकारी एसबी पाठक आदि ने भी विचार रखे। बैठक में संयुक्त मंत्री सुरेश वर्मा, उपाध्यक्ष चम्पा गोस्वामी, संदीप जोशी, ममता भटनागर, पूजा पंवार, राजीव वर्मा, जगदीप राणा, दिनेश टम्टा, एसपीएस रावत, योगेन्द्र आदि उपस्थित रहे।

## बरसात बाद शुरू होगा जाफरपुर बाजार के पास नाला निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

विधायक शिव अरोरा ने स्वीकृत करवाई धनराशि

**रुद्रपुर।** जाफरपुर मोड़ स्थित मार्किट मे पिछले लम्बे अरसे से जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ रहा है, जहां एक बार फिर बारिश के कारण पानी सड़क पर जमा हो गया और व्यापारियों की दुकानों पर पानी भरने से जाने से लोगो मे खासा रोष देखने को मिला।

वहीं विधायक शिव अरोरा स्थानीय लोगों की सूचना पर तत्काल भारी बारिश मे मौके पर पहुंचे और लोगों के साथ स्थलीय मुआवजा किया। वहीं मौके पर जल निकासी की समस्या को जाना। विधायक ने कहा जाफरपुर में पिछले काफी समय से नेशनल हाइवे द्वारा नाला निर्माण न होने के चलते वहां बारिश होने पर कई कॉलोनियों व वहां की मार्केट में पानी भर जाने से लोगो के व्यापार, जनजीवन प्रभावित होते आ रहा है। विधायक द्वारा बताया गया जैसे ही काफी समय पहले लोगों द्वारा यह विषय उनके संज्ञान में आने के बाद तब के समय उन्होंने एनएच पीडी से वार्ता कर इसके निर्माण का प्रस्ताव भेजा था, जिसमे 50 लाख से अधिक की धनराशि नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा जारी कर दी गई है । विधायक ने अश्वस्त किया कि बरसात रुकने के बाद इसके निर्माण का कार्य आरम्भ करवाया जाएगा, जिससे यह हर बार की जल निकासी की समस्या से यहां के लोगों को निजाद मिल सके। साथ ही विधायक अरोरा ने अस्थायी जल निकासी हेतु पीडब्ल्यूडी विभाग से जेसीबी मंगवा कर तत्काल नाला सफाई करवा कर पानी निकलने का कार्य स्वयं मौके पर खड़े होकर करवाया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष जगदीश विश्वास, आयुष चिलाना, मनमोहन बाधवा, गदरपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर, कालू बत्रा, सतीश कक्कड़, सार्थक मुठरेजा, मयंक कक्कड़ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# नवनियुक्त जिला पंचायत सदस्य नईम का किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** राजपुर- 32 जिला पंचायत सदस्य के रूप में शपथ लेने के पश्चात घर पहुंचने पर नवनियुक्त जिला पंचायत सदस्य नईम प्रधान का क्षेत्र वासियों/ ग्राम वासियों ने फूल मालाएं डालकर जोरदार स्वागत किया।

सोमवार जिला पंचायत रुद्रपुर में नवनियुक्त जिला पंचायत सदस्यों को उनके पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई राजपुर- 32 से लोकप्रिय/जन सेवक विजयी प्रत्याशी रहे नईम प्रधान ने भी रुद्रपुर पहुंचकर पद व गोपनीयता की शपथ ली।उसके पश्चात उनके घर पहुंचने पर जसपुर व उनके निवास स्थान गुलरगोजी में कांग्रेस पदाधिकारियों/ क्षेत्र वासियों ने उनका गर्म जोशी से स्वागत किया। नईम प्रधान ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि वह एक जन सेवक के रूप में कार्य करेंगे मुझे जिताकर जनता ने मुझ पर जो विश्वास किया है मैं उसमें पूरा उतरने का भरपूर प्रयास करूंगा उन्होंने स्वागत के लिए पहुंची जनता का भी अभिनंदन कर स्वागत किया।

# समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताः डीएम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिला मुख्यालय सभागार में आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम में जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने आम जनता की समस्याओं को गम्भीरता से सुना और मौके पर ही अधिकतर शिकायतों का निस्तारण किया। जन सुनवाई में कुल 15 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से अधिकांश का समाधान तत्काल किया गया, वहीं शेष शिकायतों को शीघ्र निस्तारित करने हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित जनता से जुड़े विभिन्न मुद्दों की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों को इन विषयों पर तत्काल कार्यवाही करने तथा प्रगति रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष नबियाल, जिला विकास अधिकारी रामा गोस्वामी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से सहभागी बने।

## किच्छा में गौला नदी का जलस्तर बढ़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** बीते रविवार रात से लगातार हो मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को अस्त व्यस्त कर दिया। एक तरफ नगर के किनारे पर बहने वाली गौला नदी बैराज से 50 हजार क्यूसेक पानी छोड़ने के बाद उफान पर आ गयी। वहीं दूसरी ओर नगर में विभिन्न स्थानों पर जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। जिसके कारण प्रशासन की टीम अलर्ट मोड पर आ गई। एसडीएम गौरव पांडे और तहसील दार गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने शांतिपुरी से लेकर पुलभट्टा बंगाली कालोनी तक गौला नदी के निचले इलाकों का जायजा लिया। उन्होंने राजस्व कर्मियों को बाढ़ चौकियों और कंट्रोल रूम में सजग रहने के निर्देश दिए है। एसडीएम गौरव पांडे ने बताया कि आमजन को नदी किनारे नहीं जाने की अपील की जा रही है। अभी तक स्थिती सामान्य बनी हुई है। उन्होंने कहा प्रशासन की टीम पूरी तरह से मुस्तैद है। तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में हुई जलभराव की समस्या का निस्तारण कर दिया गया है।

# खटीमा गोलीकांड में शहीद हुए आंदोलनकारियों को दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तराखंड आंदोलन के दौरान एक सितंबर 1994 को खटीमा गोलीकांड में शहीद हुए आंदोलनकारियों के शहादत दिवस पर शहीद पार्क लखनपुर में राज्य आंदोलनकारियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों ने शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद लखनपुर स्पोर्ट्स क्लब में गोष्ठी का आयोजन कर राज्य की हालात पर चर्चा की।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए राज्य आंदोलनकारी प्रभात ध्यानी ने कहा कि राज्य बने 25 वर्ष बीत चुके हैं लेकिन आज भी राज्य आंदोलनकारी शहीदों के सपने पूरे नहीं हुए।जल,जंगल,जमीन को बचाने की लड़ाई आज भी जारी है। आंदोलनकारी रहीं सुमित्रा बिष्ट ने कहा कि उत्तराखंड की आम जनता की हाल पहले से बदतर हुई है,न मुज्जफर नगर के दोषियों को सजा मिली और न अंकिता भंडारी के वास्तविक दोषियों को। राज्य आंदोलनकारी योगेश सती ने कहा कि फिर से एक बार उत्तराखंड के आम जन को अपनी बेहतरी के लिए संघर्ष तेज करना होगा। उस दौर के कर्मचारी नेता पान सिंह नेगी ने कहा कि राज्य आंदोलन के दौरान कर्मचारी शिक्षकों ने तीन महीने तक हड़ताल की।राज्य बने 25 वर्ष हो गए आज भी कर्मचारी शिक्षक आंदोलनरत हैं। कार्यक्रम में एक प्रस्ताव पारित कर सरकार से मांग की गई कि उत्तराखंड के हर शैक्षणिक संस्थान एवं पाठ्यक्रम में राज्य आंदोलन के बारे में, शहीदों के चित्र और शिलापट्ट बनाने , उत्तराखंड राज्य गठन के 25 साल पूरे होने पर राज्य की अवधारणा से जुड़े सवालों को लेकर राज्य स्तरीय गोष्टी का आयोजन करने का प्रस्ताव पारित किया गया।। सभा के अंत में राज्य आंदोलनकारी कर्मचारी नेता गिरीश चंद्र उप्रेती के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। राज्य आंदोलनकारी चंद्रशेखर जोशी की अध्यक्षता और नवीन नैथानी के संचालन में सम्पन्न सभा में प्रभात ध्यानी,चंद्रशेखर जोशी, नवीन नैथानी, इंदर मनराल, गिरीश आर्या,पान सिंह नेगी, नवेंदु जोशी, सीपी खाती, प्रकाश फूलोरिया, तुलसी छिमवाल, सुमित्रा बिष्ट, देवेंद्र बिष्ट, नवेंदु मठपाल, रईस अहमद, मोहन चंद्र तिवारी, योगेश सती, गोबिंद सिंह बिष्ट, विक्रम मावड़ी, बी एस डंगवाल, प्रकाश पाठक,केशव दत्त ध्यानी, निर्मल तिवारी , संगीता तिवारी , प्रभा नेगी, जतिन, अंकित ध्यानी, किरण, हर्ष, सरस्वती , हर्ष बंगारी, करण कडाकोटी,आशीष, मयंक राज, हर्षित बिष्ट, विकल्प मिश्रा, जीतू, अनुष्ठा, चेतन बेलवाल, राकेश जोशी आदि मौजूद रहे।

# पंचायत की सरकार का विधिवत गठन

## अध्यक्ष, उपाध्यक्ष को एडीएम व सदस्यों को अध्यक्ष ने दिलाई शपथ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल व उपाध्यक्ष देवकी बिष्ट को सोमवार को नैनीताल में अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई जबकि सदस्यों को जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरमवाल ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। बता दें कि राज्य अतिथि गृह के शैले हॉल में सोमवार को जिन जिला पंचायत सदस्यों ने पद व गोपनीयता की शपथ ली उनमें ककोड़ क्षेत्र पंचायत सीट से डीकर सिंह मेवाड़ी, ओखलकाण्डा मल्ला से प्रमोद सिंह, ढोलीगांव से बहादुर सिंह नगदली, दीनी तल्ली से



पूनम बिष्ट, सरना से रेखा देवी, गहना से ज्योति आर्या, चापड़ से तरूण कुमार शर्मा, चौखुटा से दीप सिंह बिष्ट, सिमलखा से संजय बोहरा, सावल्दे पश्चिम से दीप चन्द्र, मालधनचौड (चन्द्रनगर) से अनीता आर्य, गैबुआ से अरनव कंबोज, तलिया से हेम चन्द्र नैनवाल, चिल्किया से सीता देवी, गुलजारपुर. बंकी से अनिता आर्य, चोरगलिया आमखेड़ा से लीला देवी, देवलचौड़ बन्दोबस्ती से दीपा तथा रामसिंह आनड़ी से डा. छवि काण्डपाल, जग्गीबंगर से दीपा चन्दोला, जंगलियागांव से विपिन सिंह जंतवाल, मेहरांगांव से जिशान्त कुमार, ज्योलीकोट से देवकी बिष्ट, अमृतपुर से हेमा भट्ट तथा भवाली गांव से यशपाल आर्य शामिल रहे। इससे पूर्व जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी महेश कुमार विश्नोई ने जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष व सदस्यों का बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर नव निर्वाचित अध्यक्ष दीपा दर्मवाल व उपाध्यक्ष देवकी बिष्ट ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि वे पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ काम करेंगी। शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश महामंत्री भाजपा राजेन्द्र बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, विधायक सरिता आर्य, भीमताल के रामसिंह कैड़ा, लालकु आं के डा. मोहन सिंह बिष्ट समेत दायित्वधारी हेमंत द्विवेदी, शांति मेहरा, सुरेश भट्ट, दिनेश आर्य, शंकर कोरंगा, दीपक मेहरा समेत राज्य आंदोलनकारी मोर्चा के जिलाध्यक्ष गणेश सिंह बिष्ट के अलावा डा. सुरेश डालाकोटी, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष आनन्द सिंह दरमवाल, सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत, जिला पंचायत के लेखाधिकारी गोविन्द भौर्याल, जिला अभियंता दलीप सिंह नेगी, जीएस नयाल, सुभाष चन्द्र आर्य, दीपक उपाध्याय, चंद्रपाल सिंह बिष्ट, दीपा मटियाली नयाल तथा मयंक कफलटिया आदि मौजूद थे। संचालन उत्तराखंड राज्य गीत के लेखक हेमंत बिष्ट ने किया।

### इन सदस्यों ने नहीं ली शपथ

नैनीताल। समारोह में जिन जिला पंचायत सदस्यों ने शपथ नहीं ली उनमें (सूपी) से कांग्रेस की पुष्पा नेगी मुख्य रही, इसके अलावा (बड़ौन) से मीना देवी तथा (दाडिमा) से निधि जोशी शपथ नहीं ले सकी, वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव के दिन कथित रूप से अपहृत व बाद में अपनी मर्जी से वोट न डालने व घूमने जाने का वीडियो भेजने वाले सदस्यों में डिकर सिंह मेवाड़ी, प्रमोद कोटलिया, तरुण शर्मा, दीप सिंह बिष्ट तथा विपिन जंतवाल थे ने इन सभी ने भी शपथ ले ली।

### विकास को गति दी जाएगी: दीपा दरम्वाल

**नैनीताल।** समारोह में नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल ने कहा कि नैनीताल के ग्रामीण क्षेत्रों में जितनी भी समस्याएं हैं उनके सभी सदस्यों के साथ मिलकर निवारण किया जाएगा। विकास कार्यों को प्राथमिकता से किया जाएगा जनता की जो-जो समस्या है उनका जल्द निस्तारण किया जाएगा। दरम्वाल ने सभी को नंदाष्टमी की बधाई देते हुए कहा कि सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में नैनीताल जिले को विकास के क्षेत्र में एक अग्रणी पंक्ति में ले जाएंगे जिसमें सभी सदस्यों सहित आम जन का सहयोग महत्वपूर्ण है। कहा जिला पंचायत जिले के विकास हेतु निरंतर कार्य करेगी और जिले को विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए कार्य करेंगी।

### बुजुर्गों के लिए काम किया जाएगा: देवकी बिष्ट

**नैनीताल।** नव निर्वाचित जिला पंचायत उपाध्यक्ष बनी देवकी बिष्ट ने कहा कि मेरी प्राथमिकता है कि अब तक मैंने जिस तरह बच्चों को पढ़ाकर उनके जीवन का विकास किया है इसी तरह अब वह क्षेत्र का विकास करूंगी। बोली कि गांव में जो बुजुर्ग अकेले रहते हैं जिनके बच्चों और परिजनों ने उन्हें छोड़ दिया है जिनके पास किसी प्रकार की सुविधा नहीं है उनकी मदद करूंगी। कहा कि कहा कि जनता की उममीद एवं उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप हर समस्या का समाधान मिल जुलकर किया जाएगा।

## एक नजर

### सरस्वती विहार में खेलकूद शुरू

**नैनीताल।** नगर के दुर्गापुर स्थित प्रतिष्ठित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार में सोमवार से राज्य स्तरीय वॉलीबॉल एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांतीय खेलकूद संयोजक रविन्द्र रावत तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. सूर्य प्रकाश तथा नवीन रावत रुड़की ने दीप प्रज्वलित करके किया। प्रांतीय खेलकूद संयोजक रविन्द्र रावत ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं। खेल केवल शारीरिक विकास ही नहीं बल्कि मानसिक दृढ़ता और टीम भावना को भी सशक्त बनाते हैं। उन्होंने प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीत और हार से बढ़कर खेल भावना का महत्व है। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से 12 टीमें भाग ले रही हैं। विद्यालय के विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. सूर्य प्रकाश ने सभी अतिथियोंए खिलाड़ियों एवं दर्शकों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करते हैं और भविष्य में उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के अवसर मुहैया कराते हैं। कार्यक्रम में उमेश, अमित, विक्रांत व आदित्य उपस्थित रहे।

### गोलीकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि

**नैनीताल।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन सभागार में सोमवार को दुर्गा सिंह मेहता अध्यक्ष हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की अध्यक्षता में 1 सितंबर 1994 को निहत्थे उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारियों पर पुलिस प्रशासन द्वारा खटीमा में बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज एवं गोलीकाण्ड में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजली दी गयी तथा उनके द्वारा उत्तराखण्ड राज्य बनाये जाने के लिए दिये गये सहयोग एवं योगदान को याद किया गया। सभा का संचालन वीरेन्द्र सिंह रावत महासचिव हाईकोर्ट द्वारा किया गया। इस अवसर पर डा. एमएस पाल, प्रभाकर जोशी, वीरेन्द्र सिहं रावत, भगवत सिंह नेगी, सुहास रतन जोशी, राजेश शर्मा, गोविन्द सिंह लटवाल, बीएस कोरंगा, केके वर्मा, अविदित नौलियाल, अमनजोत सिंह चड्ढा, भुवनेश जोशी, एनके पपनोई तथा विनोद तिवारी आदि कई अधिक्तागण उपस्थित रहे।

### एसएसपी को भेजा ज्ञापन

**नैनीताल।** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल तल्लीताल के शिष्टमंडल ने सोमवार को जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को संबोधित ज्ञापन तल्लीताल के थानाध्यक्ष मनोज नयाल को सौपा। ज्ञापन में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि बीते 29 अगस्त शुक्रवार को तल्लीताल थाने में तैनात अवर निरीक्षक अंजू जैन की ओर से तल्लीताल बाजार में जांच का कार्य किया गया। इस दौरान उनकी ओर से बाजार के कई व्यापारियों जिसमें वरिष्ठ नागरिक व महिलाएं भी शामिल थी उनके साथ बदसलूकी की गयी। कहा कि तल्लीताल के व्यापारी लंबे समय से इनके अपमानजनक रवैये को सहन करते आए हैं लेकिन अब वह सहन नहीं करेगे, कहा कि जनहित में इन्हें तल्लीताल थाने से हटाया जाए। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष मारुति नंदन साह, महामंत्री अमनदीप सिंघ आनंद समेत उपाध्यक्ष नासिर खान व ममता जोशी, कोषाध्यक्ष हरीश लाल, उपसचिव जयंत उप्रेती, पूर्व अध्यक्ष भुवन लाल साह, पूर्व उपाध्यक्ष विक्रम राठौर तथा पूर्व उपसचिव कनक साह आदि शामिल रहे।

### कानून की सरल किताबों का वितरण

**नैनीताल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय नैनीताल से प्राप्त सूचना अनुसार उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को मां नंदा देवी महोत्सव में स्टाल लगाकर विधिक जागरूकता हेतु सरल कानूनी ज्ञान माला पुस्तकें वितरित की गई तथा आम जनमानस को पैरा विधिक कार्यकर्ता एवं पैनल विधिक वक्तागण के माध्यम से विधिक जानकारी भी दी गई। जिला जज व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल हरीश कुमार गोयल द्वारा मेले में लगी स्टालों का निरीक्षण किया गया तथा मेदांता इंस्टीट्यूट आफ एजुकेशन एवं रिसर्च गुड़गांव द्वारा आयोजित चिकित्सा शिविर में हो रही जांचों तथा बीपी, शुगर, इसीजी अन्य बीमारियां के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तथा उपस्थित व्यक्तियों को अपने स्वास्थ्य संबंधी जांच कराए जाने हेतु प्रेरित किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल हर्ष यादव, उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल विशेष कार्य अधिकारी अभिषेक श्रीवास्तव, रमाकांत चौधरी, प्रवेश कुमार चौधरी तथा पंकज प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

### दो कारों में भिड़ंत, बड़ा हादसा टला

**नैनीताल।** नैनीताल- हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बल्दियाखान के समीप दो कार आमने सामने भिड़ गई। गनीमत रही कि बड़ा हादसा होने से टल गया। पुलिस जानकारी के अनुसार सोमवार को बसंत अपनी कार से हल्द्वानी से नैनीताल आ रहे थे। इसी दौरान गाजियाबाद निवासी सुंदरम गोयल अपनी कार से हल्द्वानी की ओर जा रहे थे।

बारिश के चलते दोनों कार बल्दियाखान हनुमान मंदिर के समीप आमने सामने भिड़कर क्षतिग्रस्त हो गई। हांलाकि दोनों कारों में किसी भी सवार को कोई चोट नहीं आई। इस दौरान दोनों कार चालकों के बीच विवाद हो गया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर मामला शांत किया। ज्योलीकोट चौकी इंचार्ज श्याम बोरा ने बताया कि दोनों पक्षों में क्षतिग्रस्त वाहनों का काम कराने को लेकर समझौता हो गया है, वहीं डोलमार में रेस्टोरेंट के समीप एक कार सड़क किनारे पिलर पर टकराने से एक पर्यटक चोटिल हो गए। इस दौरान वहां से गुजर रहे नैनीताल तहसील के आपदा वाहन से तत्काल घायल हल्द्वानी निवासी सूजल को अस्पताल पहुंचाया गया।

## शांतिपुरी में नंदाष्टमी की रही धूम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**शांतिपुरी।** शांतिपुरी के विभिन्न स्थानों पर आयोजित नंदा अष्टमी मेलों में झोड़ा, चाचरी व बौर नृत्य मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहे। क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश के बावजूद मेले में माँ नंदा के भक्तों की भारी भीड़ रही। जिसमें झोड़ा, चाचरी एवं बौर नृत्य आकर्षण का केन्द्र रहा। यहां खोल दे माता खोल भवानी धार में किवाड़ा, कमला तेरी लंबी लटी आदि चाचरी के मधुर गीतों में भक्त जमकर थिरके। इसके अलावा क्षेत्र के ग्राम सत्संग आश्रम, शांतिपुरी नंबर चार सूर्यनगर, शीशम भुजिया बिन्दुखत्ता भी नंदा अष्टमी पर्व धूम धाम से मनाया गया। इस दौरान सभी मंदिरों को आकर्षक लाइटिंग एवं फूलमालाओं से सजाया गया। ढाकानी में आयोजित मेले में मंदिर के मुख्य धामी नारायण को. रंगा, सूर्यनगर मे कुंवर सिंह मेहर, पुरोहित बसंत तिवारी, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री गणेश उपाध्याय, विक्रम मेहता, दीपक सिंह मेहता, बहादुर मेहता (आकाश मेहता), खीम सिंह मेहता, मनीष मेहता, दीपक देव, कुंदन दानू, खीम सिंह दानू, केदार सिंह दानू, प्रताप मेहता, दीवान मेहता, दारा मेहता, ललित मोहन जोशी, पुजारी बिशन सिंह कोरंगा, हयाद सिंह, विनोद कोरंगा, बीएस कोरंगा, कुशल सिंह, हर सिंह, हजारों श्रद्धालु व ग्रामीण मौजूद रहे।

# सरोवर नगरी का वातावरण भक्तिमय

## मां नंदा सुनंदा के दर्शनों के लिए दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा के तत्वावधान में आयोजित 123वें नौ दिवसीय श्री मां नंदा देवी महोत्सव के तहत सोमवार को विविध धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन मां नयना देवी मंदिर परिसर में किया गया जिसकी वजह से दिनभर वातावरण भक्तिमय बना रहा। दूसरी ओर बारिश के बाद भी मां नंदा व सुनंदा के दर्शन के लिए भक्तों का सिलसिला अनवरत जारी रहा। श्री नंदा देवी महोत्सव में सोमवार को श्री राम सेवक सभा द्वारा विश्व शांति हेतु हवन किया गया तथा सभी प्राणी स्वस्थ रहे तथा समृद्ध रहे इसकी कामना की गई। देवी पूजन के साथ हवन हुआ तथा कन्या पूजन पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल द्वारा किया गया जबकि हवन पंडित भगवती प्रसाद जोशी द्वारा संपन्न कराया गया। दिन भर चले अनुष्ठानों को सफल बनाने में सभा के संरक्षक गिरीश जोशी, अध्यक्ष मनोज साह, उपाध्यक्ष अशोक साह, महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी समेत कैलाश जोशी, बिमल चौधरी, राजेंद्र बिष्ट, विमल साह, देवेंद्र लाल साह, हरीश सिंह राणा एवं मुकेश जोशी तथा मोहित लाल साह, भुवन बिष्ट, भीम सिंह कार्की, दिनेश भट्ट, ललित साह, घनश्याम लाल साह आदि जुटे रहे।



### ताल चैनल और यू-ट्यूब पर सीधा प्रसारण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** मां नंदा महोत्सव का सीधा प्रसारण ताल चैनल तथा यू- ट्यूब के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देखा जा रहा है। सीधा प्रसारण में सोमवार को विभिन्न विषयों पर चर्चा के साथ पर्यावरण, आध्यात्म, युवाओं का प्रोत्साहन तथा नंदा देवी के इतिहास सहित नैनीताल पर व्यापक चर्चा हुई। सीधा प्रसारण में राजेंद्र सिंह बिष्ट, सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत समेत नवीन भट्ट, ज्योति कांडपाल, वंदना पांडे, वीरेंद्र सिंह, बीएस राणा, जस्सी राम तथा प्रभात साह गंगोला, प्रो. आशीष तिवारी, प्रो. हरीश बिष्ट तथा हरीश सिंह राणा ने विभिन्न विषयों पर अपने महत्वपूर्ण विचार रखे। संचालन प्रो. ललित तिवारी, नवीन पांडे, हेमंत बिष्ट, मीनाक्षी कीर्ति तथा मृणाल नेगी ने किया।

### सांस्कृतिक दलों ने बांधा समा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** मां नंदा देवी महोत्सव के तहत सोमवार की शाम को सभा भवन प्रांगण में सांस्कृतिक टीम के संयोजक डा. मोहित सनवाल के नेतृत्व में विभिन्न सांस्कृतिक दलों के कलाकारों की ओर से एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर उत्तराखंडी लोक संस्कृति का व्यापक प्रचार प्रसार किया गया। मां सरस्वती लोक संस्कृति समिति नैनीताल तथा कुमाऊं सांस्कृतिक उत्थान समिति खुर्पाताल के कलाकार समाचार लिखे जाने तक अपनी प्रस्तुति दे चुके थे। खराब मौसम के बाद भी काफी दर्शक सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखने के लिए जमे हुए थे।






### परिसर में बढ़ाए सीसीटीवी

**नैनीताल।** नैनीताल में मां नंदा देवी मेले में अराजक तत्वों पर नजर रखने और सुरक्षा के लिए अब सीसीटीवी कैमरों की संख्या 31 से बढ़ाकर 47 कर दी है। कंट्रोल रूम से पूरे मेला परिक्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से नजर रखी जा रही है। बता दें पुलिस कंट्रोल रूम से क्षेत्र में होने वाली गतिविधि पर नजर रख रही है।

### पंच आरती, प्रसाद वितरण

**नैनीताल।** मां नंदा महोत्सव के तहत शाम को हुई पंचआरती में हाईकोर्ट के न्यायाधीश सुभाष उपाध्याय तथा जिलाधिकारी वंदना सिंह शामिल हुई। पंच आरती को देखने के लिए शाम के वक्त भक्तों की काफी भीड़ दिखायी दी। पंच आरती के बाद भक्तों को हलुवे का प्रसाद वितरित किया।

# सांसद से सीबीआई जांच की गुहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** समाजसेवी आर्येन्द्र शर्मा के नेतृत्व में 10 वर्षीय बालक अमित मौर्य के जघन्य हत्याकांड की सीबीआई जांच कराए जाने की मांग को लेकर सांसद अजय भट्ट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि गौलापार निवासी 10 वर्षीय अमित मौर्य की विगत 4 अगस्त को जघन्य हत्या की गई थी। हत्या बहुत ही क्रूरता से की गई थी। बालक का सर धड़ से अलग कर दिया था और दाहिना हाथ व दो उंगलियां भी पूर्ण रूप से काटकर अलग कर दी गई थीं व बालक के बाल भी कटे हुए थे जिससे प्रतीत होता है कि यह मात्र हत्या नहीं बल्कि तंत्र मंत्र के कारण की गई है। इस हत्या के पीछे नरबली देने की मंशा के साफ साफ संकेत



मिल रहे हैं, पुलिस ने इस जघन्य हत्या के लिए गौलापार निवासी निखिल जोशी को अपराधी मानकर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया, परन्तु मृतक का परिवार पूर्णरूप से संतुष्ट नहीं है। परिवार का मानना है कि इस हत्या में अन्य लोग भी शामिल हैं जिन्हें अभी तक हिरासत में नहीं लिया गया है, तंत्र मंत्र करने वाले लोग भी शामिल हैं निखिल जोशी का परिवार भी शामिल हो सकता है। परिवार पुलिस की जांच से बिलकुल भी संतुष्ट नहीं है। ज्ञापन देने वालों में आर्येन्द्र शर्मा, बालक के पिता खूबकरन मौर्य, चाचा नानक चंद्र मौर्य मौजूद थे।

### जीवन बीमा निगम की उपलब्धियां बताई

**नैनीताल।** भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा नैनीताल ने 69वीं वर्षगांठ पर समारोह आयोजित कर निगम की योजनाओं और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि वरिष्ठ नागरिक एवं निगम के सेवानिवृत शाखा प्रबंधक गोपाल सिंह बिष्ट ने इस मौके पर कहा कि निगम ने राष्ट्र हित में अहम योगदान दिया है जिसे यथावत रखने की जिम्मेदारी वर्तमान में कार्यरत निगम कर्मियों और अधिकारियों की है। इस अवसर पर विकास अधिकारी दीपक जोशी और बीएस ह्यांकी के बेहतर कार्यो को लेकर सममानित किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक जितेन्द्र दसोंनी समेत रविकांत राजू, हेम कांडपाल, विजय पंत, गिरधर ढैला, मनीष कुमार, विनोद पंत, बालम सिंह, शैलेन्द्र जोशी व मोहित मौजूद थे।

# राजस्व ग्राम की याचिका पर सुनवाई आज



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाइकोर्ट में ऊधम सिंह नगर की जसपुर तहसील के तीन ग्राम शिपका, मिलख शिपका और मनोरारथपुर थर्ड को राजस्व ग्राम बनाने को लेकर दायर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई की मुख्य न्यायधीश जी. नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने अगली सुनवाई हेतु मंगलवार (आज) की तिथि नियत की है। बता दें कि पूर्व के आदेश का अनुपालन नहीं करने पर कोर्ट ने अंसतोष व्यक्त किया है। पिछली तिथि को कोर्ट ने वन विभाग व सिचाई विभाग के अधिकारियों को सर्वे कर 350.65 एकड़ भूमि का सर्वे कर रिपोर्ट पेश करने को कहा था लेकिन अभी तक सिचाई विभाग ने सर्वे करने के लिए कोई अधिकारी नियुक्त नहीं किया। जिस पर कोर्ट ने नाराजगी व्यक्त की और मामले की सुनवाई मंगलवार (आज) भी जारी रखी है।

### डीएम और एनएच के डायरेक्टर पेश हुए

नैनीताल। उत्तराखंड हाईकोर्ट में नैनीताल जिले में काठगोदाम से लालकुआं तक नेशनल हाइवे के चौड़ीकरण के बाद काठगोदाम, लालकुआं, गौरापडाव तथा तीनपानी में बनाए गए हाईवे के बेतरीब कट के चलते हुए हादसों की बढ़ती दुर्घटनाओं का स्वत: संज्ञान वाली जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी. नरेंद्र व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ मामले की सुनवाई के बाद सोमवार को जिलाधिकारी नैनीताल व एनएच के डायरेक्टर पेश हुए। हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने उनसे प्रश्न पूछा कि आखिर ये दुर्घटनाएं क्यों हो रही हैं, एनएच कयों नहीं लोगो के आने जाने के लिए अंडर पास नहीं बना रहा है, बिना सर्वे किये एनएच का निर्माण कर दिया। इस पर रिपोर्ट पेश करे। बीते 8 महीने में 14 लोगो ने अपनी जान गवां दी।

### री-पोलिंग की याचिका पर जवाब मांगा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट में 14 अगस्त 2025 वीरवार को हुए नैनीताल जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के चुनाव में हुए बवाल तथा 5 सदस्यों का अपहरण और व चुनाव में डाले गए एक मतपत्र में ओवरराइटिंग की शिकायत व जिला पंचायत चुनाव में री-पोलिंग को दायर याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने याचिकाकर्ता आयोग के द्वारा दायर शपथपत्र पर एक सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा है। मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट ने 9 सिंतबर मंगलवार की तिथि नियत की है। बता दें सोमवार को मामले की सुनावई मुख्य न्यायधीश व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्यायल की खण्डपीठ में हुई। मामले को लेकर दायर याचिका कर कहा है कि एक मतपत्र में छेड़छाड़ हुई है। उसके क्रमांक 1 में ओवरराइटिंग कर उसे क्रमांक 2 लिख दिया गया जिससे मतपत्र अमान्य घोषित कर दिया गया।

### जिलाधिकारी उत्तरकाशी हाईकोर्ट तलब

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने उत्तरकाशी में भागीरथी ईको सेंसेटिव जोन में नियम विरुद्ध बने होटल तथा रिजॉर्ट से नदी का रुख मुड़ने से भविष्य में धराली में आई आपदा जैसे हालात होने की आशंका को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी उत्तरकाशी व सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता को मंगलवार (आज) को कोर्ट में तलब किया है। बता दें कि याचिका की सुनवाई सोमवार को मुख्य न्यायधीश जी. नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में हुई। हिमालयन नागरिक दृष्टि मंच की ओर से नागेंद्र जगूड़ी द्वारा दायर जनहित याचिका में कहा गया है कि भागीरथी ईको सेंसेटिव जोन में बड़े स्तर पर नियमों को ताक में रखकर अवैध मकान, होटल, रिजॉर्ट बने हैं। जिससे कभी भी नदी का रुख बदल सकता है और यह धराली की तरह की आपदा के कारण बन सकता है। याचिका में ईको सेंसेटिव जोन व बाढ़ संभावित जोन में बने रिजॉर्ट को बंद करते व भागीरथी ईको सेंसटिव जोन के नियमों का पालन कराए जाने की मांग की गई है। हाईकोर्ट ने इस मामले में जिलाधिकारी उत्तरकाशी व सिंचाई विभाग के मुखय अभियंता को मंगलवार (आज) को वर्चुअल माध्यम से कोर्ट में तलब किया है।

# फैज़ सिद्दीकी बने स्नूकर चैंपियन

## भाजपा नेत्री कविता गंगोला ने सौंपा खिताब

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** एसएस स्नूकर क्लब नैनीताल द्वारा आयोजित द्वितीय स्नूकर चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में फैज सिद्दीकी को चैंपियन बनने का गौरव हासिल हुआ। बता दें कि प्रतियोगिता 10 अगस्त से आरंभ हुई थी जिसमें नैनीताल, भीमताल एवं भवाली के अंतर्गत आने वाले उत्कृष्ट खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में कुल 32 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया जिसमें अंत: फाइनल मुकाबला फैज सिद्दीकी और लोकेश साह के बीच खेला गया, जिसमें फैज़ सिद्दीकी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 5-1 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। मुख्य अतिथि के रूप में



भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कविता गंगोला तथा विशिष्ट अतिथि युवा भाजपा नेता व समाजसेवी विक्रम सिंह रावत उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि कविता गंगोला ने विजेता फैज़ सिद्दीकी को 21 हज़ार रुपये नकद पुरस्कार व ट्राफी तथा उपविजेता लोकेश साह को 11 हज़ार रुपये नकद पुरस्कार एवं ट्रफी प्रदान की।इस अवसर पर श्रीमती कविता गंगोला ने आयोजन समिति को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ युवाओं को नशे एवं अन्य बुरी आदतों से दूर रखने के साथ-साथ खेलों की ओर प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं का खेलों में सक्रिय होना समाज एवं राष्ट्र के लिए सकारात्मक संदेश है। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए कमेटी की ओर से सनी साह, गोविंद, सूरज टम्टा एवं रोशन लाल ने सहयोग किया। इस सफल प्रतियोगिता का संचालन सुमित राणा ने किया। फाइनल मैच को देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे। इस दौरान किशन सिंह, करण सिंह बिष्ट रवि, गोविंद, रोशन, मोहित जोशी, विनीत साह, सूरज, पीयूष जोशी, विमल बृजवासी, गोकुल, अनस, भानु, मोनू, समीर तथा रोनी भारती आदि उपस्थित रहे।

### मातृत्व का अपमान किया कांग्रेस ने: सरिता आर्या

**नैनीताल।** बिहार के दरभंगा में कांग्रेस के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत माता पर घृणित व अभद्र भाषा के प्रयोग ने पूरे देश को झकझोर दिया। इस घिनौनी हरकत के विरोध में सोमवार को भाजपा महिला मोर्चा नैनीताल ने मल्लीताल में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन कर कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ जोरदार आक्रोश प्रकट किया। इस दौरान महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने कड़े नारों के साथ कांग्रेस को चेतावनी दी कि माँ और मातृत्व का अपमान पूरे राष्ट्र का अपमान है जिसे कभी सहन नहीं किया जाएगा। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री भावना मेहरा ने तीखे शबदों में कहा कि माँ केवल प्रधानमंत्री मोदी की नहीं बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र की आत्मा होती है। विधायक सरिता आर्या ने कांग्रेस पर करारा प्रहार करते हुए कहा प्रधानमंत्री की माता पर जिस भाषा का प्रयोग किया गया है वह महिला शक्ति ही नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष का घोर अपमान है। भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष कविता गंगोला ने स्पष्ट चेतावनी दी कांग्रेस नेतृत्व सोनिया गांधी राहुल गांधी और प्रियंका गांधी देश की हर माँ से सार्वजनिक माफी मांगे यदि ऐसा नहीं किया गया तो महिला मोर्चा सड़कों से संसद तक कांग्रेस के विरुद्ध निर्णायक संघर्ष छेड़ेगा। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष नितिन कार्की ने कांग्रेस के इस कृत्य को बेहद शर्मनाक बताया। इस दौरान दायित्वधारी शांति मेहरा, दिनेश आर्या, जीवंती भट्ट, नीतू जोशी, सभासद गजाला कमाल, काजल आर्या समेत मीरा बिष्ट, नैना जोशी, जिला मंत्री प्रकाश आर्या, शिवांशु जोशी, सुरेश उप्रेती, अजय राजौर, शुभम कुमार सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### उ.मुबंई में होगा सांसद खेल महोत्सव

**मुम्बई, वार्ता।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयुष गोयल ने हॉकी, कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट, फुटबॉल, जेवलिन, शूटिंग, तीरंदाजी खेलों से खिलाड़ियों को जोड़ने के लिए कांदिवली पश्चिम स्थित एमसीए क्लब में सोमवार को उत्तर मुंबई में सांसद खेल महोत्सव की घोषणा की। गोयल ने मुम्बई स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सांसद खेल महोत्सव की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव 21 सितंबर से 25 दिसंबर के बीच व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम खेल को हर घर तक पहुंचाने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य लगभग एक लाख खिलाड़ियों को जोड़ने और भारत में खेले जाने वाले सभी खेलों जैसे हॉकी, कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट, फुटबॉल, जेवलिन, शूटिंग, तीरंदाजी आदि को प्रोत्साहन देने का है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही हम हमारे खिलाड़ियों को अधिकतम सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं जिससे वो देश के साथ-साथ विश्व में भारत का नाम रोशन कर सकें।

### एस20 की नीलामी में एंडरसन और शाकिब उपलब्ध

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन, बांग्लादेश के शाकिब अल हसन नौ सितंबर को होने वाले एसए 20 2026 की नीलामी के लिए उपलब्ध 541 खिलाड़ियों में शामिल हैं। नीलामी के लिए एंडरसन सहित इंग्लैंड के कुल 97 खिलाड़ी उपलब्ध हैं जिसमें मोईन अली, एलेक्स हेल्स और एसए20 2025 फाइनल के प्लेयर ऑफ द मैच टॉम एबेल शामिल हैं। एंडरसन ने टी-20 ब्लास्ट में लैंकशायर के लिए खेलते हुए टी-20 क्रिकेट में 11 वर्षों बाद वापसी की थी, वहीं उन्होंने द हंड्रेड में मैनचेस्टर ऑरिजिनल्स के लिए आठ में से तीन मैच खेले। ऑलराउंडर शाकिब अल हसन और तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान नीलामी के लिए उपलब्ध बांग्लादेश के 14 खिलाड़ियों में शामिल हैं। डी आर्की शॉर्ट और पीटर हत्योंग्लू नीलामी सूची में शामिल केवल दो ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं क्योंकि बीबीएल और एसए20 एक साथ होने वाले हैं। नीलामी में 28 वेस्टइंडीज और 24 श्रीलंकाई खिलाड़ी हैं, जबकि दीपेंद्र सिंह ऐरी नीलामी सूची में शामिल एकमात्र नेपाली खिलाड़ी हैं। एडन मारक्रम, जिन्होंने सनराइजर्स ईस्टर्न केप द्वारा रिटेन न किए जाने का फैसला किया, सूची में दक्षिण अफ्रीका के 300 खिलाड़ियों में प्रमुख हैं, उनके साथ टी-20 विश्व कप 2024 के उपविजेता खिलाड़ी अनरिख नॉर्खिए, क्विंटन डी कॉक, केशव महाराज, तबरेज शम्सी और गेराल्ड कोएत्जी भी शामिल हैं।

# महिला एकदिवसीय विश्व कप के लिए पुरस्कार राशि में चार गुना वृद्धि



**वर्ष 2022 में पुरस्कार राशि 35 लाख अमेरिकी डॉलर थी, जिसे बढ़ाकर 138.8 कर दी**

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए भारत में 30 सितंबर से दो नवंबर तक होने वाले आगामी महिला एकदिवसीय विश्वकप के लिए पुरस्कार राशि में चार गुना से अधिक की वृद्धि की है।

आईसीसी द्वारा आज की गई घोषणा के अनुसार, न्यूजीलैंड में 2022 में खेले गए इस टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में कुल पुरस्कार राशि 35 लाख अमेरिकी डॉलर (लगभग 30-80 करोड़ रुपये) थी। जिसे इस बार बढ़ाकर कुल 138.8 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 117.74 करोड़ रुपये) कर दिया है। यह राशि 2023 में होने वाले पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के लिए निर्धारित पुरस्कार राशि एक करोड़ अमेरिकी डॉलर (लगभग 88 करोड़ रुपये) से भी अधिक है। आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने कहा कि यह घोषणा महिला क्रिकेट के सफर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। पुरस्कार राशि में यह चार गुना वृद्धि महिला क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है और इसके दीर्घकालिक विकास के प्रति हमारी स्पष्ट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमारा संदेश सरल है, महिला क्रिकेटरों को यह पता होना चाहिए कि अगर वे इस खेल को पेशेवर रूप से चुनेंगी तो उनके साथ पुरुषों के समान व्यवहार किया जाएगा। आईसीसी ने टूर्नामेंट के प्रत्येक चरण के लिए पुरस्कार राशि में भी वृद्धि की है। विश्वकप विजेता को अब 44.8 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 39.42 करोड़ रुपये) मिलेंगे। यह 2022 में ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम को मिली 13-2 लाख अमेरिकी डॉलर (11-62 करोड़ रुपये) की राशि से दोगुना से अधिक है। उपविजेता टीम को 22.4 लाख अमेरिकी डॉलर (लगभग 19.71 करोड़ रुपये) मिलेंगे। हारने वाले दोनों सेमीफाइनलिस्टों को 11-2 लाख अमेरिकी डॉलर (9.86 करोड़ रुपये) मिलेंगे।

# जेमी ने टेस्ट क्रिकेट से लिया ब्रेक



● **कहा: मैं खुद को बेहद भाग्यशाली मानता हूं कि मैंने इंग्लैंड के लिए दो टेस्ट मैचों सहित 99 प्रथम श्रेणी मैच खेले है**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर जेमी ओवरटन ने सोमवार को शारीरिक क्षमता का हवाला देते हुए टेस्ट क्रिकेट से अनिश्चितकालीन ब्रेक लेने की घोषणा की। जेमी ओवरटन ने आज सोशल मीडिया मंच पर अपनी पोस्ट में लिखा कि काफी सोच-विचार के बाद, मैंने लाल गेंद वाले क्रिकेट से अनिश्चितकालीन ब्रेक लेने का फैसला किया है। मैं खुद को बेहद भाग्यशाली मानता हूं कि मैंने इंग्लैंड के लिए दो टेस्ट मैचों सहित 99 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं। उन्होंने कहा कि लाल गेंद वाले प्रथम श्रेणी क्रिकेट ने मेरे पेशेवर करियर की नींव रखी है और अब तक मुझे खेल में मिले हर अवसर का प्रवेश द्वार रहा है। यहीं से मैंने खेल सीखा और इसने मेरे लक्ष्यों और महत्वाकांक्षाओं को बल दिया जो मुझे इतने लंबे समय तक प्रेरित करती रहीं। हालांकि, मेरे करियर के इस पड़ाव पर, 12 महीने के कैलेंडर में क्रिकेट की मांगों के साथ, अब हर स्तर पर सभी प्रारूपों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होना, शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से, संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आगे मेरा ध्यान सफेद गेंद वाले क्रिकेट पर रहेगा और मैं उच्चतम स्तर पर खेलने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास जारी रखूंगा।

# चंद्रशेखर-प्रशांत की भारतीय जोड़ी ने किया बड़ा उलटफेर

● **चंद्रशेखर और विजय की भारतीय जोड़ी ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सेमीफाइनलिस्ट जोड़ी को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** भारत के अनिरुद्ध चंद्रशेखर और विजय सुंदर प्रशांत ने यूएस ओपन 2025 टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल वर्ग के पहले दौर में आठवीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी की इवान किंग और क्रिश्चियन हैरिसन की जोड़ी को हराकर बड़ा उलटफेर किया।

मुकाबले में अनिरुद्ध चंद्रशेखर और विजय सुंदर प्रशांत की भारतीय जोड़ी ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए इस साल के फ्रेंच ओपन की सेमीफाइनलिस्ट जोड़ी को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। आठवें गेम में अपनी सर्विस गंवाने के बाद भारतीय जोड़ी ने पहला सेट गंवा दिया, लेकिन दूसरे गेम के छठे गेम में अमेरिकी जोड़ी की सर्विस तोड़कर वापसी की और निर्णायक सेट तक का सफर तय किया। अनिरुद्ध चंद्रशेखर और विजय सुंदर प्रशांत की जोड़ी ने तीसरे सेट में भी अपनी लय बरकरार रखी और शुरुआती गेम में इवान किंग और क्रिश्चियन हैरिसन की सर्विस तोड़कर मैच के बाकी समय तक अपनी सर्विस बचाए रखी। अंतिम क्षणों में वैकल्पिक खिलाड़ी के रूप में ड्रॉ में प्रवेश करने वाली भारतीय जोड़ी दूसरे दौर में ब्राजील के फर्नांडो रोम्बोली और ऑस्ट्रेलिया के जॉन-पैट्रिक स्मिथ की जोड़ी के साथ मुकाबला करेगी। हालांकि, पुरुष युगल ड्रॉ में भारत के ऋत्विक चौधरी बोलिपल्ली और एन- श्रीराम बालाजी की जोड़ी अपने पहले दौर के मैच से आगे नहीं बढ़ पाई। भारतीय जोड़ी बार्ट स्टीवंस और वासिल किरकोव की डच-अमेरिकी जोड़ी के खिलाफ 3-6, 7(10)-6(8), 6-4 से हार गई और साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम से बाहर हो गई।

## टेनिस प्रीमियर लीग का ऐतिहासिक सातवां सीजन अहमदाबाद में

**मुंबई, वार्ता।** अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) के तत्वाधान में आयोजित होने वाली टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) का सातवां सीजन नौ से 14 दिसंबर तक अहमदाबाद के गुजरात विश्वविद्यालय टेनिस स्टेडियम आयोजित होगा। महाराष्ट्र के बाहर पहली बार आयोजित होने वाले टीपीएल के सातवें सीजन में लिएंडर पेस, सानिया मिर्जा, महेश भूपति, रकुल प्रीत सिंह और सोनाली बेंद्रे जैसे दिग्गजों द्वारा समर्थित आठ-फ्रैंचाइजी प्रतियोगिता में एटीपी रैंकिंग में 30 से 50 के बीच रैंकिंग वाले अंतर्राष्ट्रीय टेनिस सितारे, दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन रोहन बोपन्ना सहित भारत के शीर्ष खिलाड़ी शामिल होंगे। टीपीएल के सह-संस्थापक, कुणाल ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि हमें टीपीएल को पहली बार गुजरात में लाकर खुशी हो रही है।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)**

UTTARAKHAND

Email address- eepwdrudrapur@gmail.com

पत्रांक 1977 / 3 ए0सी0 — **अति अल्प कालीन निविदा सूचना** — दिनांक 27/08/2025

महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0,रूद्रपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु सील्ड निविदायें दिनांकः- 11.09.2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं । निविदा प्रपत्र दिनांक 05.09.2023 से 10.09.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में 10.00 बजे पूर्वान्ह से 5:00 बजे सायं तक निम्नलिखित कार्यालयों में से किसी भी कार्यालय में निर्धारित शुल्क देकर प्राप्त किये जा सकते है, तथा दिनांक :- 11.09.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे तक निम्नलिखित किसी भी कार्यालय में निविदा बॉक्स में डाली जा सकती है। 1- कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, चतुर्थ वृत्त, लो0नि0वि0, रूद्रपुर, 2- कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, रूद्रपुर, 3- कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, खटीमा । 4- कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, हल्द्वानी ।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (व्यापार कर अतिरिक्त) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्षिक अनुरक्षण वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत मसीत बहार बजीर सैदलीगंज गिरिंग लिंक मोटर मार्ग में पैच मरम्मत का कार्य। | 28000.00 | 1000.00 + 18%GST | 30 दिन | 1 माह | मार्ग कार्य में "डी" एवं उच्च श्रेणी |
| 2 | वार्षिक अनुरक्षण वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत गदरपुर बलरामनगर-सैदली गंज मोटर मार्ग में पैच मरम्मत का कार्य। | 64000.00 | 2000.00 + 18%GST | 30 दिन | 1 माह | मार्ग कार्य में "डी" एवं उच्च श्रेणी |
| 3 | वार्षिक अनुरक्षण वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत गदरपुर मिलकखानम मोटर मार्ग में पैच मरम्मत का कार्य। | 35600.00 | 1500.00 + 18%GST | 30 दिन | 1 माह | मार्ग कार्य में "डी" एवं उच्च श्रेणी |
| 4 | वार्षिक अनुरक्षण वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत भुरारानी छतरपुर मोटर में पैच मरम्मत का कार्य। | 60000.00 | 2000.00 + 18%GST | 30 दिन | 1 माह | मार्ग कार्य में "डी" एवं उच्च श्रेणी |

निविदा दिनांकः- 12.09.2025 को पूर्वाह्न 01.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष निविदा समिति द्वारा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी अन्य शर्ते निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत / निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0,
रूद्रपुर(ऊधमसिंह नगर)


### केरल पर्यटन मंत्री आज सीताथोड़ें कायकिंग उत्सव का करेंगे उद्घाटन

**पथनमथिट्टा।** केरल के पर्यटन मंत्री पी ए मोहम्मद रियास मंगलवार को सीताथोड़े में राज्य पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित कोडियेरी बालकृष्णन मेमोरियल सीताथोड कयाकिंग महोत्सव के पहले संस्करण का उद्घाटन करेंगे। सुबह 9:30 बजे शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता विधायक केयू जनीश कुमार करेंगे जबकि उपाध्यक्ष चित्तयम गोपकुमार कोन्नी में सीताथोड़े अभिनशमन केंद्र के पास कक्काट्टार नदी में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं को हरी झंडी दिखाएंगे।


**केनरा बैंक** भारत सरकार का उपक्रम **Canara Bank** A Government of India Undertaking

आस्ति वसूली प्रबंधन (एआरएम) ।। शाखा
ए-27, प्रथम तल, हौज खास, नई दिल्ली-110016
ईमेलः cb3038@canarabank.com

**ई-नीलामी बिक्री सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को और विशेष रूप से ऋणी(यों) व गारंटरों को सूचित किया जाता है, कि प्रतिभूति ऋणदाताओं को बंधक/दृष्टिबंधक/प्रभारित नीचे वर्णित चल/अचल सम्पत्ति, जिस पर केनरा बैंक, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा लिया गया है, को "जहां है जैसी है", "जो है जैसी है" और जैसी भी है" के आधार पर नीचे वर्णित दिनांकों को बंधक सम्पत्ति की बिक्री आयोजित की जाएगी। प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और 9 के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन धारा अधिनियम 2002 के अधीन बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया https://baanknet.com/ (मैसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड), (सम्पर्क नं. 8291220220, ईमेल: Support.BAANKNET@psballiance.com या केनरा बैंक की वेबसाइट www.canarabank.com में दिए गए लिंक "ई-नीलामी" को देखें। आरक्षित मूल्य की 10% ईएमडी राशि मैसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड https://baanknet.com/ पोर्टल के ई-वॉलेट में सीधे जमा की जानी है या चालान बनाकर उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करना है।

| क्र. सं. | शाखा का नाम / कर्जदार/गारंटर्स/बंधककर्ता का नाम एवं पता | चल/अचल संपत्ति का विवरण और कब्जे की स्थिति | कुल बकाया राशि | a. आरक्षित मूल्य (रु.) b. धरोहर राशि (रु.) c. बोली वृद्धि (रु.) d. बिक्री सूचना की तिथि | ई-नीलामी की तिथि एवं समय (प्रत्येक 5 मिनट की अवधि के असीमित विस्तार के साथ) / ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व अपॉइंटमेंट लेकर सम्पत्ति का निरीक्षण किया जा सकता है और सम्पर्क व्यक्ति का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आस्ति वसूली प्रबंधन (एआरएम) ।। शाखा **श्री दिव्यम बिष्ट पुत्र श्री राजेंद्र सिंह बिष्ट** निवासी मकान नंबर 167, पदमपुर, सुखरो, आनंद चौक के पास, जिला पौरी, उत्तराखंड 246149 **मेसर्स दिव्यम मोटर्स प्रो. श्री दिव्यम बिष्ट पुत्र श्री राजेंद्र सिंह बिष्ट** निवासी पदमपुर, सुखरो, आनंद चौक के पास, जिला पौरी, उत्तराखंड 246149 **गारंटर: श्री. सत्यपाल सिंह पुत्र श्री लूथी सिंह** निवासी मकान नंबर 319, पदमपुर, सुखरो, अम्बे चौक के पास, जिला पौरी, उत्तराखंड 246149 | सभी आवासीय संपत्ति का ईएमटी, फ्लैट एमजे-504 (छत के अधिकार के बिना), चौथी मंजिल, मधुर जमुना टावर, खाता संख्या 31, खेत संख्या 33 गा और खाता संख्या 22, खेत संख्या 31 खा, गांव सैमलचौड़, पट्टी सुखरो, कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल (उत्तराखंड) में स्थित, श्री दिव्यम बिष्ट पुत्र श्री राजेंद्र सिंह बिष्ट के नाम पर। **कुल भूमि क्षेत्रफल 828.00 वर्ग फुट अर्थात 76.95 वर्ग मीटर। चौहद्दी-** पूर्व- टावर की खाली भूमि पश्चिम- फ्लैट संख्या एमजे 501 उत्तर- साझा मार्ग, फिर फ्लैट संख्या 503 दक्षिण- खाली भूमि (भौतिक कब्जे में) | रु. **37,25,360.07** (रुपये सैंतीस लाख पच्चीस हजार तीन सौ साठ और सात पैसे मात्र) दिनांक **30.06.2025** तक प्लस उस पर 01.07.2025 से अतिरिक्त ब्याज एवं अन्य खर्चे | a. 13,51,000/- b. 1,35,100/- c. 50,000/- d. 30.08.2025 | 25.09.2025 अपराह्न 12.30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच / 24.09.2025 अपराह्न 05.00 बजे तक | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व नियुक्ति श्री दौशांत सरकार (अधिकारी) मो: 9667732023 और श्री मनोज कुमार, (प्राधिकृत अधिकारी) मो: 8826933887 |
| 2. | आस्ति वसूली प्रबंधन (एआरएम) ।। शाखा मेसर्स राशी इंडस्ट्रीज अपने भागीदारों के माध्यम से: 1. श्रीमती शीतल जोशी 2. श्री राकेश जोशी खसरा नंबर 235/सीएच, टाइटन के सामने, हरिद्वार रोड, कुआंवाला, देहरादून-284008-उत्तराखंड मेसर्स राशी इंडस्ट्रीज अपने भागीदारों के माध्यम से: 1. श्रीमती शीतल जोशी 2. श्री राकेश जोशी खाता खतौनी नंबर 501, खसरा नंबर 2093, शांति कुंज लेन नंबर 5, लोअर नत्थनपुर, पीओ-नेहरूग्राम, एसजीआरआर स्कूल के पास, देहरादून-248014-उत्तराखंड **श्री राकेश जोशी पुत्र श्री रविदत्त जोशी** निवासी मकान नंबर 397, राजेश्वरी पुरम, लोअर नाथनपुर, देहरादून-248001 उत्तराखंड **श्रीमती शीतल जोशी पत्नी श्री राकेश जोशी** निवासी मकान नंबर 397, राजेश्वरी पुरम, लोअर नाथनपुर, देहरादून-248001 उत्तराखंड | आवासीय संपत्ति खाता खतौनी संख्या 501 पर स्थित, जो मौजा रायपुर, परगना परवादून, देहरादून में खसरा संख्या 2093 का हिस्सा। यह संपत्ति श्रीमती शीतल जोशी पत्नी श्री राकेश जोशी, निवासी मकान संख्या 397, राजेश्वरीपुरम, लोअर नाथनपुर, देहरादून-248001 के नाम पर है। **चौहद्दी-** पूर्व- 20 फीट चौड़ी सड़क, आकार 18 फीट पश्चिम- दूसरों की गली, आकार 18 फीट उत्तर- दीवार, आकार 72 फीट दक्षिण- दूसरों की भूमि, 72 फीट (संपत्ति बैंक के भौतिक कब्जे में है) | रु. **56,01,799.70** (रुपये छप्पन लाख एक हजार सात सौ निन्यानवे और सत्तर पैसे मात्र) दिनांक 28.10.2018 तक प्लस उस पर 01.11.2018 से अतिरिक्त ब्याज, यदि कोई हो तो, वसूलियों को घटाकर। | a. 17,50,000/- b. 1,75,000/- c. 10,000/- d. 30.08.2025 | 25.09.2025 अपराह्न 12.30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच / 24.09.2025 अपराह्न 05.00 बजे तक | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व नियुक्ति श्री दौशांत सरकार (अधिकारी) मो: 9667732023 और श्री मनोज कुमार, (प्राधिकृत अधिकारी) मो: 8826933887 |
| 3. | आस्ति वसूली प्रबंधन (एआरएम) ।। शाखा **मेसर्स साह ट्रेडर्स (उधारकर्ता)** 15 तिनारा, खत्यारी, अल्मोड़ा, उत्तराखंड-263601 **शशि साह (मालिक एवं बंधककर्ता) पत्नी मुन्ना लाल शाह** जौहरी बाजार, अल्मोड़ा, उत्तराखंड-263601 **पवन साह (गारंटर एवं बंधककर्ता) पुत्र मुन्ना लाल साह** मकान नंबर 16, जौहरी मोहल्ला, अल्मोड़ा, उत्तराखंड-263601 | 1. उत्तराखंड के अल्मोड़ा के जौहरी बाजार में स्थित आवासीय भवन, संपत्ति संख्या 466, क्षेत्रफल 18.12 वर्ग मीटर, श्री पवन शाह पुत्र श्री मुन्ना लाल शाह के नाम पर। **चौहद्दी-** उत्तर- 2.5 फीट चौड़ा मार्ग, दक्षिण- श्री पवन वर्मा की आवासीय संपत्ति, पूर्व- 10.00 फीट चौड़ी गली, पश्चिम- जौहरी बाजार (भौतिक कब्जा) 2. संपत्ति बिचरिंग खाता संख्या 439, खेवट संख्या 2209, गाँव भाग भीतर पट्टी खासपरजा अल्मोड़ा में स्थित। जिसका क्षेत्रफल 25 वर्ग मीटर, जो शशि शाह पत्नी मुन्ना लाल शाह के नाम पर है। **चौहद्दी-** उत्तर- 6 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिण- अन्य भूमि, पूर्व- अन्य भूमि, पश्चिम- 5 फीट चौड़ा रास्ता (भौतिक कब्जा) | दिनांक 30.06.2025 तक केवल रुपये. 77,56,239.13 (रूपये सतहत्तर लाख पचपन हजार दो सौ उनतालीस और तेरह पैसे मात्र) देय, साथ ही 01.07.2025 से ब्याज, व्यय, अन्य शुल्क आदि, यदि कोई हो तो, वसूलियों को घटाकर। | a. 6,85,000/- b. 68,500/- c. 10,000/- d. 30.08.2025 — a. 3,65,000/- b. 36,500/- c. 10,000/- d. 30.08.2025 | 25.09.2025 अपराह्न 12.30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच / 24.09.2025 अपराह्न 05.00 बजे तक | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व नियुक्ति श्री अंकित कृष्ण सांवरे (प्रबंधक) मो: 9457931468 और श्री मनोज कुमार, (प्राधिकृत अधिकारी) मो: 8826933887 |
| 4. | आस्ति वसूली प्रबंधन (एआरएम) ।। शाखा **1. श्रीमती मीनाक्षी सिंह (उधारकर्ता) पत्नी श्री कांत सिंह** अन्नपूर्णा निवास, भीमगोड़ा, खरखरी, हरिद्वार, उत्तराखंड - 249401 **2. श्री श्रीकांत सिंह (सह-उधारकर्ता) पुत्र इलम चंद** सी65 सी शास्त्री नगर, ज्वालापुर, हरिद्वार, उत्तराखंड - 249407 | संपत्ति का समस्त भाग एवं अंश जिसमें आवासीय संपत्ति प्लॉट संख्या डी-6 शामिल है. पूर्व में क्षेत्रफल 30 फीट, पश्चिम में क्षेत्रफल 30 फीट, उत्तर में क्षेत्रफल 33.5 फीट, दक्षिण में क्षेत्रफल 33.5 फीट, कुल क्षेत्रफल 1005 वर्ग फीट यानी 93.40 वर्ग मीटर, खसरा संख्या 300एम का हिस्सा, ग्राम बावली कलंजरी, परगना और तहसील रुड़की, जिला - हरिद्वार में स्थित है। **चौहद्दी-** पूर्व- अन्य व्यक्ति की संपत्ति, पश्चिम- प्लॉट संख्या डी-5 का भाग, उत्तर- अन्य की संपत्ति, दक्षिण- 20 फीट चौड़ा रास्ता CERSAI ID - 400074131348 (सांकेतिक कब्जा) | रु. **25,49,090.75** (रुपये पच्चीस लाख उनचास हजार नब्बे और पिचहत्तर पैसे मात्र) दिनांक 30.06.2025 तक प्लस 01.07.2025 से उस पर अतिरिक्त ब्याज, अन्य खर्चे आदि | a. 25,33,000/- b. 2,53,300/- c. 10,000/- d. 30.08.2025 | 25.09.2025 अपराह्न 12.30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच / 24.09.2025 अपराह्न 05.00 बजे तक | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व नियुक्ति श्री दौशांत सरकार (अधिकारी) मो: 9667732023 और श्री मनोज कुमार, (प्राधिकृत अधिकारी) मो: 8826933887 |

दिनांक: 30.08.2025, स्थान : नई दिल्ली — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक


# दक्षिण कोरिया ने बांग्लादेश को, मलेशिया ने चीनी ताइपे को हराया

**राजगीर, वार्ता।** दक्षिण कोरिया ने सोमवार को बांग्लादेश को हराकर एशिया कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। वहीं मलेशिया की टीम ने चीनी ताइपे को एकतरफा मुकाबले में 15-0 से रौंदा। बिहार स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी हॉकी स्टेडियम, खेले गए क्वार्टर फाइनल के ग्रुप बी में दक्षिण कोरिया ने बांग्लादेश को 5-1 के विशाल अंतर से परा. जित कर सुपर फोर में अपनी जगह पक्की कर ली है।

मैच की शुरुआत से ही दक्षिण कोरियाई टीम ने अपनी आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। टीम के स्टार खिलाड़ी डेन सोन ने शानदार मैदानी गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके दो मिनट बाद ही कोरिया ने पेनाल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। इसके बाद दूसरे क्वार्टर में भी दक्षिण कोरिया का दबदबा बना रखा 16वें मिनट में सिंगबू ली ने मैदानी गोल दागकर स्कोर 3-0 कर दिया। इसके बाद 22वें मिनट में सेयांग ओह ने चौथा गोल दागकर स्कोर 4-0 पहुंचा दिया। इसी दौरान 22वें मिनट में ही शोहानुर शोबुज ने पेनाल्टी कॉर्नर पर बांग्लादेश की टीम के लिए गोल किया। मैच के अंतिम क्षणों में दक्षिण कोरिया ने उन्हें मिले पेनाल्टी स्ट्रोक को अनुभवी खिलाड़ी जिहुन यांग ने गोल दागकर 5-1 के स्कोर के साथ अपनी टीम की जीत पक्की कर दी। वहीं एक अन्य मैच में मलेशिया ने चीनी ताइपे को एकतरफा मुकाबले में 15-0 से हराया।

### रुड़की शहर व देहात जिलाध्यक्ष पद को कांग्रेस ने की राय शुमारी शुरू

# देहात में मुस्लिम पर दावा लगाए, तो होगा सियासी फायदा!

## मुस्लिम समाज के किसी सियासी सूझबूझ व पढ़े लिखे व सर्व समाज की पहचान वाले को लाया जाए मैदान में

अख्तर मलिक

**रुड़की।** मिशन 2027 को सफल बनाने के लिए कांग्रेस ने शहर व देहात क्षेत्र में पार्टी जिलाध्यक्ष पद के लिए राय शुमारी शुरू कर दी है जिसके लिए बाकायदा कांग्रेस के आला नेताओं ने रुड़की शहर व देहात में जिला अध्यक्ष को तलाश करने के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव को बतौर पर्यवेक्षक क्षेत्र में भेजा है। जो पार्टी कार्यकर्ताओं नेताओं से मशवरा कर एक मजबूत जिलाध्यक्ष का चुनाव करेंगें।

अब ऐसे में कांग्रेस को अगर 2027 के विधानसभा चुनाव में अपना बेहतर प्रदर्शन करना है तो कांग्रेस को रुड़की ग्रामीण जिला अध्यक्ष पद पर किसी मजबूत मुस्लिम पढ़े-लिखे काबिल कार्यकर्ता पर दांव लगाना बेहतर होगा। ग्रामीण क्षेत्र में कांग्रेस मुस्लिम समाज के जिला अध्यक्ष के जरिए मुस्लिम समाज को एकजुट कर सकती है जिसका 2027 में कांग्रेस को बडा सियासी फायदा होगा। ऐसा नहीं है कि शहर व देहात में कांग्रेस के पास मजबूत वफादार मुस्लिम समाज के कार्यकर्ता व नेता नहीं है। अगर कांग्रेस के पर्यवेक्षक 2027 को वाकई में फतेह करना चाहते हैं तो ग्रामीण जिला अध्यक्ष पद पर उन्हें ऐसे मजबूत वफादार निष्ठावान कार्यकर्ता को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपनी होगी जो पार्टी का वफादार होने के साथ पढ़ा लिखा व हर समाज में मजबूत पकड़ रखने वाला जाना पहचाना चेहरा हो। जिसकी हर वर्ग समाज में सीधी शिनाख्त हो जो बेबाकी के साथ कांग्रेस की रीती नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने की काबिलियत रखता हो।

**❖2027 में मुस्लिम जिलाध्यक्ष के जरिये समाज को किया जा सकता है एकजुट**

इसलिए कांग्रेस को इस बार कम से कम ग्रामीण जिलाध्यक्ष पद पर ऐसे ही मजबूत सर्व समाज में पहचान रखने वाले निष्ठावान वफादार चेहरे का जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंप कर मुस्लिम समाज को 2027 में पार्टी के हक में एकजुट करना होगा और अगर कांग्रेस के आला नेताओं ने इस पर गंभीरता से गौर नहीं किया तो फिर 2027 में मुस्लिम समाज में एक बार फिर बिखराव लाजमी होगा। क्योंकि 2027 में बसपा का भी मुस्लिम समाज ही सीधा-सीधा टारगेट होगा। और ऐसा भी नहीं है कि मुस्लिम समाज के कांग्रेसी अपनी ग्रामीण जिलाध्यक्ष पद पर दावेदारी नहीं ठोकेंगे। कई दावेदार मैदान में होंगे अब ऐसे में कांग्रेस के पर्यवेक्षक के व आला नेताओं को तय करना है कि कौन 2027 में उनकी उम्मीदों पर खरा उतर सकता है। कौन अपने समाज को एकजुट करके कांग्रेस के साथ लामबंद कर सकता है। कौन सर्वसमाज में अपनी मजबूत पकड़ के साथ जाना पहचाना चेहरा भी है। यह तो अब कांग्रेसियों को ही तय करना है लेकिन 2027 के विधानसभा चुनाव को फतह करने के लिए ग्रामीण जिलाध्यक्ष पद पर मुस्लिम समाज के किसी दमदार पढ़े लिखे निष्ठावान काबिल कार्यकर्ता पर ही दावा लगाना पार्टी के हक में बेहतर फैसला होगा।

## कांग्रेस का वोट बैंक बनकर रह गया मुसलमान

**❖अगर मुस्लिमानों ने अपना सियासी रहनुमा न चुना या किसी भी दल के साथ एकजुटता न दिखाई, तो फिर यूं ही पिटता रहेगा समाज**

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** सूबे व खासकर जनपद हरिद्वार की बात करें तो मुस्लिम समाज केवल कांग्रेस का वोट बैंक बनकर रह गया है और कांग्रेस भी मुसलमान को वोट बैंक के तौर पर ही इस्तेमाल करती आ रही है या यह कहे कि कांग्रेस मुसलमानों को वोट बैंक तक ही सीमित रखना चाहती है। भले ही कांग्रेस की सत्ता रही हो या ना रही हो लेकिन अभी तक सूबे में मुस्लिम समाज केवल कांग्रेस का वोट बैंक ही रहा है।

जब चुनाव नजदीक आते है तो कांग्रेस के बड़े नेता मुसलमान के बीच पहुंच जाते हैं और फिर मुस्लिम समाज के ही कुछ ठेकेदारों के सहारे उनके बीच घुसपैठ करते हैं। या उन्हें अपने फायदे की बयान बाजी के जरिए अपने नजदीक लाने की कोशिश करते हैं उन्हें यह एहसास करते हैं कि अगर हम नहीं होंगे तो तुम्हें विपक्षी दलों (खासकर भाजपा) के जरिये फना कर दिया जाएगा। लेकिन जब मुसलमान किसी विपदा में होते हैं तो कांग्रेस का कोई वाला नेता उनके साथ नहीं खड़ा होता। अब इसमें गलती कांग्रेस की भी नहीं है मुसलमान अपनी इस हालात के लिए खुद जिम्मेदार हैं। ऐसा भी नहीं है कि मुसलमान में सियासी सूझबूझ व काबिल पढ़े लिखे नेता कार्यकर्ता नहीं है। लेकिन जो मुस्लिम समाज के हितेषी काबिल है उनकी अपना मुस्लिम समाज भी नहीं सुनता है। मुस्लिम समाज कांग्रेस के बड़े नेताओं के बहकावे में आसानी से आ जाता है जबकि उत्तराखंड में मुसलमानकी सबसे ज्यादा हितेषी बनने वाली कांग्रेस ने आज तक मुसलमान के लिए कुछ नहीं किया है। राज्य में कांग्रेस की सरकार के दौरान मुसलमानों का कांग्रेस सरकार ने जरा भी भला नहीं किया है। उत्तराखंड में मुसलमान का सबसे बड़ा हितेषी बनने वाले पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भी मुसलमान का केवल वोट के रूप में इस्तेमाल किया है। सरकार का मुखिया रहते हुए भी कभी उनके भले के लिए कुछ नहीं किया है। लेकिन फिर भी मुस्लिम समाज आंख बंद कर कांग्रेस पर ही भरोसा करता है पर कांग्रेस से कोई यह भी नहीं पूछता है कि जब वह एक तरफा हार हो या जीत कांग्रेस की सपोर्ट करता हैं तो फिर वह उनके सुख-दुख में क्यों नहीं खड़े होते हैं। क्यों उनके हितों की रक्षा नहीं करते हैं। इस बार यह जवाब भी कांग्रेसियों से मुस्लिम समाज को पूछना पड़ेगा। तभी आगे चलकर उनका कुछ भला होगा वरना मुस्लिम समाज यहां यूं ही बिखरता रहेगा और पिटता रहेगा ओर कांग्रेस मुसलमानों को भाजपा का डर दिखाकर अपना सियासी फायदा उठाती रहेगी। इसलिए हमें पूरी सियासी सूझबूझ के साथ अपना हित सोचकर सियासी फैसला करना होगा।

## ज्ञानदीप में एनसीसी जूनियर विंग का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** आज शिव पुरम पनियाला रोड स्थित ज्ञानदीप पब्लिक हाई स्कूल में एनसीसी की जूनियर विंग का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एस. चक्रवर्ती, एडम आफिसर कर्नल अजय नौटियाल, सूबेदार जगदीप (एनरौलमेंट आफिसर),हैड आफिसर सत्यनारायण, हवलदार गौतम ,10 यू के बटालियन एनसीसी ,रुड़की उपस्थित रहे। प्रबंधक श्री वासुदेव पंत तथा प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा पंत ने प्रबंध समिति के सदस्यों श्री प्रेम वल्लभ देवरानी, श्री आनंद प्रकाश भारद्वाज एवं श्री जयप्रकाश जोशी के साथ सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर सूबेदार जगदीप एनरौलमेंट आफिसर) ने कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर का मुख्य उद्देश्य देश के छात्रों को अनुशासित, जिम्मेदार और देशभक्त नागरिक बनाना है तथा छात्रों के युवा मन में आत्मविश्वास, साहस, शिष्टाचार और विजयी प्रवृत्ति जैसे गुणों का विकास करना है। उन्होंने चयनित कैडेटों को बधाई दी और एनसीसी के लाभों और मौलिक कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी। प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा पंत ने मुख्य अतिथि को उनके बहुमूल्य विचारों के लिए धन्यवाद दिया। प्रबंधक श्री वासुदेव पंत ने एनसीसी की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह छात्रों को एक बहुमुखी व्यक्तित्व बनाने में मदद करती है।



## रुहालकी में भाजपा नेता सुबोध राकेश का हुआ जोरदार स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर/ज्वालापुर।** ज्वालापुर विधानसभा क्षेत्र के रुहालकी किशनपुर गाँव में चौहान समाज द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर भाजपा नेता सुबोध राकेश का स्वागत कर उन्हें 2027 के विधानसभा चुनाव में समर्थन देने एलान किया। उन्होंने कहा कि ज्वालापुर विधानसभा क्षेत्र में 2027 मजबूत नेता नेतृत्व करें वहीं यही चाहते हैं। सुबोध राकेश की कार्यशैली उन्होंने देखी है 24 घंटे जो क्षेत्र की सेवा में लगे रहते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता सुबोध राकेश ने कहा कि ज्वालापुर विधानसभा क्षेत्र का सम्पूर्ण विकास करना ही उनका लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि विध नसभा क्षेत्र को बदहाली से निकालने के लिए वह 24 घंटे कार्य करने को तैयार है। क्षेत्र के मुख्य मार्गो को सबसे पहले बनाने का कार्य होगा। जहां भी नालों की आवश्यकता होगी वहां नाले निमार्ण कार्य करके जलभराव की समस्या से मुक्त करेंगे।इस दौरान अंकित कुमार जी, कुलजीत चौहान जी, उधम सिंह जी, संजीव सिंह जी, राजीव जी, प्रवीन कुमार जी, ऋषिपाल सिंह जी, दिनेश चौहान जी, चंदन सिंह जी, बलदेव सिंह जी, सतेन्द्र चौहान (मिक्का )जी, प्रदीप चौहान जी, अतुल कुमार जी, ओमीचंद जी, राजू दाल वाला जी, दीपक चौहान जी, अशोक जी, पंडित गौतम जी, सभी ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## नारसन मे बनेगा वे साइड अमीनिटीज, सीएलएफ हुई वार्ता

शाह टाइम्स संवाददाता

**गुरुकुल नारसन।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती आकांक्षा कोण्डे के निर्देशों के अनुसार, सोमवार को नारसन विकासखंड के सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य नारसन विकासखंड के सकौती गांव में प्रस्तावित वे साइड अमीनिटीज (सड़क किनारे यात्री सुविधा केंद्र) के निर्माण पर चर्चा करना था। बैठक में विकासखंड की समस्त क्लस्टर लेवल फेडरेशन (सीएलएफ) के पदाधिकारी शामिल हुए।

जिला परियोजना प्रबंधक संजय सक्सेना ने सीएलएफ पदाधिकारियों को वे साइड अमीनिटीज के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के तहत किन-किन कार्यों को किया जाएगा और फंड का उपयोग कैसे होगा। यह सुविधा केंद्र यात्रियों के लिए उपयोगी साबित होगा। उन्होंने बताया कि इस तरह के केंद्र लोगों को साफ-सुथरे वातावरण के साथ-साथ शौचालय, पार्किंग, जलपान और स्थानीय उत्पादों की बिक्री की सुविधा प्रदान करते हैं। यह केंद्र स्थानीय रोजगार के अवसर भी पैदा करेगा। इस परियोजना के लिए फंड के उपयोग पर भी विस्तृत चर्चा हुई। सीएलएफ के पदाधिकारियों ने इस परियोजना को लेकर अपनी उत्सुकता दिखाई और इसे सफल बनाने के लिए सहयोग का आश्वासन दिया।

### मौसम विभाग द्वारा रेड अलर्ट की संभावना के मद्देनजर

## सीडीओ ने अधिकारियों को दिए अलर्ट रहने के निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** मौसम विभाग द्वारा रेड अलर्ट एवं भारी वर्षा के मद्देनजर जनपद में जलभराव की स्थिति एवं किसी घटना से निपटने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी की अध्यक्षता में तहसील सभागार लक्सर में जिला आपदा प्रबंधन के बैठक आहूत की गई जिसमें जिला स्तरीय एवं तहसील स्तरीय द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि तहसील लक्सर जलभराव की दृष्टिगत सवेंदनशील है इसके लिए यह जरूरी है कि यदि भारी वर्षा के कारण किसी भी क्षेत्र में जलभराव के स्थिति उत्पन्न होती है तो जलनिकासी के लिए सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जलनिकास का कार्य त्वरित गति से किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए है कि भारी वर्षा के कारण यदि कोई परिसंपत्ति एवं परियोजना क्षतिग्रस्त होती है तो उसका तत्काल आंकलन करते हुए आंकलन प्रस्ताव फोटोग्राफ सहित जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय को उपलब्ध करने के निर्देश दिए इसके साथ ही उन्होंने किसी भी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति एवं कोई घटना गठित होने पर इसकी सूचना तत्काल जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय एवं तहसील कार्यालय के कंट्रो रूम एवं बाढ़ चौकियों के कंट्रोल रूम में तत्काल सूचना उपलब्ध करना सुनिश्चित करें ताकि तत्काल आवश्यक कार्यवाही की जा सके। उन्होंने उप जिलाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि जलभराव के स्थिति एवं कोई घटना गठित होने पर लोगों को बचाए जाए राहत शिविर में पहुंचने की कार्यवाही सुनाश्चित की जाए इसके लिए उन्होंने सभी राहत शिवरों में खाद्य सामग्री, बिस्तर,पानी, विद्युत एवं शौचालय की व्यवस्था भी सुनाश्चित कर की जाए। उन्होंने विद्युत विभाग,जल् संस्थान एवं पेयजल निगम को निर्देश दिए है कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर तत्काल विद्युत व्यवस्था सुचारू की जाए तथा क्षेत्र में फील्ड कर्मचारियों से झूलती तारों का भी निरीक्षण किया जाए। उन्होंने जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि कोई भी पेयजल योजना क्षतिग्रस्त होने पर पेयजल आपूर्ति तत्काल सुचारू कराई जाए। बैठक में उप जिलाधिकारी लक्सर सौरभ असवाल,आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत, तहसीलदार लक्सर ,सीओ लक्सर नताशा सिंह, डीएसओ तेजबल सिंह,एसीएमओ डॉ अनिल वर्मा, जिला पंचायत राज अधिआरी अतुल प्रताप सिंह, एनडीआरएफ इंस्पेक्टर अरविंद कुमार,अधिशासी अभियंता यूपीसीएल देवेंद्र कुमार,खंड शिक्षा अधिकारी विमल कुमार, तहसीलदार लक्सर प्रताप सिंह चौहान सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।



## शांति व्यवस्था भंग करने पर एक युवक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** गंगनहर कोतवाली पुलिस ने एक युवक को शांति व्यवस्था भंग करने पर गिरफ्तार किया है।जानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक नवीन कुमार कांस्टेबल पवन नेगी कांस्टेबल लाल सिंह मय वाहन सरकारी के रवाना शुदा देखरेख क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन में थाना क्षेत्र में मामूर थे। दौराने गस्त हम पुलिस कर्मचारी गणों को सूचना मिली कि पश्चिमी अंबर तालाब रुड़की क्षेत्र में एक व्यक्ति आमदा फसाद हो रहा है, इस सूचना पर हम पुलिस कर्मचारी गण मौके पर पहुंचे तो वहां पर मोनू पुत्र पालाराम निवासी पश्चिमी अंबर तालाब रुड़की कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार अपनी बहू के साथ पैतृक जमीन को लेकर आमदा फसाद हो रहा था, जिसे हम पुलिस कर्मचारी गणो द्वारा समझाया गया परंतु नहीं माना और अधिक उग्र होकर आमदा फसाद पर उतारू होने लगा, जिस कारण शांति एवं कानून व्यवस्था भंग होने के दृष्टिगत अभियुक्त उपरोक्त को अंतर्गत धारा 170 बीएनएसएस में गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

## पार्षद व दूसरे पक्ष के बीच हुए विवाद में हुआ समझौता

**रुड़की।** पार्षद और दूसरे पक्ष के बीच हुए विवाद में मौजीज लोगों के बीच बैठकर समझौता हो गया। दोनों पक्षों ने आपसी मनमुटाव खत्म करते हुए भविष्य में कोई विवाद न करते हुए प्रेम सद्भाव से रहने की बात कही है। शनिवार को सोत मोहल्ले में पार्षद शिवम अग्रवाल द्वारा बुजुर्ग को थप्पड़ मारे जाने के बाद दो पक्षों में जमकर विवाद हो गया था। शिवम का आरोप था कि बुजुर्ग द्वारा गाली गलौज की गई है। मामले में दोनों पक्षों के बीच मारपीट और पथराव हुआ इसके साथ ही कोतवाली में भी लात घूंसे चले थे। दोनों पक्षों लईक अहमद और शिवम अग्रवाल की ओर से पुलिस को तहरीर देने के साथ ही मुकदमा दर्ज करवाने की मांग की थी। वहीं अब दोनों पक्षों के बीच मौजीज लोगों के द्वारा समझौता करवाया गया है। दोनों पक्षों को सख्त हिदायत दी है कि किसी प्रकार का विवाद भविष्य में न करें और न ही कोई पोस्ट आदि सोशल मीडिया पर इस संबंध में डाली जाए। वहीं दोनों पक्षों ने भी आपसी मतभेद समाप्त करते हुए प्रेम और सद्भाव से साथ रहने की बात कही है।

## बारिश ने फीकी की उर्स की रौनक, व्यापारियों की उम्मीदों पर फिरा पानी

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** साबिर पाक के 757वें सालाना उर्स का आठवाँ दिन बारिश की भेंट चढ़ गया। सोमवार सुबह से हो रही तेज बारिश ने दरगाह क्षेत्र और मेला मैदान की रौनक को फीका कर दिया। जगह-जगह पानी भरने और कीचड़ बनने से जायरीनों की आवाजाही प्रभावित रही। बारिश का असर सीधे तौर पर दुकानदारों और व्यापारियों की आमदनी पर पड़ रहा हैं। उर्स में बाहर से आए दुकानदारों कि दुकानें ठीक से लग भी नहीं पाई और बारिश ने सारा इंतजाम बिगाड़ दिया। गीली मिट्टी और कीचड़ की वजह से तिरपाल और सामान जम नहीं पा रहे, कई दुकानदारों का सामान भीगकर खराब हो गया है। उनका कहना है कि कारोबार ठप होने से भारी नुकसान की आशंका बढ़ गई है।आमतौर पर इस समय तक मेला क्षेत्र में जायरीनों की चहल-पहल बढ़ जाती है, लेकिन बारिश के बाद चारों ओर सन्नाटा पसर गया। छोटे दुकानदार ही नहीं, बल्कि बड़े होटल, ढाबा और स्थानीय व्यापारी भी मायूस नजर आए। उनका कहना है कि उर्स के दौरान ही पूरे साल का खर्च निकलता है, लेकिन मौसम की मार ने इस बार उम्मीदों को धक्का पहुँचाया है।व्यापारियों ने प्रशासन से पानी निकासी और कीचड़ हटाने की व्यवस्था की मांग की है, ताकि हालात सामान्य हो सकें और जायरीनों व दुकानदारों दोनों को राहत मिले। बाहर से आए दुकानदारों ने कहा हम कई किलोमीटर दूर से आए हैं, लेकिन बारिश और कीचड़ ने दुकानें लगाने ही नहीं दीं। अब तो खर्च निकलना भी मुश्किल लग रहा है।

### लगातार बारिश ने उर्स क्षेत्र की रौनक को कर दिया फीका

## जेएम ने लिया मेला क्षेत्र की व्यवस्थाओं का जायजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** साबिर पाक के 757वें सालाना उर्स को शुरू हुए आठ दिन का समय हो गया है। सोमवार की सुबह से हो रही तेज बारिश ने दरगाह क्षेत्र और मेला मैदान की रौनक को फीका कर दिया। जगह-जगह पानी भरने और कीचड़ होने से जायरीनों की आवाजाही प्रभावित रही। बारिश का असर बाहरी व स्थानीय दुकानदारों और व्यापारियों पर ही नहीं उर्स की व्यवस्थाओं पर भी पड़ा है। साबिर पाक के 757 वे सालाना उर्स के दौरान सोमवार की सुबह से हो रही बारिश का असर उर्स के दौरान की जा रही व्यवस्थाओं पर पड़ता नजर आ रहा है।उर्स में रोजगार करने आए बाहर के दुकानदार अभी अपनी दुकानें ठीक से लग भी नहीं पाए थे और बारिश ने सारा इंतजाम बिगाड़ दिया। बारिश से गीली मिट्टी और कीचड़ की वजह से दुकान लग नहीं पा रही है और कई दुकानदारों का सामान भीगकर खराब होने की कगार पर है। उनका कहना है इस बार उर्स में बारिश के कारण कारोबार ठप होने से भारी नुकसान होने की आशंका बढ़ गई है। अगर देखा जाय तो उर्स में इस समय तक मेला क्षेत्र में जायरीनों की चहल-पहल बढ़ काफी अधिक बढ़ जाती है। लेकिन बारिश के बाद चारों ओर कीचड़ वो जल भराव होने से मेला क्षेत्र में सन्नाटा पसर पसरा हुआ। छोटे दुकानदार से लेकर बड़े होटल, ढाबा और स्थानीय व्यापारी भी इस बार बारिश के कारण मायूस नजर आ रहे हैं।व्यापारीयो का कहना है कि उर्स के दौरान ही कुछ कमाई कर पूरे साल का खर्च निकल जाता है। लेकिन इस बार मौसम की मार ने उनकी उम्मीदों को पानी फिरता नजर आ रहा है। बाहरी व स्थानीय दुकानदारों व व्यापारियों ने प्रशासन से पानी निकासी और कीचड़ हटा कर व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की हैबाहर से आए दुकानदारों का कहना है कि हम अलग अलग जगहों से आए हैं लेकिन बारिश और कीचड़ के कारण दुकानें लगाने में भारी परेशानी हो रही है, अगर ऐसा ही रहा तो अब यहां समान लेकर आना और उसका खर्च निकलना भी मुश्किल हो जाएगा। बारिश के कारण अस्थाई दुकानों व उर्स में लगने वाले बड़े होटल के स्थानों पर जल भराव होने से अब बड़ी परेशानी हो गई है ऐसे में होटल को लगाना भी मुश्किल हो रहा है। बारिश के कारण दरगाह के बाजारों व मेला कोतवाली के मुख्य गेट पर जलभराव वी कीचड़ होने के कारण वहां से गुजर रहे पुलिस कर्मियों व स्थानीय लोगों को भारी परेशानी उठाने को मजबूर होना पड़ रहा है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने कलियर पहुंचकर बारिश में पूरे मेला क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं।



## नारसन क्षेत्र में रात भर हुई बारिश से खेत जलमग्न, किसानों की बढ़ी चिंता

शाह टाइम्स संवाददाता

**नारसन।** रविवार रात नारसन क्षेत्र में भारी बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। रात भर हुई मूसलाधार बारिश के कारण कई किसानों के खेत पूरी तरह से जलमग्न हो गए हैं। खेतों में पानी भर जाने से धान ,गन्ना और चारे की फसल को भारी नुकसान की संभावना है, जिससे किसान चिंतित हैं।

स्थानीय किसानों का कहना है कि जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण बारिश का पानी खेतों से बाहर नहीं निकल पा रहा है। इस वजह से खड़ी फसलें डूब गई हैं। किसानों ने प्रशासन से जल्द से जल्द खेतों से पानी निकालने और मुआवजे की मांग की है। बारिश से प्रभावित एक किसान ने बताया, "इस साल अच्छी फसल की उम्मीद थी, लेकिन इस बारिश ने सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। खेतों में कई फीट तक पानी जमा हो गया है। अगर जल्द ही पानी नहीं निकला तो पूरी फसल बर्बाद हो जाएगी।



# भारत की कूटनीतिक जीत

ट्रम्प से जारी टैरिफ वॉर के बीच चीन के तीसरे बड़े तियानजिननगर में हुए एससीओ समिट में पहलगाम आतंकी हमले की निंदा भारत की कूटनीतिक जीत है। भारत की इस जीत में रूस की भूमिका भी काफी अहम रही है। एससीओ समिट में मोदी–पुतिन और जिनपिंग की जुगलबंदी भी अमेरिका के लिए कड़ा संदेश है। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओद्ध के शिखर सम्मेलन में भारत ने एक उपलब्धि हासिल कर ली है। एससीओ के साझा घोषणापत्र में आतंकवाद की निंदा की गई और पहलगाम आतंकी घटना की भर्त्सना हुई। यह पीएम मोदी की कूटनीतिक जीत है। चीन जो अभी तक पहलगाम पर चुप्पी साधे था और ऑपरेशन सिंदूर के वक्त खुल कर पाकिस्तान के पक्ष में था, वह भी इस घोषणापत्र से सहमत हो गया। दरअसल भारत को यह उपलब्ध्धि हासिल करवाने में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पूरा सहयोग किया। यह निंदा उस मंच से की गई जिसमें पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी मौजूद थे। तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन भी आमंत्रित नेताओं में से थे। इनके अलावा सैन्य परेड में दक्षिण पूर्व एशिया के देशों के राष्ट्रप्रमुख पहुंच रहे हैं। भारत शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में है, इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके सम्मेलन में हिस्सा लेने चीन गए थे। यह 2001 में बना था, तब चीन और रूस के अलावा कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान और किर्गिस्तान इसके सदस्य देश थे। 2017 में भारत भी इस संगठन में आ गया। उसी वर्ष पाकिस्तान भी अस्ताना के शिखर सम्मेलन में पाकिस्तान भी इसका सदस्य देश बना था। आज इसमें बेला रूस को मिला कर 10 देश हैं। इसका पिछला शिखर सम्मेलन पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में 15 और 16 अक्टूबर को हुआ था। उसमें भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नहीं शरीक हुए थे। तब विदेश मंत्री एस। जयशंकर गए थे। 2024 के इस शिखर सम्मेलन में रूस और चीन से पुतिन तथा शी की बजाय उनके देशों के प्रधानमंत्री पहुंचे थे। इसके विपरीत 2025 में चीन के तियानजिन शहर में हुए एससीओ के 30 और 31 अगस्त के शिखर सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री स्वयं गए। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि उन्होंने अमेरिका और उसकी लाबी के देशों से कोई दूरी बना ली हो। भारत आज भी क्वाड से जुड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री के चीन पहुंचने के पूर्व जापान भी गए थे, जो क्वाड का महत्त्वपूर्ण देश है। इस तरह उन्होंने यह संकेत भी दिया कि अमेरिका के प्रति वे कोई कटुता नहीं पाले है। तियानजिन चीन का तीसरा बड़ा शहर है। चीन ने टेक्नोलॉजी में जो तरक्क़ी की है, उसका प्रदर्शन भी किया गया। चीन ने अपनी एआई तकनीक की क्षमताओं का प्रदर्शन भी किया। जो भी उसकी इस तरक्की को देखता है उसकी आँखें फटी की फटी रह जाती हैं। चीन टेक्नोलाजी में अमेरिका से जरा भी पीछे नहीं है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी यह भी अच्छी तरह जानते हैं कि चीन भले पड़ोसी हो और आर्थिक रूप से समृद्ध हो किंतु आज भी वह आर्थिकी में अमेरिका के मुकाबले आधा ही है। अमेरिका 30 ट्रिलियन डॉलर पर खड़ा है, जबकि चीन की अर्थव्यवस्था 18 ट्रिलियन डॉलर की है और भारत मात्र 4 ट्रिलियन डॉलर पर टिका है। इसलिए जाहिर है व्यापार के लिए अमेरिका ही अकेला ऐसा देश है, जहां भारत अपना माल बेच सकता है, खपा सकता है, मगर कोई भी देश अपना स्वाभिमान खत्म कर व्यापार नहीं कर सकता।

## सत्ता के हाथ में धर्म को देंगे, तो हानि ही होगी



लोगों से अपील है कि वे धर्म काज से मंत्री–नेताओं को दूर रखें, धर्म की आड़ में राजनीति समाज के लिए नुकसानदायक है, राजनीतिज्ञ जहां घुसते हैं, आग लगाए बिना नहीं रहते, सत्ता के हाथ में धर्म को देंगे, तो हानि ही होगी, धर्म कार्य, समाज कार्य और राजनीति कार्य अलग– अलग हैं। धर्म व्यक्तिगत श्रद्धा का विषय है, कुछ राजनीतिज्ञ इसका इस्तेमाल करते हैं, इससे विकास और रोजगार का विषय दोयम दर्जे का हो जाता है, बोलना आसान है, करना कठिन है, मैं अधिकारी नहीं हूं, लेकिन मुझे अनुभव है कि जिस क्षेत्र में मैं काम करता हूं, वहां मन से सच बोलने की मनाही है।

–नितिन गडकरी
केंद्रीय मंत्री

# जल प्रलय के सन्देश





तनवीर जाफरी

भारतीय पंजाब के जो जिले इस भीषण जल प्रलय में प्रभावित हुए उनमें गुरदासपुर, पठानकोट, होशियारपुर, कपूरथला, अमृतसर, तरन तारन, फिरोजपुर व फजिल्का के नाम खासतौर पर उल्लेखनीय हैं जबकि लुधियाना और जालंधर में भी बढ़ का प्रभाव देखने को मिला। दर्जनों पुल टूट गए, सैकड़ों पशु बह गए अनेक वाहन तेज बहाव में समा गए। लाखों एकड़ फसल तबाह हो गई, तमाम मकान बह गए या क्षतिग्रस्त हो गए। दर्जनों जगह से हाईवे व मुख्य मार्ग बंद हो गए। और इस प्रलयकारी हालात से जूझने में कई जगह पंजाब का वह किसान स्वयं को असहाय महसूस करता दिखाई दिया जो हमेशा पूरी हिम्मत व हौसले के साथ दूसरों की सेवा सत्कार के लिए तत्पर दिखाई देता है। एक अनुमान के अनुसार राज्य के 500 से अधिक गांव डूबे गए इन गांवों में लगभग 6,600 से अधिक लोग फंसे थे।

भारत के पंजाब राज्य को सबसे उपजाऊ धरती के राज्यों में सर्वोपरि गिना जाता है। इसका मुख्य कारण यही है कि यह राज्य खेती के लिए सबसे जरूरी समझे जाने वाले कारक यानी पानी के लिए सबसे धनी राज्य है। सिंधु नदी की पांच सहायक नदियां सतलुज, ब्यास, रावी, चिनाब और झेलम इसी पंजाब राज्य से होकर बहती हैं। इन पांचों नदियों में केवल व्यास ही एक ऐसी नदी है जो केवल भारत में बहती है शेष सतलुज, रावी, चिनाब और झेलम नदियां भारत से होते हुए पाकिस्तान में भीप्रवाहित होती हैं। यही नदियां जो पंजाब को उपजाऊ भूमि बनाने और यहां की संस्कृति का आधार समझी जाती हैं इन दिनों यही नदियां भारत से लेकर पाकिस्तान तक जल प्रलय का कारण बनी हुई हैं। इन नदियों के उफान पर होने का कारण जम्मू कश्मीर व हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार होने वाली तेज बारिश यहां तक कि अनेक स्थानों पर बादल फटने जैसी घटनाओं को माना जा रहा है।

दरअसल पिछले कुछ दिनों हिमाचल प्रदेश, जम्मू–कश्मीर और पंजाब के जलागम क्षेत्रों में असामान्य रूप से भारी बारिश हुई। कई जिले तो ऐसे भी थे जहां केवल एक ही दिन में पूरे एक महीने की बारिश दर्ज की गई। जैसे केवल अमृतसर और गुरदासपुर में 150–200 मिमी से अधिक वर्षा दर्ज हुई। इससे शहरी जलनिकासी प्रणाली पूरी तरह फेल हो गई। दुर्भाग्यवश हमारे देश के अधिकांश राज्यों में बरसाती जल निकासी प्रणाली प्रायः फेल ही रहती है। भ्रष्टाचारयुक्त निर्माण से लेकर सरकारी अम्लों की अकर्मण्यता व गैर जिम्मेदार जनता द्वारा नाले नालियों में अवांछित वस्तुओं की डम्पिंग यहां तक कि मरे जानवर से लेकर रजाई गद्दे बोतलें प्लास्टक पॉलीथिन आदि सब कुछ नालों व नालियों में फेंक देने जैसी गैर जिम्मेदाराना प्रवृति, जल निकासी प्रणाली के फेल होने में सबसे अहम भूमिका निभाती है।

एक ओर तो भारी बारिश व जलभराव उसके बाद भारत के सबसे विशाल भाखड़ा नंगल डैम, पोंग डैम रणजीत सागर डैम व शाहपुर कंडी जैसे डैम्स से अतिरिक्त पानी का छोड़ा जाना भी पंजाब की बड़े हिस्से की तबाही का कारण बन गया। इन डैम्स से पानी छोड़ना भी इसलिए जरूरी हो गया था क्योंकि इनमें इनकी क्षमता से अधिक जलभराव हो गया था। उदाहरण के तौर पर भाखड़ा डैम का जल स्तर 1,671 फीट तक पहुंच गया था तो पोंग डैम का जलस्तर भी अधिकतम से ऊपर चला गया था। इसी के परिणाम स्वरूप राज्य की सतलुज, ब्यास और रावी नदियां उफान पर आ गईं थीं। भारत से पानी छोड़ने के कारण ही पाकिस्तान के पंजाब प्रान्त में भी बाढ़ आई, जहां रावी, सतलुज और चेनाब नदियां प्रभावित हुईं। इस स्थिति के मद्देनजर भारत ने पहले ही मानवीय आधार पर पाकिस्तान को तीन चेतावनियां जारी कर दी थीं।

भारतीय पंजाब के जो जिले इस भीषण जल प्रलय में प्रभावित हुए उनमें गुरदासपुर, पठानकोट, होशियारपुर, कपूरथला, अमृतसर, तरन तारन, फिरोजपुर व फजिल्का के नाम खासतौर पर उल्लेखनीय हैं जबकि लुधियाना और जालंधर में भी बढ़ का प्रभाव देखने को मिला। दर्जनों पुल टूट गए, सैकड़ों पशु बह गए अनेक वाहन तेज बहाव में समा गए। लाखों एकड़ फसल तबाह हो गई, तमाम मकान बह गए या क्षतिग्रस्त हो गए। दर्जनों जगह से हाईवे व मुख्य मार्ग बंद हो गए। और इस प्रलयकारी हालात से जूझने में कई जगह पंजाब का वह किसान स्वयं को असहाय महसूस करता दिखाई दिया जो हमेशा पूरी हिम्मत व हौसले के साथ दूसरों की सेवा सत्कार के लिए तत्पर दिखाई देता है। एक अनुमान के अनुसार राज्य के 500 से अधिक गांव डूबे गए इन गांवों में लगभग 6,600 से अधिक लोग फंसे थे। अमृतसर के रामदास क्षेत्र में रावी नदी का धुसी बांध टूट गया, जिससे 40 गांव डूब गए। इसी तरह गुरदासपुर में लगभग 150, कपूरथला में करीब 115, और अमृतसर में लगभग 100 गांव इस प्रलयकारी बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुए। गोया इस बार की बाढ़ ने कृषि–प्रधान पंजाब की अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। इस बाढ़ के चलते सैकड़ों घर, 300 से अधिक स्कूल अनेक सड़कें, पुल और बिजली लाइनें आदि क्षतिग्रस्त हो गईं । अमृतसर में गुरुद्वारा बाबा बुढ़ा साहिब डूब गया। कई जगह रेल यातायात बाधित हुआ अनेक ट्रेन्स कैंसिल कर दी गईं। हाईवे टूटने व क्षतिग्रस्त होने के चलते 1,000 से अधिक सड़कें बंद कर गईं । अकेले वैष्णो देवी में बारिश के चलते हुए भूस्खलन से 30 से अधिक मौतें होने की खबर है।

अभी तक जो अनुमान लगाया जा रहे उसके मुताबिक धान, गन्ना व मक्का की लगभग 1.5 लाख एकड़ फसल पूरी तरह डूब गई। पंजाब में लगभग 3 लाख एकड़ से अधिक भूमि जलमग्न हो गई। इन बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों के किसानों को सितंबर–अक्टूबर में होने वाली रबी की फसलों में भी नुकसान की आशंका बनी हुई है। पंजाब में आई बाढ़ से हुआ अरबों रूपए का यह नुकसान खाद्य मुद्रास्फीति को भी प्रभावित करेगा। बाढ़ और बारिश–संबंधी हादसों से भारत व पाकिस्तान में अनेक मौतें भी हुई हैं जबकि अनेक लोग लापता भी हो गए हैं। इसी तरह हजारों पशुओं के बह जाने, मरने,बीमार पड़ने के साथ साथ उनके चारों की भी भारी कमी दर्ज की जा रही है। इन्हीं हालात में बीमारियों का भी खतरा बढ़ गया है। इससे पर्यटन उद्योग भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। आपदा के इस समय में सेना एनडीआरएफ व एसडीआरएफ द्वारा 5,000 से अधिक लोगों की जान बचाई गई व उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। इन ऑपरेशन्स में चिनूक हेलीकॉप्टर, चीता हेलीकॉप्टर,नावें और एम्फीबियन वाहन इस्तेमाल किए गए।

पंजाब और खासकर पहाड़ी क्षेत्रों में होने वाली असाधारण बारिश व बादल फटने जैसी अनेक घटनाओं ने मौसम वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों को हैरत में डाल दिया है। इन हालात के लिए जहां दुर्लभ परिस्थितियों में पूर्वी, दक्षिणी और पश्चिमी मौसम प्रणालियों के एक साथ आने को जिम्मेदार माना जा रहा है वहीं ग्लेशियर का लगातार पिघलते जाना भी बाढ़ को और अधिक भयावह बना रहा है। माना जा रहा है कि यह बाढ़ 1988 की उस भीषण बाढ़ से भी प्रलयकारी है जिसे हजार वर्षों में एक बार आने वाली बाढ़ की संज्ञा दी गई थी। गोया हमें जल प्रलय के इस सन्देश को समझना होगा कि इन हालात के लिए ग्लोबल वार्मिंग के परिणामस्वरूप होने वाला जलवायु परिवर्तन ही सबसे अधिक जिम्मेदार है। और निश्चित रूप से विकास और इसके नाम पर पैदा किए गए ग्लोबल वार्मिंग के यह हालात पूरी तरह मानवजनित हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पुनर्जनन के दौरान अंग की मूल आकृति का निर्माण

वर्ष 2013 में नेचर पत्रिका में मकोतो टेकिओ और उनके साथियों ने बताया था कि नाखूनों की तली में स्टेम कोशिकाएं होती हैं, जो न सिर्फ निरंतर सख्त और किरेटिनयुक्त नाखून बनाने वाली को. शिकाओं में बदलती रहती हैं, बल्कि वे ऐसे संकेत भी भेजती हैं जो उंगली के पुनर्जनन को गति देते हैं।

चाहे सुंदर दिखने के लिए या सफाई और सहूलियत के लिए हम कभी–कभी नाखून काटते हैं, लेकिन थोड़े दिनों बाद ही वे वापस बढ़ जाते हैं। किरेटिन नामक प्रोटीन से बने नाखून हमें क्षति से सुरक्षित रखते हैं। यदि किसी नवजात शिशु की उंगली के ऊपरी पोर वाला हिस्सा (जोड़ के पहले तक की किसी जगह से) कट या टूट जाता है तो उंगली अपनी मूल आकृति में पुनरू बन जाती है।

वर्ष 2013 में नेचर पत्रिका में मकोतो टेकिओ और उनके साथियों ने बताया था कि नाखूनों की तली में स्टेम कोशिकाएं होती हैं, जो न सिर्फ निरंतर सख्त और किरेटिनयुक्त नाखून बनाने वाली कोशिकाओं में बदलती रहती हैं, बल्कि वे ऐसे संकेत भी भेजती हैं जो उंगली के पुनर्जनन को गति देते हैं। गौरतलब है कि स्टेम कोशिकाएं कई प्रकार की कोशिकाओं में तब्दील और विकसित हो सकती हैं। ये कोशिकाएं Wnt संकेत मार्ग को सक्रिय करती हैंय यह प्रक्रिया पुनर्जनन के लिए आवश्यक तंत्रिकाओं को आकर्षित करती है। छिपकली हमारे घरों में एक अनचाहा मेहमान है। हम अक्सर इसे मारने की कोशिश करते हैं, लेकिन अक्सर हाथ केवल इसकी पूंछ ही आती है। भगोड़ी छिपकली अपनी पूंछ छोड़कर भाग निकलती है और उसे फिर से बना लेती है, ठीक नवजात शिशु की घायल उंगली की तरह। इस प्रक्रिया की आणविक जैविकी का सार एलिजाबेथ हचिन्स और उनके साथियों ने 2014 में प्लॉसवन पत्रिका में प्रस्तुत किया था। इस प्रक्रिया को अंजाम देने में 300 से अधिक जीन शामिल होते हैं और इस दौरान घाव को भरने और पूंछ वापस उगाने के लिए कई विकासात्मक और घाव–प्रतिक्रिया पथ सक्रिय होते हैं। हालांकि जंतुओं और वनस्पतियों दोनों में घाव की मरम्मत सम्बंधी शोध पारंपरिक रूप से जीन–नियंत्रित क्रियापथों पर केंद्रित रहा है। लेकिन हालिया शोध विकासात्मक पादप विज्ञान में भौतिक संकेतों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता हैं। भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं शोध संस्थान IISER, पुणे की मेबेल मारिया मैथ्यू और कालिका प्रसाद ने हाल ही में करंट बायोलॉजी में प्रकाशित अपने एक अध्ययन में विकास और पुनर्जनन पर एक कम अध्ययन किए गए लेकिन महत्वपूर्ण कारक पर प्रकाश डाला हैरू कोशिकीय ज्यामिति। शोधकर्ताओं ने अध्ययन में देखा की कि कैसे शंक्वाकार आकृति का मूलाग्र कट जाने के बाद पुनरू अपने आकार में पनप जाता है। उन्होंने पाया कि मौजूदा कोशिकाओं ने अपनी ज्यामिति को बदलकर नई बनी कोशिकाओं की कतार को एक तिरछे, झुके पथ पर संरेखित किया। अंततः को. शिकाओं की इन तिरछी पंक्तियों ने जड़ की शंक्वाकार आकृति का पुनर्निर्माण किया। तकनीकी शब्दों में, इस प्रक्रिया को आकृति–जनन कहा जाता है। आकृति–जनन वह जैविक प्रक्रिया है जो किसी जीव को उसका आकार और संरचना विकसित करने में मदद करती है। इसमें को. शिकाओं की समन्वित वृद्धि, विभाजन, विभेदन और व्यवस्थापन शामिल होता है जिससे ऊतक, अंग और यहां तक कि एक संपूर्ण जीव का निर्माण होता है। मूलाग्र पुनर्जनन की प्रणाली का अध्ययन सरसों परिवार के एरेबिडोप्सिस थैलिआना Arabidopsis thaliana पौधे पर किया गया था। इसमें यह समझा गया था कि को. शिका ज्यामिति में परिवर्तन आकृति–जनन में कैसे योगदान देते हैं और उसे सुगम बनाते हैं। उन्नत सूक्ष्मदर्शी और उपकरणों की मदद से टीम ने देखा कि जड़ों की सामान्य घनाकार कोशिकाओं की आकृति बदलकर समचतुर्भुज हो गई। फिर यह परिवर्तित कोशिकाएं विकर्ण रेखा पर विभाजित हुईं जिससे त्रिकोणीय प्रिज्म आकृति की कोशिकाएं बनीं। विकर्ण रेखा से विभाजन ने आस–पड़ोस की कोशिकाओं की वृद्धि को एक तिरछे पथ पर मोड़ा, जिन्होंने मिलकर कटा हुआ पतला सिरा फिर से बनाया। गणितीय और भौतिक विश्लेषण करने पर पता चला कि इन बदलावों के पीछे जो वास्तविक बल काम करता है वह है आंतरिक यांत्रिक तनाव। यह एक प्रकार का तनाव है जो कोशिकाओं को आकार बदलने और निर्धारित रूप से विभाजित होने के लिए उकसाता है। आकृति–जनन को समझने में जहां लंबे समय से स्टेम कोशिकाएं और जेनेटिक क्रियापथ अध्ययन का केंद्र रहे हैं, वहां यह अध्ययन एक अनदेखे महत्वपूर्ण पहलू पर प्रकाश डालता हैरू कोशिकाएं तनाव में अपनी आकृति को कैसे ढालती हैं। यह दर्शाता है कि कोशिका की आकृति और ज्यामिति ऊतक पुनर्जनन के दौरान आकृति–जनन में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।

–डॉ. डी बालसुब्रमण्यन

# गुमनामी बाबा के कमरे से निकला सामान खास क्यों है



विनीत नारायण

उनके कमरे से जो तमाम बर्तन व रसोई का सामान मिला है उनमें से कुछ विदेशों में निर्मित हैं जो उनके लाइफस्टाइल को दर्शाता है। चूंकि वे होम्योपैथी के अच्छे जानकर थे इसलिए इसकी व दूसरी तमाम दवाइयां भी मिली हैं। आप सोच लीजिए कि गुमनामी बाबा नेताजी सुभाष चंद्र बोस नहीं थे तो और कौन थे?

पिछले हफ्ते नेताजी सुभाष चंद्र बोस के विषय में इस कॉलम में जो मैंने लिखा था उस पर बहुत प्रतिक्रियाएं आई हैं। पाठकों को और जानने की उत्सुकता है। इस विषय में यूट्यूब पर तमाम इंटरव्यू व रिपोर्ट्स हैं। वहां आप 'गुमनामी बाबा' या सुभाष चंद्र बोस' टाइप करके उन्हें देख सकते हैं। विशेषकर अनुज धर, चंद्रचूड़ घोष, शक्ति सिंह, डॉ दिनेश सिंह तोमर, आदि के इंटरव्यू व जी टीवी पर एक 'गुमनामी बाबा का बॉक्स नंबर 26' जैसी रिपोर्ट्स देख, सुनकर आप दंग रह जाएंगे।

पिछले लेख में मैंने उनके कमरे से मिली 2760 वस्तुओं में से कुछ का जिक्र किया था। यहां उन सामानों में से कुछ और का विस्तार से वर्णन कर रहा हूं। ए सूची इतनी प्रभावशाली है कि केवल साधना करने वाले संत का सामान नहीं हो सकता। आप सोचने पर मजबूर हो जाएंगे कि 'गुमनामी बाबा' अगर नेताजी सुभाष चंद्र बोस नहीं थे तो और कौन थे? ए सूची जब मैंने देश के एक सबसे बड़े पुलिस अधिकारी रहे सज्जन को पढ़वाई तो वे भी दंग रह गए।

'गुमनामी बाबा' के कमरे में अंग्रेजी, बंगला व संस्कृत साहित्य की 304 पुस्तकें मिली हैं। वहीं 260 आध्यात्मिक पुस्तकें भी मिली हैं। मेडिकल साइंस पर 118, राजनीति व इतिहास पर 57, रहस्य और तंत्रशास्त्र पर 46, रामायण व महाभारत पर 36, सुभाष चन्द्र बोस पर 34, यात्रा वृतांत ग्रन्थ 33 व ज्योतिष और हस्तरेखा विज्ञान पर 12 पुस्तकें मिली हैं। अब जरा अंग्रेजी की पुस्तकों के लेखकों नाम और उनके लिखे ग्रंथों की संख्या देखिए, चार्ल्स डिकेंस (51), अलेक्सांद्र सोल्जेनित्सिन (11), विल ड्यूरांट (11), शेक्सपियर का लिखा सम्पूर्ण साहित्य व 9 नाटक, टी. लोबसांग रम्पा (10), वाल्टर स्कॉट (8), अलेक्जेंडर डुमास (8), एरिक वॉन डेनिकेन (4), पीजी वोडहाउस (3), कुलदीप नैयर (3) आदि पुस्तकें उनके बक्सों और अलमारी से निकली हैं। ऐसे उच्च कोटि के विश्व. विख्यात साहित्य को पढ़ने वाला कोई भजनानंदी साधु नहीं हो सकता। सभी जानते हैं कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक संपन्न व कुलीन परिवार से थे। आईसीएस (वर्तमान में आईएएस) की परीक्षा में, 1920 में उनकी चौथी रैंक आई थी। आजादी की लड़ाई लड़ने के लिए 1921 में उन्होंने इतनी बड़ी नौकरी से इस्तीफा दे दिया था।

उपरोक्त साहित्य के अलावा, उनके कमरे से रीडर्स डाइजेस्ट, अमरीकी पत्रिका टाइम, इलस्ट्रेटेड वीकली ऑफ इंडिया, ब्लिट्ज, ऑर्गेनाइजर, जुगवाणी, द पायनियर, आज, अमृत प्रभात, अमृत बाजार पत्रिका, आनंद बाजार पत्रिका, दैनिक जागरण, द स्टेट्समैन, टेलीग्राफ, टाइम्स ऑफ इंडिया व अमर उजाला जैसी तमाम प्रतिष्ठित पत्रिकाएं और अखबार भी मिले हैं।

उनके बक्से में से उनके परिवार व निकट के लोगों के 110 चित्र मिले हैं। जिनमें नेताजी के माता–पिता का फ्रेम करा हुआ चित्र, मखमली कपड़े में लिपटा हुआ उनके बक्से में रखा था। शक्ति सिंह के अयोध्या स्थित घर, 'राम भवन' के जिस कमरे में गुमनामी बाबा रहते थे, उसमें दीवार पर मां काली का चित्र टंगा था। जिनकी वे रोज धूप–बत्ती जला कर पूजा करते थे। रोचक बात यह है कि 23 जनवरी को देश भर में जहां भी उनका जन्मदिन मनाया जाता था उसकी खबरों में से सुभाष चंद्र बोस की फोटो निकाल कर संग्रह की गई हैं। इसी बक्से से नेताजी की बचपन से मित्र रहीं और क्रांतिकारी संगठन की नेत्री लीला रॉय, पंडित नेहरू, राजेन्द्र प्रसाद और महात्मा गांधी के चित्र भी मिले हैं।

उनके संगीत संग्रह में महिषासुरमर्दनी स्रोत की रिकॉर्डिंग, रवींद्र संगीत, नजरुल इस्लाम, श्यामा संगीत, केएल सहगल, ज्योतिका रॉय, उस्ताद फैयाज खघन, पं. रवि शंकर का सितार वादन, बिस्मिल्लाह खघं की शहनाई, नेताजी के बचपन से मित्र और मशहूर गायक दिलीप कुमार रॉय के गाए गीत, हेमंत कुमार के गीत, पन्नालाल घोष, लालन फकीर आदि की गायकी के रिकॉर्ड भी मिले हैं। इसके अलावा बॉलीवुड की फिल्म 'सुभाष चंद्र बोस' का पूरा साउंडट्रैक भी मिला है। इंग्लैंड के टाइपराइटर और जर्मनी की बनी दूरबीन, जापानी क्रॉकरी, दो महंगी घड़ियां जिनमें से एक सोने की बनी ओमेगा घड़ी बिल्कुल वैसी है जैसी नेताजी की मां ने उन्हें जन्मदिन पर भेंट की थी, जिसे वो अक्सर पहना करते थे। दूसरी महंगी घड़ी रोलेक्स की है। गोल फ्रेम के 8 चश्में जिसमें से एक का फ्रेम शायद सफेद सोने का है। इन सब सामानों में सबसे भावुक वस्तु है नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पिता जानकी नाथ बोस की एक पुरानी छतरी जो, उनकी यादगार के प्रतीक रूप में गुमनामी बाबा ने सहेज कर रख रखी थी। इस छतरी को नेता जी के भतीजी ललिता बोस ने पहचाना।

उनके कागजों में अयोध्या व काशी के विस्तृत नक्शे, भारत के सड़क मार्गों व फौजी ठिकानों के नक्शे, मध्य एशिया, मध्य पूर्व एशिया व दक्षिण पूर्व एशिया के नक्शे, जिन्हें हाथ से बनाया गया था, भी वहां बरामद हुए हैं। उनके सबसे प्रिय साथी पवित्र मोहन रॉय की संपत्तियों के नक्शे व एक अन्य साथी अतुल कृष्ण गुप्तो की ढाका में छूट गई संपत्ति के नक्शे आदि भी मिले हैं। उनके रहन–सहन के स्तर दर्शाते हुए उनके कमरे से नहाने के 75 साबुन मिले हैं, जो महंगे ब्रांड के हैं, जैसे यार्डले, क्यूटीक्यूरा, पियर्स, पोंड्स, लेवेंडर व डडू आदि। सबको मालूम है कि सुभाष चंद्र बोस 'चेन स्मोकर' थे। वे लगातार सिगरेट पीते थे। उनके सामानों में 'गोल्ड फ्लैक' व 'इंडिया किंग्स', सिगरेट के कई पैकेट, रोल बनाकर सिगरेट बनाने वाले कागज के 15 पैकेट व इन कागजों में भरने वाले तंबाकू के पैकेट और इनको लपेट कर सिगरेट बनाने वाली छोटी सी मशीन, जो इंग्लैंड की बनी हुई है। 3 विदेशी पाइप व तम्बाकू के पैकेट, सिगरेट जलाने वाले लाइटर भी मिले हैं। उनके कमरे में अंग्रेजी व बंगला में हस्त लिखित 1683 पत्र भी मिले हैं। दो भारतीय और एक अमरीकी हस्तलेखन विशेषज्ञों ने यह प्रमाणित किया है कि इन पत्रों पर पाई जाने वाली लिखाई 1935–36 की नेताजी सुभाष चंद्र बोस की लिखाई से पूरी तरह मेल खाती है।

पूजा के सामानों में तीन मुखी व छह मुखी रुद्राक्ष की, स्फटिक व तुलसी की 28 मालाएं मिली हैं। गौमुखी कमण्डल, आचमनी, शिवलिंग, शिवजी व मां काली के चित्र, मैहर की देवी का चित्र, चंदन की लकड़ियां, सिंदूर, आलता, शंख जिसे कान के पास लाने पर वह गूंजता है मिला है। गुमनामी बाबा के कमरे से 13 कमीजें, 4 पैंट, 31 बनियान, 31 चड्डी, 58 धो. तियां, 3 वार्मर, 2 दस्ताने, 2 बरसाती कोट, 30 तौलिए, 1 जैकेट, 2 जोड़ी काले जूते, 1 जोड़ी लाल जूते, चेरी ब्लॉसम की पॉलिश के डिब्बे, जूता चमकाने की क्रीम, खड़ाऊं, बंदर टोपी, 7 गद्दे, राजस्थानी रजाई जिस पर रेशम की कढ़ाई है, चादर व तकिए आदि भी मिले हैं। उनके कमरे से जो तमाम बर्तन व रसोई का सामान मिला है उनमें से कुछ विदेशों में निर्मित हैं जो उनके लाइफस्टाइल को दर्शाता है। चूंकि वे होम्योपैथी के अच्छे जानकर थे इसलिए इसकी व दूसरी तमाम दवाइयां भी मिली हैं। अब आप खुद ही सोच लीजिए कि गुमनामी बाबा अगर नेताजी सुभाष चंद्र बोस नहीं थे तो और कौन थे?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इशारा ट्रम्प की ओर, जिनपिंग बोले: दादागिरी की राजनीति बर्दाशत नहीं

## ट्रम्प का नाम लिए बिना चीन के राष्ट्रपति का एससीओ के मंच से बड़ा हमला

**जिनपिंग ने ऐसी विश्व व्यवस्था की मांग की जो न्याय व समानता पर आधारित हो और जिसमें सभी को भागीदारी का अधिकार हो**

**तियानजिन (चीन)।** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की शुरुआत में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था में धमकी वाले व्यवहार की कड़ी आलोचना की और अधिक निष्पक्षता, न्याय और बहुपक्षीयता की मांग की।

जिनपिंग की ओर से यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब चीन ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से भारत समेत कई देशों पर भारी टैरिफ लगाए जाने की कड़ी निंदा की है। फिलहाल अमेरिका और चीन ने टैरिफ पर एक अस्थाई समझौता किया है, जिसमें ट्रम्प ने बीजिंग पर भारी टैरिफ को फिर से 90 दिनों के लिए टाला है, ताकि बातचीत जारी रह सके। हालांकि, पिछले हफ्ते ट्रम्प ने फिर धमकी दी थी कि अगर चीन अमेरिका को दुर्लभ खनिजों (रेअर-अर्थ मिनरल्स) का निर्यात रोकेगा, तो वह 200 फीसदी टैरिफ लगाएंगे। राष्ट्रपति जिनपिंग ने यह बात 20 से ज्यादा देशों के नेताओं के सामने कही, जिनमें भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और मध्य एशिया, पश्चिम एशिया, दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया के राष्ट्राध्यक्ष शामिल थे।

उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कुछ शक्तिशाली देशों पर हठधर्मिता और शक्ति की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने एक ऐसी विश्व व्यवस्था की मांग की जो न्याय और समानात पर आधारित हो और जिसमें सभी को भागीदारी का अधिकार हो। जिनपिंग ने कहा, लगभग 24 साल पहले जब इस संगठन की स्थापना हुई थी, तब हमने 'शंघाई भावना' की नींव रखी थी। यह भावना आपसी विश्वास, आपसी लाभ, समानता, सलाह-मशविरा, सभ्यताओं की विविधता का सम्मान और साझा विकास की कोशिशों पर आधारित है। हमने अपनी सीमाओं पर सैन्य विश्वास बढ़ाने की व्यवस्था सबसे पहले की, जिससे हमारी लंबी सीमाएं दोस्ती, विश्वास और सहयोग का सेतु बन गईं।

हमने सबसे पहले आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की तीन ताकतों के खिलाफ मिलकर बहुपक्षीय कार्रवाई शुरू की। हमने कानून व्यवस्था और सुरक्षा सहयोग को लगातार आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा, हमने कानून व्यवस्था और सुरक्षा सहयोग को बढ़ाया, मतभेदों को सही तरीके से संभाला और सुलझाया, बाहरी दखल का स्पष्ट रूप से विरोध किया और क्षेत्र में शांति व स्थिरता बनाए रखी। हमने सबसे पहले बेल्ट एंड रोड पहल की शुरुआत की हम हमेशा अंतर्राष्ट्रीय न्याय और निष्पक्षता के पक्ष में खड़े रहते हैं, सभ्यताओं के बीच समावेश और आपसी सीख को बढ़ावा देते हैं और प्रभुत्ववादी सोच और शक्ति की राजनीति का विरोध करते हैं। चीनी राष्ट्रपति ने कहा, भविष्य को देखते हुए हमें आज की चुनौतियों और बदलावों से भरी दुनिया में शशंघाई भावनाश को आगे बढ़ाना चाहिए। हमें मजबूत कदमों के साथ आगे बढ़ना चाहिए और अपने संगठन की संभावनाओं का बेहतर उपयोग करना चाहिए। हमें मतभेदों को किनारे रखकर एकता की राह पकड़नी चाहिए, क्योंकि साझा लक्ष्य ही हमारी ताकत और लाभ का स्रोत हैं। मतभेदों के बीच समानता तलाशने की इच्छा, समझदारी और दूरदर्शिता को दर्शाती है। अपने भाषण में जिनपिंग ने आगे कहा, एससीओ के सभी सदस्य देश एक-दूसरे के दोस्त और साझेदार हैं।




**तियानजिन। चीन में हुए शंघाई सहयोग संगठन (SCO) शिखर सम्मेलन की वैश्विक सफलता ने सदस्य देशों के नेताओं में जोश भर दिया है, रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने जब चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग को (SCO) की खूबियां गिनाईं, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चेहरा भी खुशी से चकम उठा।**

# जिनपिंग का संयुक्त, डब्ल्यूटीओ व्यवस्था को मजबूत करने का आह्वान

**तियानजिन/नई दिल्ली।** चीनी के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों से संयुक्तराष्ट्र पर केंद्रित विश्व व्यवस्था की रक्षा करने का आह्वान किया है।

**■ जिनपिंग ने एससीओ से 'वास्तविक परिणामों और उच्च दक्षता के लिए प्रयास' करने का भी आग्रह किया**

जिनपिंग तियानजिन एससीओ राष्ट्राध्यक्ष परिषद की 25वीं बैठक में बोल रहे थे। जिनपिंग ने चीन की अध्यक्षता में हो रहे इस सम्मेलन के पूर्ण अधिवेशन में अपने संबोधन मे कहा कि हमें न्याय और निष्क्षता को बनाए रखना चाहिए, द्वितीय विश्व युद्ध के इतिहास के बारे में सही दृष्टिकोण को बढ़ावा देना चाहिए, युद्ध की मानसिकता, गुटों के टकराव और धौंस-धमकी का विरोध करना चाहिए और संयुक्त राष्ट्र की केंद्रीय भूमिका वाली अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की व्यवस्था की रक्षा करनी चाहिए। चीनी राष्ट्रपति ने संयुक्त राष्ट्र-केंद्रित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था की रक्षा करने और विश्व व्यापार संगठन को केंद्र में रखते हुए बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली का समर्थन करने का भी आह्वान किया। उन्होंने इस वर्ष एससीओ सदस्य देशों के लिए दो अरब युआन (लगभग 28.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर) के अनुदान की घोषणा की, साथ ही एससीओ इंटरबैंक कंसोर्टियम के माध्यम से अगले तीन वर्षों में 10 अरब युआन के अतिरिक्त ऋण की भी घोषणा की। उन्होंने बताया कि अन्य एससीओ सदस्य देशों में चीन का संचई निवेश पहले ही 84 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो चुका है, जबकि वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार 500 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गया है। चीनी राष्ट्रपति ने एससीओ से 'वास्तविक परिणामों और उच्च दक्षता के लिए प्रयास' करने का भी आग्रह किया।

# भूकंप की तीव्रता और उसका असर...

## आंकड़ों के आईने में देश-विदेश में आए कुछ बड़े भूकंप

**नई दिल्ली।** भूकंप अमूमन हर दिन आते हैं। दुनियाभर में एक दिन में औसतन 55 झटके लगते ही रहते हैं। आइए जानते हैं कि रिक्टर स्केल पर किस तीव्रता का भूकंप कितना खतरनाक हो सकता है।

### 0-1.9 तीव्रता:

इसका एहसास सिर्फ सिस्मोग्राफ पर होता है, किसी को पता नहीं चलता।

### 2-2.9 तीव्रता:

हल्का कंपन महसूस होता है इंसान इसे महसूस कर सकता है।

### 3-3.9 तीव्रता:

ऐसा एहसास होता है जैसे करीब से कोई ट्रक गुज़रा हो।

### 4-4.9 तीव्रता:

खिड़कियां टूट सकती हैं दीवारों पर टंगी फ्रेम गिर सकती हैं।

### 5-5.9 तीव्रता:

फर्नीचर जैसा भारी सामान हिल सकता है और जान-माल के खासे नुकसान की संभावना बन जाती है।

### 6-6.9 तीव्रता:

यह भूकंप विनाशकारी साबित हो सकता है। बड़ी से बड़ी इमारतों की नींव दरक सकती है और ऊपरी मंजिलों को नुकसान हो सकता है।

### 7-7.9 तीव्रता:

इस तीव्रता वाले भूकंप में इमारतें तक ढह जाती हैं जमीन के अंदर पाइप फट जाते हैं। यह भी बेहद विनाशकारी हो सकता है। पिछले साल फरवरी में तुर्की और सीरिया में आए 7.8 तीव्रता के भूकंप ने भारी तबाही मचाई थी जिसमें 50000 से अधिक लोग मारे गए और लाखों ज़ख्मी हुए थे। कई शहर पूरी तरह तबाह हो गए थे।

### 8-8.9 तीव्रता:

इस तीव्रता वाला भूकंप पूरे शहर को नुकसान पहुंचा सकता है। इमारतें और बड़े-बड़े पुल भी नहीं झेल पाते और ध्वस्त होकर गिर जाते हैं। साथ ही समुद्र में सुनामी आने का गंभीर खतरा बना रहता है।


### 9 या उससे अधिक तीव्रता:

यह सबसे ज्यादा विनाशकारी भूकंप होता है। मैदान में खड़े शख्स को धरती लहराती हुई दिखाई देगी और बहुत बड़े सुनामी का खतरा रहेगा। इस तरह के भूकंप कभी-कभार ही आते हैं। अब तक दुनिया में सिर्फ 5 बार ही 9 या उससे अधिक की तीव्रता वाले भूकंप आए हैं।

**दुनिया के कुछ सबसे भीषण भूकंप**

**1952 (रूस):** पांचवां सबसे बड़ा भूकंप, तीव्रता 9.0 दुनिया में यह पहली बार 9.0 की तीव्रता वाला भूकंप था। इस दौरान सुनामी आई और करोड़ों रुपये की संपत्ति बर्बाद हो गई।

**1960 (चिली):** दुनिया का सबसे भीषण भूकंप, तीव्रता 9.5। इसे 'ग्रेट चिली अर्थक्वेक' के नाम से भी जाना जाता है। इसमें करीब 1655 लोग मारे गए और 20 लाख से अधिक बेघर हुए।




**1964 (अलास्का, अमेरिका):** दूसरा सबसे भीषण भूकंप, तीव्रता 9.2 इसमें 130 लोग मारे गए और 2.3 बिलियन डॉलर की संपत्ति का नुकसान हुआ।

**2004 (सुमात्रा, इंडोनेशिया):** तीसरा सबसे भीषण भूकंप। इसका असर भारत के अंडमान निकोबार द्वीप तक दिखा। बड़े-बड़े सुनामी लहरें उठीं जिसने कई देशों को अपनी चपेट में लिया। 2.80 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई और दक्षिण एशिया व पूर्वी अफीका में 11 लाख लोग बेघर हुए।

**2011 (तोहोकु, जापान):** चौथा सबसे विनाशकारी भूकंप, तीव्रता 9.1। इससे पूरे क्षेत्र में सुनामी आ गई। 15,000 से अधिक लोग मारे गए और 1.30 लाख से अधिक लोगों को घर छोड़ना पड़ा।

# देश में आए भूकंप...

**1. किन्नौर भूकंप, हिमाचल प्रदेश (19 जनवरी, 1975)**

- **परिमाण:** 6.8
- **स्थान:** किन्नौर जिला, हिमाचल प्रदेश
- **प्रभाव:** यह भूकंप ऊपरी सतलुज घाटी में आया था। इसके कारण लगभग 60 लोगों की मौत हुई और कई गांवों में भारी क्षति हुई। भूस्खलन और चटानों के गिरने से भी काफी नुकसान हुआ था।

**2. बिहार-नेपाल भूकंप (21 अगस्त, 1988)**

- **परिमाण:** 6.9
- **स्थान:** भारत-नेपाल सीमा पर (बिहार में दरभंगा, सहरसा, मुजफ्फरपुर और पूर्णिया जैसे जिले प्रभावित हुए)
- **प्रभाव:** इस भूकंप में भारत और नेपाल दोनों में 1000 से अधिक लोगों की जान गई थी, जिनमें से सैकड़ों भारत में थे। हजारों लोग घायल हुए और बड़े पैमाने पर संपत्ति का नुकसान हुआ।

**3. उत्तरकाशी भूकंप, उत्तराखंड (20 अक्टूबर, 1991)**

- **परिमाण:** 6.8
- **स्थान:** उत्तरकाशी जिला, उत्तराखंड (तब उत्तर प्रदेश का हिस्सा)
- **प्रभाव:** गढ़वाल हिमालय क्षेत्र में आए इस भूकंप में 760 से अधिक लोगों की मौत हुई और लगभग 5,000 लोग घायल हुए। हजारों घर नष्ट हो गए, जिससे बड़े पैमाने पर विस्थापन हुआ।

**4. लातूर भूकंप, महाराष्ट्र (30 सितम्बर, 1993)**

- **परिमाण:** 6.2
- **स्थान:** लातूर और उस्मानाबाद जिले, महाराष्ट्र
- **प्रभाव:** यह भारत के सबसे घातक भूकंपों में से एक था, क्योंकि यह एक स्थिर महाद्वीपीय प्लेट क्षेत्र में आया था, जहाँ भूकंपों की उम्मीद कम होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### कृति सैनन बनीं यूएनएफपीए की मानद राजदूत



**मुंबई।** संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष इंडिया ने बॉलीवुड अभिनेत्री, निर्माता और उद्यमी कृति सैनन को लैंगिक समानता के लिए अपना मानद राजदूत नियुक्त किया है। कृति सैनन अपनी नई भूमिका में, महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों और कल्याण की वकालत करेंगी और सशक्तिकरण, शिक्षा, लैंगिक हिंसा को समाप्त करने और सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपना समर्थन प्रदान करेंगी। कृति सनोन ने अपनी नई भूमिका के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि लैंगिक समानता के लिए यूएनएफपीए इंडिया की मानद राजदूत के रूप में शामिल होकर मुझे बेहद सम्मानित महसूस हो रहा है।

### क्रैश हुआ पाक सेना का हेलिकाप्टर, पांच जवानों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे कश्मीर (पीओके) के गिलगित- बाल्टिस्तान क्षेत्र में सोमवार तड़के सेना का एक हेलिकाप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें पांच सैन्यकर्मी मारे गए। मृतकों में दो अधिकारी भी शामिल हैं। पाकिस्तानी सेना की ओर से जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक, एमआई-17 हेलिकाप्टर नियमित प्रशिक्षण मिशन पर था, जिसमें उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी आ गई।

# भारत को कमतर आंकना नासमझी, मोदी और जिनपिंग की मुलाकात अमेरिका को एक बड़ा संदेश

**एक चीनी भू-राजनीतिक विशेषज्ञ ने पीएम मोदी व शी जिनपिंग की मुलाकात को ऐतिहासिक बताया**

**अमेरिका दबाव बनाना चाहता है, उसे चिंता है कि भारत गुटनिरपेक्ष दुनिया का नेतृत्व कर सकता है: टैंगन**

**बीजिंग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को चीन के तियानजिन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। इस मुलाकात पर पूरी दुनिया की निगाहें रहीं।

दरअसल दोनों नेताओं की मुलाकात ऐसे समय हुई, जब अमेरिका की ट्रम्प सरकार की टैरिफ नीति ने पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था में उथल पुथल मचाई हुई है। एक चीनी भू-राजनीतिक विशेषज्ञ ने पीएम मोदी और शी जिनपिंग की मुलाकात को ऐतिहासिक बताया और कहा कि यह अमेरिका लिए एक कड़ा संदेश है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ताइहे इंस्टीटयूट के वरिष्ठ फेलो एइनार टैंगन ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प भारत को मजबूर करना चाहते थे, लेकिन भारत जैसे देश को, जो बाजारों और श्रम के लिए इतना महत्वपूर्ण है, उसे कमतर आंकना, मुझे नहीं लगता कि यह ठीक है। उन्होंने सुझाव दिया कि नई दिल्ली के पास इस धौंस जमाने वाले देश का सामना करने का अवसर है। टैंगन ने एनडीटीवी पर एक पैनल चर्चा के दौरान कहा कि पीएम मोदी और शी जिनपिंग की यह बैठक केवल भारत और चीन के बारे में नहीं थी, बल्कि कई देशों की चिंताओं के बारे में भी थी, जो अमेरिका के टैरिफ से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि यह अहम पल है, जो वाशिंगटन को भारत के प्रति उसके मनमाने व्यवहार के लिए एक कड़ा संदेश देता है। टैंगन ने कहा कि अमेरिका भारत पर दबाव बनाना चाहता है। उसे चिंता है कि भारत गुटनिरपेक्ष दुनिया का नेतृत्व कर सकता है और अमेरिका को बता सकता है कि आप हमारे साथ औपनिवेशिक खेल नहीं खेल सकते और हमें चीन, रूस और कई अन्य देशों सहित एक-दूसरे के खिलाफ नहीं खड़ा कर सकते। अमेरिका ने रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है, जिसके बाद भारत पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है। भारत ने इसे अनुचित बताया है। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि ट्रम्प, भारत-पाकिस्तान संघर्षविराम का श्रेय न देने के लिए भारत से नाराज हैं और टैरिफ नीति के पीछे ये भी एक बड़ी वजह है।

## अफगान में भीषण भूकंप के बाद हर ओर तबाही का मंजर

# वैश्विक संस्थाओं ने बढ़ाए मदद के हाथ

**काबुल।** अफगानिस्तान में आए भीषण भूकंप के बाद अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएं सहायता पहुंचाने एवं राहत-बचाव कार्यों में तेजी ला रही हैं। तालिबान अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि इस विनाशकारी भूकंप में कम से कम 800 लोग मारे गए जबकि 2500 से अधिक घायल हुए हैं।

**■ भूकंप की तीव्रता 6.0 आंकी गई, कई शहरों में अधिकतर गांव तबाह हो गए**

इससें कुनार और नांगरहार क्षेत्रों में अधिकतर गांव पूरी तरह नष्ट हो गए हैं। सीबीएस न्यूज़ ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने भूकंप की तीव्रता 6.0 आंकी है और यह स्थानीय समयानुसार रविवार रात 11:47 बजे आया जिसका केंद्र नांगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर से लगभग 27 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में आठ किलोमीटर की गहराई में था। इसकी वजह से यह ज्यादा विनाशकारी साबित हुआ है।

भूकंप के बाद भी कई झटके महसूस किए गए जिनमें आज सुबह 5.2 तीव्रता का एक हल्का झटका भी शामिल था जिससे स्थानीय लोग अपने घरों से बाहर आ गए। दक्षिण में 350 किलोमीटर से भी जयादा दूर काबुल और इस्लामाबाद तक इसके झटके महसूस किए गए, जहां इमारतें हिल गई थी। अफगानिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता शराफ़त ज़मान ने पुष्टि की है कि अधिकांश मौतें कुनार प्रांत में हुई जहां 610 से जयादा लोगों की मौत और 1300 से जयादा लोगों के घायल होने की पुष्टि हुई है।

नांगरहार में भी कम से कम 12 लोगों की मौत और सैकड़ों लोगों के घायल होने की खबर है। आपदा क्षेत्र के वीडियो फुटेज में स्थानीय लोगों को अंधेरे में अपने हाथों से ढहे हुए घरों को खोदते हुए, मलबे के नीचे से जीवित बचे लोगों एवं शवों को बाहर निकालते हुए देखा गया। हेलीकॉप्टरों और एम्बुलेंसों ने घायलों को अस्पतालों तक पहुंचाया जबकि अस्थाई स्ट्रेचरों की मदद से अन्य लोगों को चिकित्सा टीमों तक पहुंचाया जा रहा था।

# पुतिन से मिले प्रधानमंत्री मोदी

## कहा: संकट में एक-दूसरे का साथ दिया है भारत-रूस ने

**तियांजिन/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका की विभिन्न देशों पर आयात शुल्क लगाए जाने की घोषणा से दुनिया भर में मची उथल-पुथल के बीच सोमवार को यहां तियांजिन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर महत्वपूर्ण चर्चा की।

उन्होंने कहा कि भारत तथा रूस हमेशा कठिन समय में एक दूसरे के साथ खड़े रहे हैं तथा उनकी साझेदारी दोनों देशों के साथ-साथ वैश्विक शांति, स्थिरता तथा समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है। चीन की दो दिन की यात्रा के अंतिम दिन स्वदेश रवाना होने से पहले मोदी ने तियांजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्र प्रमुखों के 25 वें सम्मेलन के समापन के बाद पुतिन के साथ बातचीत में रूस-यूक्रेन संघर्ष के जल्द समाप्त होने की भी उम्मीद जताई। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं ने आर्थिक, वित्तीय तथा ऊर्जा क्षेत्रों सहित द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की और द्विपक्षीय संबंधों में मजबूती पर संतोष व्यक्त किया।

उन्होंने दोनों देशों के बीच विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। मोदी ने दोनों देशों के बीच प्रगाढ संबंधों तथा नियमित संपर्क का उल्लेख करते हुए कहा कि हम लगातार संपर्क में रहे हैं। दोनों पक्षों के बीच नियमित रूप से कई उच्च स्तरीय बैठकें भी हुई हैं। इस वर्ष दिसम्बर में हमारे 23 वें शिखर सम्मेलन के लिए 140 करोड़ भारतीय उत्सुकतापूर्वक आपका इंतजार कर रहे हैं।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करें:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104



अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP RAKSHAK®
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acnc) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311







यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

